सूर्योदय 7:05 सूर्यास्त 6:06

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,233.64 |
| निफ्टी | 25,953.85 |
| सोना 1,58,421 | चांदी 2,61,558 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 12 फरवरी 2026 | 30 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 46, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली पुलिस ने पेंगुइन इंडिया को भेजा नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के लीक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पेंगुइन इंडिया को नोटिस भेजा है। पुलिस ने नोटिस के जरिए कंपनी से कई सवाल पूछे हैं और जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दर्ज एफआईआर में आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं भी जोड़ी गई हैं। यह कार्रवाई सोशल मीडिया और कुछ ऑनलाइन न्यूज फोरम पर मिले इनपुट के आधार पर की गई, जिनमें दावा था कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी सर्कुलेट हो रही है।

### कनाडा के स्कूल में हुई गोलीबारी, 9 की मौत

**एजेंसी, ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टंबलर रिज शहर में मंगलवार को एक हाई स्कूल में गोलीबारी हुई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस घटना में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। अभी तक ये जानकारी नहीं आई है कि मरने वालों में कोई छात्र है या नहीं। स्कूल को एहतियातन बंद कर दिया गया है। इलाके के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि हालात काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग अपने परिवार वालों को ढूंढने के लिए बाहर निकल आए हैं, वे घर लौट जाएं। (अनंत ज्ञान)

### मोहाली में स्कूल-कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, मोहाली।** मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस ई-मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ई-मेल मिलने के बाद स्कूल के आसपास का पूरा इलाका सील कर दिया गयाइसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है। धमकी का पता चलते ही मोहाली पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई है। (अनंत ज्ञान)

### शादी से लौट रहे 6 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**एजेंसी, दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-21 पर कैलाई के पास मंगलवार देर रात को स्विफ्ट डिजायर कार और ट्रेलर की भीषण टक्कर हुई। हादसे में कार सवार सहित सभी छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कुल छह लोग घायल हुए, सभी को इलाज के लिए सिकंदरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- जुन्गा अस्पताल में चिकित्सकों ने बचाई युवक की जान -पेज 2
- हिमाचल में रेल विस्तार को मिली रफ्तार, बजट 25 गुना बढ़ा -पेज 3
- भनाला और बोडुसरना पंचायत के बाशिंदों को मिला नया फुटब्रिज -पेज 5
- कुकलाह में नहीं बाखली में पुल बनने की संभावना -पेज 9
- पं. दीनदयाल का जीवन सादगी का प्रतीक: जयराम ठाकुर -पेज 11

# अब जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम्, सभी 6 पैरा गाना जरूरी

## स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने दिशा-निर्देशों में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम्' गाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम् गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी।

### राष्ट्रपति के आगमन और झंडारोहण जैसे कार्यक्रमों में गाया जाएगा




**नई** गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले गैर-औपचारिक लेकिन जरूरी कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते इसे पूरा सम्मान और शिष्टाचार के साथ पेश किया जाए। 10 पेजों के आदेश में, सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वंदे मातरम् बजाया जाएगा।

### सिनेमाघरों में 'वंदे मातरम्' बजाना अनिवार्य नहीं

हालांकि, सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम्' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा। केंद्र इस समय वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बंकिम चंद्र ने 1875 में लिखा था, 1882 में छपा था आनंदमठ में

**भारत** के राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के पावन अवसर पर लिखा था। यह 1882 में पहली बार उनकी पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में छपा था। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम गाया। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गई थीं।

## सीएम सुक्खू पूर्व जयराम सरकार पर हुए हमलावर, पूछा-70 हजार करोड़ मिले, फिर क्यों नहीं चुकाया कर्ज

# हमने बचाया पैसा, भाजपा ने लुटाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली से लौटने ही मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं पर तीखा प्रहार किया और कहा कि व्यक्तिगत राजनीति छोड़कर उन्हें प्रदेश हित में आगे आना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि हमारी सरकार ने जनवरी, 2023 से फिजूलखर्ची पर लगाम लगाकर पैसा बचाया, जबकि पूर्व भाजपा सरकार को केंद्र से पांच वर्ष में लगभग 70,000 करोड़ रुपए की विभिन्न मदों में सहायता मिली, जिसमें आरडीजी, जीएसटी मुआवजा और अंतरिम अनुदान शामिल हैं। यदि उस राशि का विवेकपूर्ण उपयोग होता तो प्रदेश आज कर्ज के बोझ तले न दबता, लेकिन जयराम सरकार ने उस पैसे को फिजूलखर्ची में लुटा दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) की समाप्ति से वर्ष 2026 से 2031 तक हिमाचल प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी बंद करना प्रदेश के लोगों के अधिकारों पर आघात है और यदि भाजपा नेता वास्तव में प्रदेश के हितैषी हैं तो उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर इसकी बहाली की मांग करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई बार भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे प्रदेश सरकार के साथ मिलकर केंद्र के समक्ष एकजुट होकर प्रदेश का पक्ष रखें, लेकिन राजनीतिक कारणों से ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम से मुलाकात के दौरान 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के संभावित प्रभावों पर विस्तृत चर्चा हुई। चिदंबरम ने इस विषय को उचित मंच पर उठाने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 275(1) में राज्यों की आय-व्यय की स्थिति को ध्यान में रखने का प्रावधान है और पर्वतीय व छोटे राज्यों के हितों की रक्षा आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार को पिछली सरकार से 75,000 करोड़ रुपए कर्ज और लगभग 10,000 करोड़ रुपए की देनदारियां विरासत में मिलीं। इसके बावजूद वित्तीय अनुशासन, नीतिगत सुधार और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के कारण तीन वर्षों में 3,800 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की गई है।



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### आरडीजी बंद होने से हर वर्ष 10 हजार करोड़ का नुकसान

### आईएफएस पदों को 110 से घटाकर 86 किया

**सीएम** ने कहा कि प्रशासनिक ढांचे में सुधार करते हुए आईएफएस पदों की संख्या 110 से घटाकर 86 की गई है तथा कुछ स्कूलों और कॉलेजों का विलय कर खर्च कम किया गया है। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद प्रदेश 'व्यवस्था परिवर्तन' के माध्यम से आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है और प्रदेश के संसाधनों पर अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी।

## आज होगी कैबिनेट की अहम बैठक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में उभरे वित्तीय संकट और बदले सियासी हालात के बीच वीरवार को राज्य मंत्रिमंडल की अहम बैठक होने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे से लौटने के बाद इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बीते 8 फरवरी को भी मंत्रिमंडल की बैठक हो चुकी है, लेकिन हालिया आर्थिक दबाव और केंद्र स्तर पर लिए गए कुछ फैसलों के बाद प्रदेश में बना तनावपूर्ण माहौल अब सरकार के सामने नई चुनौतियां खड़ा कर रहा है। ऐसे में इस कैबिनेट बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार 16 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर कैबिनेट में विस्तृत चर्चा हो सकती है। राज्यपाल के अभिभाषण के मसौदे को मंजूरी, बजट पेश करने की संभावित तिथि तय करना और सत्र की अवधि को लेकर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। अभी तक संकेत हैं कि सत्र के शुरुआती तीन दिन 16 से 18 या 19 फरवरी तक चल सकते हैं, लेकिन पूरे सत्र की अवधि और बैठकों की संख्या पर स्थिति साफ नहीं है। ऐसे में सरकार की रणनीति और वित्तीय प्रबंधन पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी।

## सरकार ने कल फिर बुलाई सर्वदलीय बैठक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद होने के बाद पैदा हुई आर्थिक चुनौतियों के बीच राज्य सरकार ने 13 फरवरी को फिर से सचिवालय में सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला किया है। यह बैठक सुबह 11 बजे होगी, जिसमें राज्य के सामने खड़ी वित्तीय तंगी और उसके समाधान पर सामूहिक रणनीति बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक की जानकारी उद्योग, संसदीय कार्य एवं श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आधिकारिक पत्र जारी कर दी है। पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है ताकि प्रदेशहित में ठोस निर्णय लिया जा सके। सरकार का तर्क है कि आरडीजी बंद होने से राज्य की माली हालत पर दबाव बढ़ा है, जिससे विकास योजनाओं, कर्मचारियों के दायित्वों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में केंद्र से संभावित मदद, संसाधनों के पुनर्संतुलन और खर्चों में प्राथमिकता तय करने जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। राजनीतिक हलकों में अब सबसे बड़ा सवाल भारतीय जनता पार्टी के रुख को लेकर है। इससे पहले भी सरकार द्वारा बुलाई गई बैठकों में भाजपा ने दूरी बनाई थी, ऐसे में इस बार बजट सत्र से ठीक पहले बुलायी गई इस सर्वदलीय बैठक में उसका रुख क्या होगा, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं। अगर विपक्ष बैठक में शामिल होता है तो केंद्र से राहत पैकेज या विशेष वित्तीय सहयोग के लिए साझा प्रस्ताव की जमीन तैयार हो सकती है।

# रोजगार और स्टार्टअप्स के लिए ठोस रोडमैप तैयार: सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को बजट बहस पर लोकसभा को संबोधित करते हुए बजट की रणनीतिक प्राथमिकताओं के बारे में बताया और इससे जुड़े तथ्यों को सुव्यवस्थित तरीके से सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने श्रम प्रधान क्षेत्रों को बजट में प्राथमिकता दी है। इसके तहत बायोफार्मा सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्टार्टअप्स के विस्तार के लिए उन्हें बड़े डोमेन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताते हुए वित्त मंत्री ने साफ किया है कि मेगा टेक्सटाइल पार्कों के विकास के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम करने को पूरी तरह तैयार है।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'इस बजट में सकल कर प्राप्तियां 44.04 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। यह 2025-26 के अनुमानित राजस्व से लगभग 8% अधिक है, यानी इसमें 3.26 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। यदि हम 2026-27 के कुल व्यय को देखें, तो यह 53.47 लाख करोड़ रुपए है, जो हमारी कर प्राप्तियों से कहीं अधिक है। पूंजीगत व्यय 12.22 लाख करोड़ रुपए आंका गया है, जो जीडीपी का 3.1% है और 2025-26 के अनुमानित राजस्व से 11.5% अधिक है।' निर्मला सीतारमण ने बजट पर परिचर्चा के दौरान लोकसभा में बोलते हुए कहा, '16वें वित्त आयोग ने 2018-19 से 2022-23 तक केंद्र की ओर से राज्यों को हस्तांतरित किए गए राज्य के हिस्से का विश्लेषण किया और निष्कर्ष निकाला कि इन सभी वर्षों में केंद्र की ओर से किया गया हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिश से बिलकुल मेल खाता है। इसलिए, हम अकेले नहीं हैं जो यह दावा कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी को बजट पढ़कर आना चाहिए

**सीतारमण** ने कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत हैं। इनको बजट सही से पढ़कर आना चाहिए। महंगाई पूरी तरह कंट्रोल है। इनकी आदतें अबोध बालक जैसी हैं। कांग्रेस के लोगों को मेरा जवाब सुनने की क्षमता रखनी चाहिए। ये कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। ट्रेड फेलिसिटेशन पर साइन करके आ गए थे। और भारत के फायदे के लिए उसमें कुछ नहीं थी। किसानों के हक से समझौता करने वाली कांग्रेस है।

## अमेरिका संग ट्रेड डील में भारत को बड़ी राहत

# 500 अरब डॉलर का आयात व दाल की खरीद भी जरूरी नहीं

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है। पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी।

अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए 'कमिटेड' है। अब इसे बदलकर 'इरादा रखता है' कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते: सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था, जिसका इलाज किया गया है। मेहता ने कहा कि इस तरह की समस्या को अपवाद मानकर उन्हें रिहा किया गया तो आगे अन्य लोग भी इस तरह की मांग करेंगे। जिन आधारों पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया था, वे अभी भी कायम हैं। इसलिए स्वास्थ्य कारणों से रिहाई संभव नहीं है और ऐसा करना सही भी नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)



# हिमाचल में कल से फिर बिगड़ेगा मौसम का मिजाज

## मौसम विभाग ने 16 को ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बारिश-बर्फबारी के जताए आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट लेने के संकेत दे दिए हैं। बुधवार सुबह मैदानी जिलों में घने कोहरे की चादर बिछी रही, जिससे बिलासपुर में दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर और मंडी में 100 मीटर से भी कम दर्ज की गई। कोहरे के कारण रात के तापमान में गिरावट आई और हैरानी की बात यह रही कि मंडी, सोलन और कुल्लू की रातें राजधानी शिमला से भी अधिक सर्द रहीं।

मौसम विभाग ने वीरवार के लिए मैदानी क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार वीरवार को मौसम साफ रहेगा, जिससे दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है और लोगों को ठिठुरन से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि 13 और 16 फरवरी को ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार जताए गए हैं, जबकि 14 और 15 फरवरी को प्रदेश भर में धूप खिलने की संभावना है।

### विंटर सीजन में सामान्य से कम वर्षा ने बढ़ाई चिंता



**विंटर** सीजन में इस बार सामान्य से कम वर्षा ने भी चिंता बढ़ा दी है। 1 जनवरी से 10 फरवरी के बीच प्रदेश में 114.3 मिमी के मुकाबले केवल 101.7 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो सामान्य से करीब 11 प्रतिशत कम है। फरवरी माह में तो अब तक 51 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। ताबो में न्यूनतम तापमान -8.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सर्दी की तीव्रता को दर्शाता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ने से अपेक्षित बारिश-बर्फबारी नहीं हो सकी, लेकिन आने वाले दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हलचल बढ़ सकती है।

# हिमाचल प्रदेश में आज खुलेंगे शीतकालीन अवकाश वाले स्कूल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शीतकालीन अवकाश पर चल रहे विद्यालय 12 फरवरी से पुन: खुलेंगे। शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार शीतकालीन स्कूलों में इसी तिथि से नियमित शैक्षणिक गतिविधियां आरंभ की जाएंगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्कूल खुलते ही कक्षाएं विधिवत संचालित हों और लंबित पाठ्यक्रम को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में और देरी न हो।

गौर रहे कि प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जनवरी माह तक कड़ाके की सर्दी और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा, जिसके चलते अवकाश की अवधि प्रभावी रही। मौसम की तल्ख़ी और रास्तों की दुश्वारियों के कारण कई इलाकों में शिक्षण संस्थान बंद रहे थे। अब हालात सामान्य होने के साथ ही शिक्षा विभाग ने स्कूल खोलने का निर्णय लिया है, जिससे शैक्षणिक सत्र को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों को समय पर विद्यालय भेजें।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार स्कूल खुलने के साथ ही पढ़ाई पूरी रफ्तार से शुरू कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शैक्षणिक योजना भी बनाई जा सकती है, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की शैक्षणिक क्षति न उठानी पड़े।

### शिक्षा निदेशालय ने जारी किए निर्देश, नियमित कक्षाएं शुरू करने के दिए आदेश

**सूरत-ए-हाल**

## सरकारी दावों को खोखला साबित कर रही तीन गांवों की तस्वीर, पीढ़ियों से अंधेरे में जी रहे लोग

# अंधेरे में खो गया शाक्टी-मरौड़ व शुगाड़ के विकास का पथ

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** देश को आजाद हुए भले ही कई दशक बीत चुके हों, लेकिन दुर्गम क्षेत्र शाक्टी-मरौड़ व शुगाड़ आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है। यहां न सड़क पहुंच पाई है, न बिजली की रोशनी है और मोबाइल नेटवर्क भी नहीं। आधुनिक युग में जहां देश डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहा है, वहीं, शाक्टी-मरौड़ के लोग अब भी विकास की किरण का इंतजार कर रहे हैं।

बेशक सरकारें घर-द्वार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी देने का दावा करती हैं, लेकिन कुल्लू जिले की सैंज घाटी में स्थित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के भीतर बसे ये गांव सरकार के दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। इन गांवों के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से आदिवासी जीवन यापन करने को मजबूर हैं। गांव से सड़क 15 से 20 किमी दूर है। ऐसे में आए दिन मरीजों को कुर्सी में डंडे बांधकर सड़क तक लाना पड़ता रहा है। भारी बारिश हो या बर्फबारी, लोगों को पथरीले रास्तों से गुजरना मजबूरी बन गया है। पंचायत में आलम यह है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और खाद्य सामग्री के लिए लोगों को मीलों दूर तक पैदल चलकर अपनी पीठ पर सामान लाना पड़ता है।

मरौड़ गांव तक पहुंचने के लिए लगभग नौ घंटे दुर्गम रास्तों से पैदल चलना ग्रामीणों की मजबूरी बन गई है। शत प्रतिशत विद्युतिकरण का दावा करने वाली सरकारें तीनों गांव में बिजली की व्यवस्था अभी तक नहीं कर पाई हैं। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को 40 किमी दूर सैंज जाना पडता है। ग्रामीण पेयजल के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं।

क्षेत्र के युवा प्रकाश ठाकुर, केहर सिंह, राकेश ठाकुर, धर्म सिंह, सोनू, कर्म चंद, सुनील, लायक राम बताया कि सुदूर गाडापारली पंचायत के शाक्टी-मरौड गांव के पिछडेपन की अजब कहानी है।

जल बिजली परियोजनाओं की नगरी सैंज घाटी में बसे इस गांव में सरकारी सुविधा के नाम पर मात्र एक प्राथमिक पाठशाला है। हाईटेक युग में मोबाइल सिग्नल से कोसों दूर है।




कुल्लू जिले की सैंज घाटी का दुर्गम गांव शाक्टी। अनंत ज्ञान

### मरौड़ में नहीं बिजली, लकड़ी जलाकर की जाती है रोशनी

**मरौड़ की** फुलां देवी, डोला सिंह, राम लाल, लगन चंद, हरादासी, तेज राम, भाग चंद, गोविंद, राम चंद, जीत राम, दुर्गी देवी और शुकरी देवी ने बताया कि गांव का जनजीवन खासा कठिन है। बिजली न होने से लकड़ी जलाकर रोशनी करनी पड़ती है। हालांकि पंचायत ने बीते कुछ वर्षों से गांव में सोलर लाइटें लगाकर कुछ राहत दी है, लेकिन ग्रामीण अभी भी टीवी जैसे मनोरंजन के साधनों से अनजान है।

**इन** गांवों तक सड़क और बिजली पहुंचाने के लिए समाधान तलाशा जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पूरे प्रदेशभर में एक समान विकास करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

-राम सिंह मियां, अध्यक्ष, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति

**वर्तमान** प्रदेश सरकार हिमाचल में चहुंमुखी विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। कांग्रेस सरकार इन गांवों के लोगों को कोरे आश्वासन देकर छल रही है। पूर्व सरकार ने यहां के लिए बिजली, पानी और सड़क जैसी सुविधाएं देने के प्रयास शुरू किए थे, लेकिन अब बंद पड़े हुए हैं। इस समस्या को केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।



-सुरेंद्र शौरी, विधायक, बंजार

## न्यूज ब्रीफ

### कोटी क्षेत्र के कई गांवों में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 11 केवी जोघो और गोरपा फीडर कोटी की आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते विद्युत अनुभाग कोटी के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में 13 फरवरी को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल जुन्गा के सहायक अभियंता यशवंत सिंह के अनुसार जोघो व गोरपा फीडर से जुड़े गांव कोटी, सतलाई, बलोग, डुब्लु, लखोटी, ठूंड, मुंडाघाट, शिलोनबाग, कोटीधार, जटोली, डुमेहर, नाला, भराड़िया, घरोथ, कोहन सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि लाइनों की मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा तथा संबंधित क्षेत्र के लोगों से सामान्य आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए बिजली बोर्ड का सहयोग करने का आग्रह किया।

### कंडा जेल में कैदियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित कंडा जेल में रोटरी क्लब हिल क्वींस की ओर से नशे के दुष्प्रभावों पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मनीष तोमर ने शिरकत कर लगभग 150 कैदियों को ड्रग्स के जानलेवा खतरों, उनके शारीरिक और मानसिक प्रभावों, व्यवहार में आने वाले बदलावों तथा समाज में पुनर्वास के रास्तों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कैदियों को यह भी बताया कि रिहाई के बाद किस प्रकार विभिन्न सहयोगी संसाधनों और पुनर्वास कार्यक्रमों का सहारा लेकर वे नई शुरुआत कर सकते हैं। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुशील ठाकुर, रोटरी क्लब हिल क्वींस की अध्यक्ष पूजा गोयल सहित सुनीता ठाकुर, अनीता शर्मा, माला मेयर और हरप्रीत सेम्बी भी मौजूद रहे और सभी ने नशामुक्त समाज के संकल्प को दोहराया।

### वैलेंटाइन वीक में फूलों का कारोबार सुस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में वैलेंटाइन वीक के दौरान इस बार फूलों का कारोबार उम्मीद के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ सका। कारोबारियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई ने बाजार की रौनक फीकी कर दी है। एक लाल गुलाब 100 रुपये तक बिक रहा है, जिससे युवाओं की खरीदारी पर असर पड़ा है। फूल विक्रेता लालू के अनुसार बीते वर्ष की तुलना में इस बार बिक्री कम रही है। उन्होंने बताया कि बाहरी राज्यों से फूल महंगी दरों पर मिल रहे हैं, जिससे खुदरा कीमतें बढ़ गई हैं। सप्ताह की शुरुआत में थोड़ी चहल-पहल रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़े, बाजार की रफ्तार धीमी पड़ गई। कारोबारियों को उम्मीद है कि वैलेंटाइन डे के दिन कुछ सुधार देखने को मिल सकता है।

### गेयटी थियेटर में वेलेंटाइन स्पेशल प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के टेवरन हॉल में वेलेंटाइन स्पेशल प्रदर्शनी सजाई गई है, जहां नौ कलाकारों की हस्तकला ने युवाओं का दिल जीत लिया है। प्रदर्शनी में मिनी गिफ्टिंग पेंटिंग्स, टेडी रिंग्स, ब्रेसलेट, मॉडर्न नेकलेस, खूबसूरत वेलेंटाइन कार्ड्स और अन्य आकर्षक उपहार वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए बड़ी संख्या में युवा पहुंच रहे हैं। रंगों, डिजाइन और रचनात्मकता से सजी यह प्रदर्शनी प्रेम और उत्सव के माहौल को और भी खुशनुमा बना रही है।

### रोहड़ू में चिट्टे समेत तीन और आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के रोहड़ू क्षेत्र में चिट्टा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 2 फरवरी को मेहंदली पुल के पास पंजाब के दो युवकों को 83 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा गया था, जिसके बाद पुलिस ने बैंक खातों और डिजिटल साक्ष्यों की गहन पड़ताल की। जांच में खुलासा हुआ कि खेप चिड़गांव के कुछ लोगों ने मंगवाई थी, जिसके आधार पर आशीष चौहान, नवीन शिट्टा और दीवान चंद को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक कुल पांच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं और सप्लाई चेन की कड़ियां खंगाली जा रही

### कोटखाई अस्पताल में मशीनों को लेकर श्रेय की सियासत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई में अल्ट्रासाउंड और डिजिटल डेंटल एक्स-रे मशीन की स्थापना को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा पदाधिकारियों अशोक जस्टा, संदीप गांगटा, अंकुश चौहान, रिंकू घालटा और मोहित नंदा ने आरोप लगाया है कि 2 फरवरी से सोशल मीडिया पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा इन मशीनों का श्रेय शिक्षा मंत्री को दिया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। उनका कहना है कि अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को इन सुविधाओं का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है और वर्तमान में दोनों मशीनें संचालित नहीं हो रही हैं। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि अल्ट्रासाउंड मशीन किसी दानी सज्जन द्वारा दान में दी गई है, लेकिन इसका श्रेय राजनीतिक रूप से लेने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि प्रचार से अधिक प्राथमिकता अस्पतालों में खाली पड़े डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के पद भरने को दी जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उनका कहना है कि दान में मिली मशीनों की वाहवाही लूटने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू और प्रभावी बनाना समय की जरूरत है।

### बिजली कर्मियों की देशव्यापी हड़ताल आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देशभर के 27 लाख से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियंता आज एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल बिजली क्षेत्र के निजीकरण, प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक-2025, राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 तथा पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर की जा रही है। विभिन्न केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि बिजली क्षेत्र में बढ़ती आउटसोर्सिंग और निजीकरण से न केवल कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि आम उपभोक्ताओं और छोटे उद्योगों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश में भी बिजली बोर्ड के कर्मचारी, अभियंता और तकनीकी स्टाफ हड़ताल में शामिल हुए हैं। प्रदेश में पेन-डाउन और टूल-डाउन के माध्यम से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमित पदों पर सीधी भर्ती, आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करना और पुरानी पेंशन योजना लागू करना शामिल है। हालांकि आपातकालीन सेवाएं बनाए रखने का आश्वासन दिया गया है, फिर भी कार्यालयी कामकाज और कुछ सेवाओं पर असर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।

# आर्थिक संकट से जल्द उभरेगा हिमाचल

## विक्रमादित्य बोले- आर्थिक चुनौतियों के बीच सरकार का भरोसा, प्रदेश फिर बनेगा मजबूत

अनंत ज्ञान



जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

- जाबरी में महिला मंडल भवन का किया लोकार्पण
- स्वास्थ्य, पेयजल व सड़क योजनाओं पर की करोड़ों की घोषणाएं

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राज्य की सियासत इन दिनों आर्थिक हालात और विकास की दिशा को लेकर चर्चा के केंद्र में है। ऐसे समय में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जाबरी में महिला मंडल भवन के लोकार्पण अवसर पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश भले ही आर्थिक संकट से गुजर रहा हो, लेकिन हिमाचल फिर से मजबूती के साथ उभरेगा। उनके संबोधन में जहां विकास की रूपरेखा थी। वहीं, राजनीतिक आत्मविश्वास का स्वर भी साफ झलक रहा था।

ग्राम पंचायत बठमाना के अंतर्गत जाबरी में साढ़े तीन लाख रुपए की लागत से निर्मित महिला मंडल भवन का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के दौर में भी प्रदेश ने कठिन दौर देखे हैं, लेकिन हिमाचल ने हर बार नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का रास्ता बनाया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सरकार भी आर्थिक अनुशासन और योजनाबद्ध विकास के जरिए राज्य को नई दिशा देगी।

महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि हिम ईरा ब्रांड के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं द्वारा तैयार स्थानीय उत्पाद देशभर में पहुंच रहे हैं। इससे महिलाओं को घर बैठे रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि नव निर्मित भवन का उपयोग स्वरोजगार और सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रभावी ढंग से करें।

स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि धामी कॉलेज क्षेत्र की शान है और वहां आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। धामी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आदर्श अस्पताल बनाने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है, जबकि सुन्नी अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 100 बिस्तरों की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि पेयजल संकट के समाधान के लिए 25 करोड़ रुपए की लागत से नई योजना तैयार की जा रही है, जिससे क्षेत्र के छूटे हुए घरों को राहत मिलेगी। सिंचाई योजनाओं पर भी काम जारी है। जायसी मंदिर के समीप खेल मैदान बनाने और जिम के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वस्थ वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है।

### विकासात्मक कार्यों पर खर्च हुए 400 करोड़

**उन्होंने** बताया कि पिछले तीन वर्षों में शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 375 से 400 करोड़ रुपए विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय किए गए हैं। मंगला माता से भीगड़ी सड़क की औपचारिकताएं पूर्ण होते ही बजट जारी किया जाएगा। बठमाना पंचायत को अब तक 20 लाख रुपए विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा चुके हैं। नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि चिट्टे जैसी घातक लत ने युवाओं का भविष्य अधर में डाल दिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि आसपास कोई नशे के कारोबार में संलिप्त हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि विकास की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब हमारी युवा पीढ़ी सुरक्षित और जागरूक रहेगी।

# जुन्गा अस्पताल में चिकित्सकों ने बचाई युवक की जान

अनंत ज्ञान



सुनील का उपचार करते चिकित्सक।

- हार्ट अटैक के बाद टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन से मिला जीवनदान
- स्टेमी प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क दवा से समय पर हुआ उपचार

**ब्यूरो, शिमला।** सिविल अस्पताल जुन्गा में चिकित्सकों की तत्परता से 32 वर्षीय सुनील कुमार को हार्ट अटैक के गंभीर दौरे के बाद जीवनदान मिला। जुन्गा से सटे ढलियाणा गांव निवासी सुनील कुमार को अचानक सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉ. प्रियंका और स्टाफ नर्स अंबिका ने तत्काल ईसीजी जांच की, जिसमें हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा के मार्गदर्शन में रोगी को तुरंत टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन लगाया गया, जिससे उनकी हालत में सुधार आया और दर्द कम हुआ।

डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन की बाजार कीमत लगभग 40 हजार रुपये है, लेकिन स्टेमी प्रोजेक्ट के तहत यह सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हार्ट अटैक की स्थिति में चार घंटे के भीतर यह इंजेक्शन लग जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। फिलहाल सुनील कुमार का उपचार आईजीएमसी में जारी है और उनकी स्थिति स्थिर है। सुनील ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ का आभार जताते हुए कहा कि उनकी तत्परता से उन्हें नया जीवन मिला।

# देहरा स्कूल में मिनी आईसीओपी में बच्चों ने बढ़ाई जागरूकता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, शिमला के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय मंडी द्वारा 11 फरवरी 2026 को पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देहरा, जिला कांगड़ा में मिनी एकीकृत संचार एवं जनसंपर्क कार्यक्रम मिनी आईसीओपी के संबंध में पूर्व-प्रचार गतिविधि आयोजित की गई। यह कार्यक्रम कल आयोजित होने वाले मुख्य आयोजन से पहले जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रखा गया।

पूर्व-प्रचार कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता और समूह चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मोहिंदर सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, केंद्रीय संचार ब्यूरो मंडी की टीम और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पहलों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें मुख्य मिनी आईसीओपी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करना रहा। उपस्थित लोगों को आगामी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# रामपुर में माता मंगला काली मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** माता मंगला काली एवं देवता साहब डोगानू के नव-निर्मित मंदिर में आयोजित होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर आज माता मंगला काली मंदिर, लालसा में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता करते हर्ष अमरेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

बैठक में अवगत कराया गया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 18 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं, अग्नि सुरक्षा तथा परिवहन प्रबंधन सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपमंडलाधिकारी (ना.) ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं। उन्होंने समारोह अवधि के दौरान पर्याप्त पुलिस बल, यातायात कर्मियों, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस तथा अग्निशमन वाहनों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए तथा विभागों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ने कार्यक्रम स्थल के आसपास श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु उपयुक्त स्थानों तथा वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंदिर के पदाधिकारियों एवं कारदारों ने प्रशासन द्वारा समय रहते की जा रही तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि समारोह के दौरान मंदिर प्रबंधन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

### उच्च शिक्षण संस्थानों में महिला सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मंथन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में 12 फरवरी को उच्च शिक्षण संस्थानों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य स्तरीय कंसल्टेशन आयोजित किया जा रहा है। यह बैठक दोपहर 1 से 3 बजे तक उपायुक्त कार्यालय शिमला के बचत भवन में होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर करेंगी। इसमें राज्य पुलिस, विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राचार्य, वरिष्ठ प्राध्यापक, कानूनी विशेषज्ञ और छात्र प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में शैक्षणिक परिसरों में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उत्पीड़न-मुक्त माहौल सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी। यौन उत्पीड़न, साइबर हैरेसमेंट और शिकायत निवारण तंत्र की प्रभावशीलता जैसे मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा।



कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 (पोष एक्ट) के प्रभावी क्रियान्वयन और आंतरिक शिकायत समितियों की भूमिका का भी आकलन होगा। कंसल्टेशन का उद्देश्य संस्थानों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। आयोग को उम्मीद है कि इस संवाद से सुरक्षा तंत्र में कमियों की पहचान होगी और ठोस, क्रियान्वयन योग्य सुझाव सामने आएंगे, जिससे शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# वित्तीय विफलता छिपाने को केंद्र को दोष दे रही कांग्रेस सरकार : टंडन

अनंत ज्ञान



प्रेस वार्ता को संबोधित करते संजय टंडन। अनंत ज्ञान

- कहा-केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 का सशक्त रोडमैप

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपनी वित्तीय अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज और राजकोषीय घाटे को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान का चरणबद्ध समाप्त होना पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का हिस्सा था, जिसकी जानकारी राज्य को पहले से थी, फिर भी वैकल्पिक राजस्व बढ़ाने और खर्च नियंत्रण की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए।

टंडन ने आरोप लगाया कि सरकार ने ओएसडी और सलाहकारों की नियुक्तियों से राजस्व व्यय बढ़ाया और अब वित्तीय संकट का ठीकरा केंद्र पर फोड़ा जा रहा है। यदि हिमाचल और उत्तराखंड जैसे समान भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों की तुलना की जाए तो उत्तराखंड ने निवेश आकर्षण और राजस्व संग्रह में बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि हिमाचल में कर्ज अनुपात 40 प्रतिशत से अधिक स्तर पर पहुंच चुका है। इसके विपरीत केंद्र सरकार ने राजकोषीय घाटा नियंत्रित करते हुए इसे लगभग 4.3 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा है और पूंजीगत व्यय बढ़ाया है।

केंद्रीय बजट पर बोलते हुए टंडन ने इसे क्रांतिकारी और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत 2047 की दिशा में मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है और देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# रोहड़ू में वन्यजीव अवशेष बरामदगी से मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के उपमंडल रोहड़ू में वन्यजीव अवशेषों की बड़ी बरामदगी से सनसनी फैल गई है। रोहड़ू बाजार की ज्वेलरी दुकानों से तेंदुए के 86 नाखून, पांच दांत और दुर्लभ पक्षियों के पंख मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह ज्वेलरों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि ये अवशेष सीमावर्ती क्षेत्रों या बाहरी राज्यों से तस्करी के जरिये यहां पहुंचाए गए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इतनी बड़ी मात्रा में संरक्षित वन्यजीवों के अंग दुकानों तक कैसे पहुंचे। मामले ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है और जांच एजेंसियां नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को वन विभाग की छह टीमों ने एक साथ दबिश देकर यह कार्रवाई अंजाम दी। गिरफ्तार छह ज्वेलरों में से पांच को अदालत से जमानत मिल गई, जबकि एक ज्वेलर को ज्यादा मात्रा में तेंदुए के नाखून और दांत मिलने के कारण जमानत नहीं दी गई। अदालत ने उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस अब उससे पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि इन अवशेषों की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। अधिकारियों को शक है कि यह काम किसी संगठित गिरोह की सरपरस्ती में चल रहा था।

प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ ज्वेलर इन नाखूनों और दांतों को सोने-चांदी के आभूषणों में सजावट या ताबीज के रूप में इस्तेमाल करते थे। परंपरागत मान्यताओं के नाम पर इन्हें सौभाग्य और हिफाजत से जोड़कर ऊंचे दामों पर बेचा जाता था। विशेषज्ञों का कहना है कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत तेंदुए जैसे संरक्षित जीवों के अंग रखना, खरीदना या बेचना गंभीर अपराध है और इसमें कड़ी सजा का प्रावधान है। डीएफओ रवि शंकर शर्मा ने पुष्टि की है कि पांच आरोपियों को जमानत मिल गई है, जबकि एक से गहन पूछताछ जारी है।

**प्रक्रिया** | राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन में प्रशासनिक अमले को दिए स्पष्ट दिशा-निर्देश

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को मिली रफ्तार

अनंत ज्ञान




प्रशिक्षण सत्र के दौरान जनगणना कार्य से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा करते वरिष्ठ अधिकारी। अनंत ज्ञान

- मकान गणना की प्रक्रिया तेज करने की तैयारियां शुरू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों ने अब संगठित और सुनियोजित रूप ले लिया है। राज्य सरकार ने मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की प्रक्रिया को समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें प्रशासनिक अमले को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

सम्मेलन में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास की रूपरेखा तय करने का बुनियादी दस्तावेज है।

सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व की प्रक्रिया है, जिसे सभी विभागों के तालमेल और मुस्तैदी से अंजाम देना होगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण, पर्याप्त मानव संसाधन और तकनीकी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए ताकि कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और सटीकता के साथ पूरा हो सके। इस बार जनगणना के डिजिटलीकृत कोड के माध्यम से संचालन को उन्होंने आधुनिक और सराहनीय पहल बताया।

### जमीनी स्तर पर समन्वय करें स्थापित

**सचिव,** सामान्य प्रशासन विभाग एवं सह-राज्य नोडल अधिकारी राजेश शर्मा ने विभिन्न विभागों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन ही सफलता की कुंजी है। सम्मेलन में कार्य योजना, मैदानी चुनौतियों और तकनीकी क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर भी गंभीर विमर्श हुआ, जिससे आगामी चरणों के लिए स्पष्ट रणनीति तय की गई।

# सरकारी सीबीआई स्कूलों में अब शिक्षकों की भी होगी परीक्षा

- 500 रुपए शुल्क तय
- नियुक्ति और गुणवत्ता पर जोर, विभाग ने जारी की नोटिफिकेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सरकारी सीबीएसई स्कूलों में कार्यरत और नियुक्ति के इच्छुक शिक्षकों के लिए अब परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार शिक्षकों की योग्यता और विषय दक्षता की जांच के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। विभाग का कहना है कि इसका उद्देश्य स्कूलों में शैक्षणिक स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है।

सूत्रों के मुताबिक परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संचालित की जाएगी और आवेदन ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे। परीक्षा में विषय ज्ञान, शिक्षण कौशल और शैक्षिक मनोविज्ञान से जुड़े प्रश्न शामिल किए जा सकते हैं। शिक्षा विभाग ने संकेत दिए हैं कि विस्तृत दिशा-निर्देश और तिथियों से संबंधित जानकारी जल्द ही आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

बताया गया है कि यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इससे योग्य और दक्ष शिक्षकों का चयन सुनिश्चित होगा, जिससे सरकारी सीबीएसई स्कूलों की साख और परिणाम दोनों बेहतर होने की उम्मीद है।

# सीपीआरआई में फसल सुधार और आधुनिक तकनीकों पर गहन मंथन

अनंत ज्ञान

- कुफरी फार्म में हैंड्स-ऑन अनुभव बना खास आकर्षण

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला के तत्वाधान में आयोजित 10 दिवसीय शॉर्ट कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम कन्वेंशनल एंड मॉलिक्यूलर टूल्स फॉर क्रॉप इम्प्रूवमेंट, प्रोटेक्शन, प्रोडक्शन एंड पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चरल क्रॉप्स का 11 फरवरी को सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न संस्थानों से आए 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उच्च गुणवत्ता का था, जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ राष्ट्रीय लक्ष्यों की स्पष्ट झलक देखने को मिली। उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट संसाधनों और विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को शिमला स्थित कुफरी फार्म में चल रही वैज्ञानिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। प्रयोगशालाओं में आधुनिक तकनीकों पर आधारित हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण ने इस कोर्स को और अधिक उपयोगी बना दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए आवास और खान-पान की व्यवस्थाओं के लिए निदेशक तथा कार्यक्रम समन्वयकों का आभार व्यक्त किया। डॉ. सलेज सूद ने कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि डॉ. विकास मंगल ने समापन समारोह का मंच संचालन किया।

समापन अवसर पर डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा रिसोर्सपर्सन्स के योगदान को सराहा।

समारोह में विभिन्न संभागों के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. जगदेव, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. सोमदत्त उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आशा व्यक्त की कि वे इस प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुंचाकर कृषि क्षेत्र को नई दिशा देंगे।

# हिमाचल में रेल विस्तार को मिली रफ्तार, बजट में 25 गुना बढ़ोतरी

## लोकसभा में केंद्रीय रेल मंत्री बोले-214 किमी लंबी तीन नई रेललाइनों को मिली है स्वीकृति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रेल संपर्कता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने बजट 2025-26 में अभूतपूर्व प्रावधान किए हैं। लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के उत्तर में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि राज्य में चल रही परियोजनाओं के लिए आवंटन में कई गुना बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी न केवल आंकड़ों में बड़ी है, बल्कि प्रदेश की आर्थिक रफ्तार और पर्यटन संभावनाओं को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।



जानकारी के अनुसार वर्ष 2009-14 के दौरान जहां औसतन 108 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का प्रावधान था, वहीं 2025-26 में यह राशि बढ़कर 2,716 करोड़ रुपए पहुंच गई है। एक अप्रैल 2025 तक की स्थिति में प्रदेश में 17,622 करोड़ रुपए की लागत वाली 214 किलोमीटर लंबाई की तीन नई रेल लाइनों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 64 किलोमीटर का कार्य पूरा कर लिया गया है। नंगल डैम से अंदौरा और दौलतपुर चौक तक का खंड चालू हो चुका है, जबकि चंडीगढ़-बद्दी और अन्य हिस्सों में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### ◆ अमृत भारत स्टेशन योजना से चार स्टेशनों का होगा कायाकल्प

स्टेशन पुनर्विकास के मोर्चे पर भी प्रदेश को खास तवज्जो दी गई है। भारतीय रेल की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हिमाचल के अंब अंदौरा, बैजनाथ पपरोला, पालमपुर और शिमला स्टेशनों को चुना गया है। अंब अंदौरा और बैजनाथ पपरोला में विकास कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि पालमपुर और शिमला में मास्टर प्लानिंग की प्रक्रिया जारी है। इस योजना के तहत आधुनिक प्रतीक्षालय, लिफ्ट-एस्केलेटर, विस्तृत फुटओवर ब्रिज, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली और स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे यात्रियों को सुकून और सहूलियत दोनों मिलें।

### ◆ भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी परियोजना में भूमि और हिस्सेदारी बनी चुनौती

भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी नई रेल लाइन परियोजना, जिसकी लागत 6,753 करोड़ रुपये स्वीकृत है, लागत साझेदारी मॉडल पर आधारित है। इसमें केंद्र सरकार की 75 प्रतिशत और राज्य सरकार की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी तय है। हालांकि अपेक्षित 124 हेक्टेयर भूमि में से अभी तक 82 हेक्टेयर ही उपलब्ध कराई गई है और राज्य की ओर से 1,934 करोड़ रुपये की राशि बकाया बताई गई है, जिससे कार्य की गति प्रभावित हो रही है।

### राज्य की हिस्सेदारी व भूमि अधिग्रहण पर टिकी रफ्तार

**केंद्र** ने स्पष्ट किया है कि परियोजनाओं की सफलता राज्य सरकार के सहयोग, भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृतियों और अन्य औपचारिकताओं पर निर्भर करती है। इसके बावजूद हिमाचल में रेल नेटवर्क को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है, जिससे आने वाले वर्षों में प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने की उम्मीद की जा रही है।

## शिमला में एचआरटीसी बस में चिट्टे समेत दो दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस थाना बालूगंज को गुप्त सूचना मिली थी कि शिमला-रोहड़ू रूट पर चल रही एचआरटीसी बस नंबर एचपीए10 ए-9536 में सवार दो युवक संदिग्ध हालत में हैं और उनके पास चिट्टा हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बस को आईएसबीटी शिमला में रुकवाया और जांच शुरू की।

जांच के दौरान बस बैठे दो युवकों राहुल (23), निवासी गांव चमारू तथा विशाल वर्मा (27), निवासी गांव नंगल देवी, जिला शिमला के कब्जे से 30.700 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना बालूगंज में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नशे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# एक्शन मोड में शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष

## डॉ. राजेश शर्मा ने सीएम सुक्खू को सौंपा सुधारों का 'ब्लूप्रिंट'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने नई दिल्ली स्थित हिमाचल सदन में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात को प्रदेश की आगामी शैक्षिक नीतियों और बोर्ड की कार्यप्रणाली में होने वाले बड़े बदलावों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के साथ हुई इस विस्तृत चर्चा में डॉ. शर्मा ने शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का विजन साझा किया।



शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा मुख्यमंत्री सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

वहीं, मुलाकात के दौरान डॉ. राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को बोर्ड द्वारा हाल ही में शुरू किए गए नवाचारों और प्रशासनिक सुधारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने, मूल्यांकन प्रक्रिया को सटीक करने और परिणामों को समयबद्ध घोषित करने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा बोर्ड के इन प्रयासों की सराहना की और छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए व्यवस्था परिवर्तन के निर्देश दिए।

### डिजिटलाइजेशन और 'डोर स्टेप' सर्विस पर जोर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बोर्ड अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में बोर्ड की सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और 'यूजर-फ्रेंडली' बनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों के छात्रों को प्रमाण पत्र, माइग्रेशन या अन्य सुधारों के लिए धर्मशाला मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार अनिवार्य है। बोर्ड अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि बोर्ड जल्द ही कई सेवाओं को 'वन-क्लिक' पर उपलब्ध कराने जा रहा है।

### परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजामों को लेकर भी की चर्चा

**बैठक** में आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजामों को लेकर भी चर्चा हुई। डॉ. राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि शिक्षा बोर्ड नई शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रावधानों को धरातल पर उतारने और प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मंच प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मुलाकात के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में बोर्ड की कार्यप्रणाली में कुछ बड़े और छात्र-हितैषी फैसले देखने को मिल सकते हैं।

# 2.59 गुणांक विकल्प से ठगे गए डेढ़ लाख कर्मचारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जनवरी 2022 में छठे वेतन आयोग के लागू होने पर कर्मचारियों को तीन विकल्प दिए गए थे। वर्ष 2016 से बढ़ा वेतन फिक्स करवाने हेतु कर्मचारियों को पहले विकल्प में 2.59 गुणांक फिटमेंट फैक्टर के तहत पुराने बेसिक वेतन को 2.59 से गुणा किया गया था और इस विकल्प में एरियर देय था। जिन कर्मचारियों ने यह विकल्प चुना, उन्हें संशोधित वेतन के साथ पूर्व अवधि का बकाया भुगतान मिलना था मगर 8555 करोड़ का ये भुगतान आज तक नहीं हुआ। इसके तहत मात्र 50 हजार एरियर पूर्व सरकार ने दिया था।

दूसरे विकल्प में 2.25 गुणांक के तहत बेसिक वेतन को 2.25 से गुणा किया गया और वर्ष 2012 में मिले हायर पे स्केल को सीमित एरियर लाभ शीत यथावत रखा गया जिसे लगभग किसी ने भी स्वीकार नहीं किया। तीसरे विकल्प में मूल वेतन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ एक अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि दी गई। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने वित्त सचिव को भेजी है।

### ◆ 8555 करोड़ एरियर हेतु बजट नहीं था तो क्यों दिया 2.59 फैक्टर

संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि वित्त विभाग के पास यदि एरियर भुगतान के लिए पर्याप्त बजट नहीं था, तो 2.59 का विकल्प दिया ही नहीं जाना चाहिए था और सभी कर्मचारियों को समान रूप से 15 प्रतिशत अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाना चाहिए था। 15 प्रतिशत विकल्प चुनने वाले कर्मचारी अतिरिक्त इंक्रीमेंट के कारण फायदे में रहे, जबकि 2.59 गुणांक चुनने वाले लगभग डेढ़ लाख कर्मचारी एरियर के भुगतान से वंचित रह गए और स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसे में 15 प्रतिशत विकल्प चयन फिर से खोला जाए और जो कर्मचारी 2.59 विकल्प के तहत एरियर लाभ छोड़कर 15 प्रतिशत का लाभ देय तिथि से चाहते हैं, उनको वह विकल्प दिया जाए।

# विनय कुमार ने जयराम सरकार के फैसलों पर उठाए सवाल, 12 हजार करोड़ की देनदारियों पर जवाब मांगा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि कर्मचारियों की 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक की देनदारियां आखिर क्यों अदा नहीं की गईं और उनके साथ यह कुठाराघात क्यों हुआ। विनय कुमार ने कहा कि बिलासपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स समिट, जिसमें देश के प्रधानमंत्री मुख्यातिथि थे, में बड़ी औद्योगिक इकाइयों की जो घोषणाएं की गई थीं, आज उनका अता-पता नहीं है। करोड़ों रुपए के खर्च और 50 लाख से अधिक लागत के भव्य डोम के बावजूद प्रदेश को अपेक्षित औद्योगिक रफ्तार क्यों नहीं मिली, इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए।



उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के ताजा बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आर्थिक कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची के चलते हिमाचल आज भारी वित्तीय बोझ झेल रहा है। उनका आरोप है कि सत्ता और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग

### ◆ इन्वेस्टर्स समिट की घोषणाओं का हिसाब तलब, आर्थिक कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची पर घेरा

भाजपा शासन की पहचान बन गया था, जिसे प्रदेश की जनता भूली नहीं है। विनय ने कहा कि कोरोना आपदा के दौर में भी अवसरवादिता और कथित अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके चलते कुछ नेताओं को पद तक गंवाना पड़ा। ऐसे में कांग्रेस सरकार पर झूठे इल्जाम लगाना नैतिकता के विरुद्ध है। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश अपने संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है और इस संघर्ष में उसे जनता का भरपूर समर्थन हासिल है।

# गलोड़-शिमला रूट का ड्राइवर बस छोड़ भागा, एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** एचआरटीसी की गलोड़-शिमला रूट पर जा रही बस का ड्राइवर घुमारवीं पहुंचने से पहले ही बस छोड़कर भाग गया। उस पर प्रबंधन ने एफआईआर दर्ज करवा कर प्रारंभिक कार्रवाई में उसे सस्पेंड भी कर दिया है।

दरअसल में हमीरपुर होकर जाने वाली स्थानीय डिपो की बस सुबह के समय शिमला के लिए रवाना हुई, घूमर में पहुंचने से करीब 5 किलोमीटर पीछे जब उसने बस से नियंत्रण खोया, लेकिन इस पर जब यात्रियों को पता चला की ड्राइवर की हालत ठीक नहीं है और वह नशे में हो सकता है तो हालात देखकर ड्राइवर ने वहां से भाग जाना ही उचित समझा। बस कंडक्टर ने इसकी सूचना निगम प्रबंधन को दी और फिर थोड़ी देर बाद एक नए चालक की ड्यूटी लगाकर उसे इस रूट पर बस को आगे ले जाने के लिए भेजा गया।

हमीरपुर के डीएम राजकुमार पाठक का कहना है कि कंडक्टर ने जैसे ही सूचना दी सॉरी कार्रवाई की गई और मामला दर्ज करवाने के साथ ही उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाते हुए सस्पेंड कर दिया गया है। जुम्मी मोहम्मद नामक इस ड्राइवर का हेड क्वार्टर हमीरपुर फिक्स किया गया है। उन्होंने बताया कि यह ड्राइवर नशे की हालत में बताया गया है, इसीलिए वह बस छोड़कर भाग गया। क्योंकि घटना के समय यही सवारियों को भी लगा और कंडक्टर ने भी इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी एक ड्राइवर सतीश कुमार को और कंडक्टर को नशे की हालत में पाए जाने के कारण सस्पेंड किया जा चुका है।

# प्रदेश चलना चाहिए राजनीति तो चलती रहेगी: जयराम

## बोले-प्रदेश आर्थिक संकट में, 'मित्रों' पर नहीं चलेगी मेहरबानी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने कुप्रबंधन का ठीकरा केंद्र पर फोड़कर जनता पर टैक्स का बोझ डालने और सुविधाएं छीनने की तैयारी कर रही है। वहीं, दूसरी ओर 'मित्रों' को कैबिनेट रैंक और महंगी गाड़ियां बांटकर प्रदेश की संपदा को लुटाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है मुख्यमंत्री पूरी तरह 'खजल' हो गए हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को भुंतर में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, लेकिन ऐसे हालातों में भी मुख्यमंत्री की 'मित्रों' पर मेहरबानी और केंद्र पर झूठे आरोपों की राजनीति जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष के नाते वे सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज हमेशा बने रहेंगे, लेकिन वर्तमान में जब प्रदेश की आर्थिक स्थिति संकट में है ऐसे में मुख्यमंत्री को मेरी सलाह है कि आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के हितों पर ध्यान दें और मिल बैठकर प्रदेश के बारे में सोचें। उन्होंने कहा कि प्रदेश चलना चाहिए राजनीति तो चलती रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केवल शोर मचाने से सरकार की 'नालायकी' नहीं छिपेगी। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है जिसे सुक्खू जी तार-तार कर रहे हैं और जेब में 'बैक डेट' की चिट्ठियां लेकर घूमना व ओछी राजनीति करना उन्हें शोभा नहीं देता। कार्यक्रम में पूर्व सांसद महेश्वर सिंह और स्थानीय विधायकों सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे, जहां जयराम ठाकुर ने संकल्प दोहराया कि वे प्रदेश को बर्बादी की राह पर ले जाने वाली इस सरकार के विरुद्ध डटकर खड़े रहेंगे।

जयराम ने रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए आंकड़ों सहित स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हिमाचल को 13वें वित्त आयोग की तुलना में कहीं अधिक ग्रांट मिली, लेकिन कांग्रेस सरकार ने हमेशा केंद्र को कोसने का ही काम किया है। उन्होंने बताया कि जहां 2010-14 में मनमोहन सिंह सरकार के समय हिमाचल को मात्र 7800 करोड़ रुपये की आरडीजी मिली थी। वहीं, मोदी सरकार के दौरान 2015 से 2020 के बीच यह राशि 45000 करोड़ रुपए तक पहुंची। तब राज्य में कांग्रेस की वीरभद्र सिंह की सरकार भी रही लेकिन बिना भेदभाव राशि दी गई।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए आनन-फानन में दस गारंटियां तो दे दीं, लेकिन अब उनका आर्थिक बोझ केंद्र पर डालना चाहते हैं, जो कि न्यायसंगत नहीं है।

### खजाना खाली होने का रोना रो रहे सुक्खू

**पूर्व** मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अगर आरजीडी मिली तो उन्होंने रिकॉर्ड सड़कें बनाई और इस कार्यकाल में हिम केयर, सहारा, शगुन जैसी जनहितैषी योजनाएं चलीं, जिन्हें वर्तमान सरकार ने बजट रोककर बंद कर दिया है। उन्होंने तंज कसा कि मुख्यमंत्री सरकार को एक छात्र संगठन की तरह चला रहे हैं और वित्त सचिव के माध्यम से खजाना खाली होने का रोना रोकर कर्मचारियों के भविष्य निधि तक को फ्रीज करने की नौबत ला सकते हैं।

# हिमाचल के स्वास्थ्य ढांचे पर संसद में गूंजा सवाल

## सिकंदर ने ऋण बढ़ाए बिना स्वास्थ्य व्यय बनाए रखने पर केंद्र से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल के बढ़ते स्वास्थ्य व्यय और वित्तीय प्रबंधन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से पूछा कि क्या हिमाचल को ऋण भार बढ़ाए बिना अपने उच्च स्वास्थ्य खर्च को बनाए रखने के लिए कोई विशेष वित्तीय राहत या लचीलापन प्रदान किया गया है। साथ ही उन्होंने हमीरपुर में प्रस्तावित कैंसर देखभाल केंद्र के समयबद्ध संचालन तथा एनपीसीडीसीएस के तहत दी जा रही केंद्रीय सहायता का विस्तृत ब्यौरा भी मांगा।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सदन में स्पष्ट किया कि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है और नागरिकों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से राज्यों को तकनीकी व वित्तीय सहयोग देती है, ताकि स्वास्थ्य अवसंरचना सुदृढ़ हो और वंचित वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंच सकें। वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक एनएचएम, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हिमाचल को जारी धनराशि का विवरण भी सदन में प्रस्तुत किया गया।

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रश्न पर मंत्री ने बताया कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 17 पीजी सीटों के विस्तार के लिए 14.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें से केंद्र सरकार द्वारा 11.04 करोड़ रुपये का अंशदान राज्य को जारी किया जा चुका है।

# सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय का बजट 2026-27: अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद में बजट 2026-27 को 'सर्व मंगलकारी, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह उनका नौवां और दूरदर्शी बजट है, जो 'नवरत्न' की तरह देश को दीर्घकालिक मजबूती देगा।



संसद में बोलते सांसद अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनुराग ने कहा कि बजट 12 प्रमुख क्षेत्रों बैंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यटन, कृषि, रक्षा, ऊर्जा, रेलवे और परिवहन पर केंद्रित है। कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए किया गया है, जो विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम है। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति गिनाते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 7 एम्स थे, अब 23 हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 706 और एमबीबीएस सीटें 51,000 से बढ़कर 1.07 लाख हो गई हैं। एआई पर जोर देते हुए उन्होंने 'एआई फॉर ऑल' का लक्ष्य दोहराया और कहा कि भारत 2030 तक एआई इनोवेशन हब बनेगा। उनके अनुसार, भारत 'डेड इकॉनोमी' नहीं, बल्कि विश्व की डोमिनेटिंग इकॉनोमी है।

# लोकसभा में गूंजा बीएसएनएल सेवाओं को मजबूत करने का मुद्दा

## सुरेश कश्यप बोले, बार-बार प्रभावित होती हैं सेवाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दूरसंचार सेवाओं, विशेषकर बीएसएनएल नेटवर्क और तकनीकी स्टाफ की कमी का मुद्दा लोकसभा में प्रमुखता से उठाया गया। शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल में भारी वर्षा, बर्फबारी और प्राकृतिक बाधाओं से संचार सेवाएं बार-बार प्रभावित होती हैं। उन्होंने सदन को बताया कि बीएसएनएल में वरिष्ठ एसडीई के 192 पदों में से केवल 81, जेटीओ के 282 में से 165 तथा जेई के 177 में से मात्र 110 पद भरे हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा बहाली और रखरखाव कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।



उन्होंने दूरसंचार मंत्री से स्पष्ट पूछा कि रिक्त पदों को भरने की क्या समय-सीमा तय की गई है और प्रदेश को पर्याप्त तकनीकी बल कब तक उपलब्ध कराया जाएगा।

जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पहली बार बीएसएनएल सर्किलों की मासिक और त्रैमासिक समीक्षा की जा रही है, जिसमें परिचालन और वित्तीय दोनों मानकों की निगरानी की जा रही है। केबल कट की घटनाएं, मरम्मत का औसत समय और बीटीएस अपटाइम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार ने कम से कम 95 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है तथा जहां मानव संसाधन की कमी सामने आती है, वहां पुन: तैनाती और संसाधन समायोजन की अनुमति दी गई है।

## विशेष राजस्व लोक अदालतों में 4.62 लाख मामले निपटाए: राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पहली बार तहसील व उप-तहसील स्तर पर विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर दिसंबर 2025 तक लगभग 4.62 लाख मामलों का निपटारा किया है। इनमें 3.85 लाख इंतकाल, 24 हजार तकसीम, 42 हजार निशानदेही और करीब 12 हजार राजस्व त्रुटि मामलों का समाधान शामिल है।



जिला बिलासपुर में भी 18,684 इंतकाल, 1,235 तकसीम, 2,190 निशानदेही और 478 दुरुस्ती मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें हर माह के अंतिम दो दिन आयोजित की जा रही हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है। इस दौरान मंत्री ने जनसमस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर समाधान किया। मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर अखिल ठाकुर को 5वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप में 94 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। अखिल अब तक 8 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं और चार बार सीनियर नेशनल चैंपियन रह चुके हैं।

## जीवनदान साढ़े छह घंटे चला ऑपरेशन, दी नई जिंदगी

# आईजीएमसी शिमला में कैंसर पीड़ित महिला की जटिल सर्जरी सफल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सर्जरी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई इबारत लिख दी है। पेट के कैंसर से जूझ रही 44 वर्षीय महिला की साढ़े छह घंटे तक चली बेहद जटिल सर्जरी कर उसे कैंसर मुक्त किया गया।

इस कठिन ऑपरेशन के दौरान मरीज की लगभग 80 फीसदी आंत को निकालकर शेष स्वस्थ हिस्से को सावधानीपूर्वक जोड़ा गया। दो फरवरी को संपन्न हुई इस प्रक्रिया के बाद अब मरीज की हालत स्थिर है और उसे अस्पताल से छुट्टी देने की तैयारी है।



वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए।

वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि उत्तरी भारत के किसी भी सरकारी अस्पताल में इस स्तर की जटिल सर्जरी पहली बार सफलतापूर्वक की गई है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक और समर्पित चिकित्सकीय दल की मेहनत का नतीजा है, जो प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे के लिए फख्र का सबब है।

सर्जरी विभाग यूनिट-2 के अध्यक्ष डॉ. वेद शर्मा के नेतृत्व में डॉ. विपिन शर्मा, डॉ. शुभम, डॉ. आशीष और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. मनोज की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया।

### उन्नत कैंसर उपचार की दिशा में एक प्रभावी कदम

**चिकित्सकों** का कहना है कि समय रहते सही निर्णय और समन्वित प्रयासों से असंभव प्रतीत होने वाली जटिल सर्जरी भी संभव हो सकती है, और यह सफलता प्रदेश में उन्नत कैंसर उपचार की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था व वित्तीय मोर्चे पर सरकार विफल: डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए भाजपा के राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सवा तीन वर्षों में राज्य आर्थिक, प्रशासनिक और कानून व्यवस्था के गंभीर संकट में फंस गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हत्या, लूट, डकैती और नशे के मामलों में बढ़ोतरी हुई है तथा खनन और वन माफिया पूरे प्रदेश में सक्रिय हैं। कांगड़ा, चंबा, मंडी और सोलन जैसे जिलों में अवैध खनन व वन कटान की घटनाओं ने प्रशासन की कमजोरी उजागर कर दी है और वन अधिकारियों पर हमले इस बात का संकेत हैं कि कानून का भय समाप्त हो चुका है।



बिंदल ने कहा कि सरकार संसाधन बढ़ाने के बजाय कर्ज बढ़ाने की नीति पर चल रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए इसे 'कर्जा लेकर घी पियो' की नीति बताया। उनके अनुसार एडवाइजर, ओएसडी और विशेष पदों पर बड़ी संख्या में नियुक्तियां की गई हैं, जिन पर करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। मुख्य संसदीय सचिवों के मामले में न्यायालय के फैसले के बाद पद हटाने पड़े, लेकिन तब तक भारी व्यय हो चुका था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महंगे वकीलों की नियुक्ति और अतिरिक्त विधि अधिकारियों की तैनाती से वित्तीय बोझ और बढ़ा है।

बिंदल ने चुनावी गारंटियों, 1500 मासिक सहायता, मुफ्त बिजली और एक लाख नौकरियों को बिना ठोस वित्तीय योजना के घोषित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज सरकार स्वयं वित्तीय संकट का हवाला दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टैज कैरिज सेवा के लिए आवेदन तिथि 19 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विकास जम्वाल ने बताया कि प्रदेश सरकार परिवहन विभाग की ओर से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत अधिसूचित चिहिन्त मार्गो पर स्टैज कैरिज सेवाओं के लिए हिमाचल के स्थायी निवासियों के लिए 18 से 42 सीट वाली बसों के लिए आवेदन 19 जनवरी से 8 फरवरी तक परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग पुनः आवेदन की तिथि को 19 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है।

### पंजीकृत श्रमिक 28 से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** श्रम कल्याण अधिकारी, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कांगड़ा ने सूचित किया कि बोर्ड में पंजीकृत सभी श्रमिकों को 28 फरवरी से पूर्व अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवानी होगी। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूर्ण न करने पर श्रमिकों को बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। ई-केवाईसी की सुविधा श्रम कल्याण कार्यालय धर्मशाला, उप-कार्यालय पालमपुर, नूरपुर (कमरा नंबर 307, मिनी सचिवालय) तथा देहरा में उपलब्ध है। श्रमिक अपने साथ पंजीकरण पुस्तिका अवश्य लाएं। असमर्थ होने पर 01892-237322 पर संपर्क कर प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### शारीरिक शिक्षा विभाग में नए पद का सृजन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग में नए पद का सृजन उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया के प्रयासों से संभव हुआ है। यह मांग लंबे समय से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा उठाई जा रही थी। बढ़ती छात्र संख्या और खेल गतिविधियों के विस्तार को देखते हुए विभाग को सुदृढ़ करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक पठानिया, जो स्वयं पूर्व में हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं, ने खेलों के महत्व को समझते हुए इस दिशा में ठोस पहल की। नए पद के सृजन से विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण व मार्गदर्शन मिलेगा।

### करियाड़ा में यज्ञ के साथ शिवरात्रि महापर्व शुरू



**अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा स्थित प्राचीन नाग मंदिर में बुधवार से शिवरात्रि महापर्व का विधिवत शुभारंभ हुआ। पांच विद्वान पंडितों और ज्योतिषाचार्य भवानी शंकर के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि-विधान के साथ 6 दिवसीय हवन यज्ञ शुरू हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कुलदीप सिंह गुलेरिया के मार्गदर्शन में आयोजन में हरियाणा, दिल्ली, जम्मू, लुधियाना, अंबाला, ऊना और चंडीगढ़ सहित कई राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आगामी दिनों में धार्मिक प्रवचन, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### तकनीकी प्रसार की संभावनाओं का किया मूल्यांकन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के वैज्ञानिकों ने 8 से 10 फरवरी को केंद्रपाड़ा के कुसुनपुर गांव का दौरा किया, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत दृष्टिकोण के अनुरूप स्मार्ट विलेज मिशन का हिस्सा है। इस दौरान टीम ने ग्रामीणों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों के साथ विचार-विमर्श कर आजीविका के अवसरों और तकनीकी प्रसार की संभावनाओं का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों पर तकनीकी व्याख्यान और प्रदर्शनी आयोजित की गई, साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले फूलों के बीज और पोषणयुक्त खाद्य उत्पाद वितरित किए गए। टीम ने पुष्पकृषि, मधुमक्खी पालन और जैव-संसाधनों के मूल्यवर्धन के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और कुपोषण से निपटने पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का समापन किसानों के लिए नर्सरी क्यारी तैयार करने के व्यावहारिक प्रदर्शन के साथ हुआ।

### निजीकरण व स्मार्ट मीटरों के विरोध में प्रदर्शन आज

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश में बिजली बोर्ड के संभावित निजीकरण और स्मार्ट मीटरों के विरोध को लेकर कर्मचारियों और पेंशनरों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में फतेहपुर इकाई ने आंदोलन को मजबूती देने की तैयारी तेज कर दी है। विद्युत बोर्ड पेंशनर्ज फोरम फतेहपुर की बैठक में वीरवार को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक विद्युत मंडल परिसर में लंच टाइम प्रदर्शन की रणनीति तय की गई। इकाई सचिव कुलजीवन डोगरा ने पेंशनरों से अपील की कि वे 12 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे तक पहुंचकर इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड की सुरक्षा हमारी पेंशन की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।

### लंज कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवे दिन के शिविर की शुरुआत प्रार्थना सभा व योगा से हुई उसके उपरांत स्वयंसेवियों ने लंज खास पंचायत में स्थित कौड़िया कलर गांव में साफ-सफाई की और आसपास फैले प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित किया। साथ ही सफाई का संदेश दिया। शिविर की मानसिक कार्यशाला में सुबह के सत्र में सहायक आचार्य मुकेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए, जिन्होंने स्वयंसेवियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड चैट जीपीटी के ऊपर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# खनन दरों में संशोधन से राजस्व वृद्धि की आस जिले में अब तक 10 करोड़ का राजस्व एकत्रित

## पिछले वर्ष किया था 17 करोड़ राजस्व एकत्रित, इस बार बढ़ोतरी की संभावना

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार की ओर से खनन दरों में किए गए संशोधन से कांगड़ा जिले में भी राजस्व वृद्धि की आस खनन विभाग लगाए हुए है। जिले में चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक 10 करोड़ का राजस्व एकत्रित किया जा चुका है। विभाग का दावा है कि पिछले राजस्व से इस बार जिला का राजस्व बढ़ेगा।

आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो गत वर्ष 17 करोड़ राजस्व एकत्रित किया गया, जिसमें इस बार बढ़ोतरी की संभावना है। गौरतलब है कि हिमाचल सरकार ने राज्य में खनन रॉयल्टी दरों को संशोधित किया है और नई खनिक नीति 2024 के तहत अवैध खनन रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई है, जिससे राजस्व लक्ष्य को 400 करोड़ से ऊपर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। अब नदी तल में खनन की गहराई बढ़ाई गई है।

### राजस्व पर फोकस, खनन प्रभावित क्षेत्रों की होगी इंस्पेक्शन



**खनन** अधिकारी धर्मशाला शैलजा चौधरी ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि राज्य सरकार की जो भी दिशानिर्देश होंगे, उसी अनुरूप कार्य किया जाएगा। राजस्व पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अवैध खनन प्रभावित क्षेत्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा, साथ ही विभागीय स्टाफ को भी अवैध खनन के मामलों की समय पर सूचना देने की बात कही जाएगी। कई बार अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई करने जाते हैं, जो लोगों का सहयोग भी जरूरी होता है, क्योंकि जब तक खनन करने वालों की जानकारी नहीं होगी तो कार्रवाई करना मुश्किल होता है।

### अब तक 310 चालान 6.57 लाख जुर्माना

**खनन** अधिकारी ने बताया कि जिला कांगड़ा में इस वर्ष अवैध खनन के 310 चालान किए गए हैं और 6 लाख 57 हजार रुपए का जुर्माना खनन करने वालों पर लगाया है, जबकि 114 मामले अभी विभाग में लंबित हैं। खनन विभाग की मानें तो अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई करने में एसडीएम और पुलिस प्रशासन का सहयोग रहता है।

### रॉयल्टी रिवाइज्ड, बढ़ेगा राजस्व

**बकौल** शैलजा चौधरी खनन विभाग की ओर से गत वर्ष 17 करोड़ का राजस्व एकत्रित किया गया था। चालू वित्त वर्ष में ज्यादा राजस्व आने की संभावना है, क्योंकि इस बार रॉयल्टी रिवाइज्ड हुई है, चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक 10 करोड़ का राजस्व एकत्रित किया जा चुका है, इसमें और इजाफा करने के प्रयास किए जाएंगे।

## राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला टीम ने किया गेहूं फसल का निरीक्षण



खेत में गेहूं की फसल का निरीक्षण करती टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** कृषि विभाग की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की टीम ने नगरोटा बगवां विकास खंड के लखामंडल, कवाड़ी, मुहालखड्ड और चाड़ी क्षेत्रों में गेहूं की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीला रतुआ रोग की गहन जांच की गई।

टीम ने पाया कि वर्तमान में इन क्षेत्रों में पीला रतुआ रोग का कोई प्रकोप नहीं है और फसल की स्थिति संतोषजनक है।

हालांकि, विशेषज्ञों ने किसानों को अधिक ठंड और नमी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। पीला रतुआ रोग हिमाचल प्रदेश में गेहूं का प्रमुख रोग है, जो पत्तियों पर पीली धारियों और हल्दी जैसा चूर्ण पैदा करता है। किसानों को रोग प्रतिरोधी किस्में जैसे एचपीडब्ल्यू 360, एचएस 542, डब्ल्यूएच 1270, डीबीडब्ल्यू 303, डीबीडब्ल्यू 327, पीबीडब्ल्यू 872, डीबीडब्ल्यू 371 और डीबीडब्ल्यू 372 अपनाने की सलाह दी गई। रोग दिखाई देने पर प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी का 0.1% सांद्रता वाला घोल छिड़काव करना चाहिए। निरीक्षण दल में डॉ. रीता ठाकुर, डॉ. शिल्पा चौहान, डॉ. अनीता शर्मा, डॉ. बलविंदर वालिया और डॉ. संजीव कपूर शामिल थे। कृषि विभाग ने किसानों से नियमित फसल निरीक्षण करने और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत संपर्क करने की अपील की।

## हवाई अड्डे के विस्तार के लिए हिमाचल सरकार ने प्रदान नहीं की भूमि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए राज्य सरकार से अनुरोध किया है, लेकिन यह भूमि अभी तक राज्य सरकार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को प्रदान नहीं की है। उन्होंने बताया कि नेशनल सिविल एविएशन पॉलिसी 2016 के अधीन इस एयरपोर्ट के विस्तार के लिए मुफ्त जमीन प्रदान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है तथा जमीन के अधिग्रहण में विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा भी राज्य सरकार ही प्रदान करेगी।

- केंद्रीय मंत्री मुरलीधर ने सांसद इंदु गोस्वामी को दी जानकारी
- कहा- एएआई ने किया था 369.82 एकड़ भूमि प्रदान करने का आग्रह

**युद्ध विधवाओं को ईसीएचएस सदस्यता में छूट :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को बताया कि युद्ध विधवाओं को एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) की सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक मुश्त योगदान से छूट प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सैनिक बोर्ड हवलदार या बराबर रैंक के पूर्व फौजियों/युद्ध विधवाओं की दो बेटियों की शादी के लिए प्रत्येक केस में एक लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान करता है।

## लोसर से पहले मैक्लोडगंज पहुंचेंगे धर्मगुरु दलाईलामा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा तिब्बती नववर्ष लोसर उत्सव से पहले बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज पहुंच जाएंगे। लोसर से पहले धर्मगुरु के मैक्लोडगंज पहुंचने के चलते निर्वासित तिब्बतियों में लोसर को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। निर्वासित समाज इन दिनों लोसर उत्सव की तैयारियों में जुटा हुआ है।

हालांकि, तिब्बत में लोसर उत्सव पर 15 दिन तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन निर्वासन में रहते हुए तिब्बती समुदाय तीन दिनों तक नववर्ष उत्सव लोसर मनाता है। इस बार लोसर उत्सव मैक्लोडगंज में 18 से 20 फरवरी तक मनाया जाएगा, जिसको लेकर इन दिनों तिब्बती लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं। लोसर उत्सव परंपराओं को संरक्षित करने, दलाईलामा के लिए प्रार्थना करने और सांग-सोल (अगरबत्ती जलाने) की प्रार्थना, कापसे (तली हुई कुकीज) और सांस्कृतिक प्रदर्शनों के माध्यम से पहचान को मजबूत करने पर केंद्रित है। तिब्बती नववर्ष लोसर पर चुगलाखंग बौद्ध मैक्लोडगंज सहित अन्य बौद्ध मठों में प्रार्थनाएं होती हैं और समुदाय परंपराओं को बनाए रखने के लिए इकट्ठा होते हैं, जो तिब्बत में प्रतिबंधित समारोहों के सीधे विपरीत है। इस दौरान धर्मगुरु दलाईलामा के लंबे जीवन और तिब्बत में स्वतंत्रता की वापसी के लिए प्रार्थना की जाती है।

- निर्वासित समुदाय लोसर की तैयारियों में जुटा

### धर्मगुरु दलाईलामा के खिलाफ दुष्प्रचार की इंडो-तिब्बतियन फ्रेंडशिप एसोसिएशन ने की निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंडो-तिब्बतन फ्रेंडशिप एसोसिएशन (आईटीएफए) धर्मशाला 14वें दलाईलामा के पवित्र नाम को आधारहीन, भ्रामक एवं नैतिक रूप से आपतिजनक विषयों से जोड़ने के उद्देश्य से किए जा रहे दुष्प्रचार और मानहानिकारक कथाओं की कड़े शब्दों में निंदा करता है। एसोसिएशन का कहना है कि धर्मगुरु दलाईलामा विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु है, जिनका संपूर्ण जीवन शांति, करुणा, अहिंसा, नैतिक आचरण एवं सार्वभौमिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को समर्पित रहा है। उनकी निष्कलंक नैतिक छवि को सनसनीखेज, अटकलबाजीपूर्ण अथवा दुर्भावनापूर्ण आरोपों द्वारा धूमिल करने का कोई भी प्रयास अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है और विश्वभर में उनके प्रति गहरी आस्था रखने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करता है। एसोसिएशन ने धर्मगुरु और उनके कार्यालय के प्रति अपनी पूर्ण आस्था, एकजुटता एवं अडिग समर्थन व्यक्त करता है। एसोसिएशन ने कहा कि 14वें दलाई लामा द्वारा प्रतिपादिल शाश्वत मानवीय मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है तथा हर प्रकार के दुष्प्रचार, मानहानि एवं गलत सूचना के विरुद्ध दृढ़ता से खड़ा रहेगा।

## हिमाचल का हर नागरिक सुक्खू सरकार के साथ खड़ा: संजय चौहान

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हर संकट को बखूबी सुलझा लेते हैं और हर समय जनता की सेवा में लगे रहते हैं। जब भाजपा शासित केंद्र सरकार की सुक्खू सरकार को गिराने की सभी कोशिशें नाकाम हो गईं तो प्रदेश की जनता की छाती पर कुठाराघात किया गया और 79 वर्ष से चली आ रही राजस्व ग्रांट बंद कर दी। प्रदेश हित के लिए जो भी मदद केंद्र सरकार ने प्रदेश वासियों से छीन ली है उसकी बहाली के लिए मुख्यमंत्री चार बार दिल्ली जा कर हिमाचलियों के हितों के लिए गुहार लगा चुके हैं। संजय ने कहा कि हिमाचल से बने चार लोक सभा सांसद एक मर्तबा भी सदन में हिमाचल में आई आपदा और हिमाचल के साथ हो रहे अत्याचारों पर आवाज नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सुक्खू सरकार ने शासन संभाला था तो भाजपा प्रदेश का खजाना खाली कर चुकी थी और उसके उपर लगभग 78000 करोड़ का कर्ज था, लेकिन फिर भी सुक्खू सरकार ने प्रदेश को आत्म स्वावलंबन की ओर अग्रसर किया। प्रदेश में कोई वित्तीय संकट नहीं है और थोड़ा बहुत आर्थिक दवाब को सरकार और प्रदेश की जनता बहुत सहजता से सुलझा लेगी। प्रदेश का हर नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर सुक्खू सरकार के साथ खड़ा है।

## प्रदेशभर के वोकेशनल टीचर्स के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू

### चार बैच में दी जाएगी स्कूल संचालन व फंडस इस्तेमाल की ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान



प्रदेशभर के 91 वोकेशनल टीचर्स पहुंचे। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला स्थित डाइट धर्मशाला में बुधवार को प्रदेशभर के वोकेशनल टीचर्स के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हुआ। इसमें प्रदेशभर के 98 टीचर्स भाग लेंगे। अभी तक 91 टीचर्स ही प्रोग्राम में पहुंचे हैं। वोकेशनल टीचर्स को इस दौरान स्कूल संचालन तथा फंडस इस्तेमाल की जानकारियां दी जाएंगी। डाइट धर्मशाला के जिला वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर विश्वनाथ मलकोटिया ने बताया कि प्रदेश के स्कूलों में जो नए वोकेशनल टीचर इंडक्ट किए जाते हैं, उनके लिए भारत सरकार और समग्र शिक्षा के सहयोग से इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम चार बैच में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पहले बैच की ट्रेनिंग 15 फरवरी तक चलेगी। ट्रेनिंग के लिए 98 टीचर्स आने थे, जिनमें से 91 पहुंच चुके हैं। इंडक्शन ट्रेनिंग बेहद जरूरी है, जिसमें उन्हें स्कूलों में कार्य करने तथा फंडस खर्च किस तरह किए जाएं, इसकी जानकारी दी जाती है।

ट्रेनिंग के लिए शिमला से वोकेशनल टीचिंग प्रोवाइडर शिमला से आए हैं, जो कि वोकेशनल टीचर्स को भविष्य में काम आने वाली बातों की जानकारी प्रेक्टिकली तौर पर देते हैं। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम जिला कांगड़ा डाइट और कुल्लू को मिले हैं। वोकेशनल के 16 ट्रेडस हैं, जिनमें से जिला कांगड़ा में ट्रेनिंग प्रोग्राम में वोकेशनल टीचर्स को 8 ट्रेडस व कुल्लू में 8 ट्रेडस की ट्रेनिंग दी जा रही है।

## पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना आयोग की प्राथमिकता: विद्या नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा बुधवार को मंडलीय आयुक्त कार्यालय धर्मशाला में जिला स्तर पर विशेष अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद एवं घरेलू हिंसा से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी, सदस्य सरोज शर्मा, रीना पुंडीर तथा रीना दरोच ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, ताकि मामलों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी ने बताया कि कुल सूचीबद्ध 28 मामलों में से 15 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से 12 मामलों का निपटारा कर दिया गया, जबकि 3 मामले प्रक्रिया में हैं, जिनमें याचिकाकर्ता एवं प्रतिवादी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आयोग शीघ्र ही दूसरी विशेष अदालत का आयोजन करेगा। महिलाओं को न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पीड़ित महिलाओं को किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आयोग से नि:संकोच संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर हिमाचल महिला आयोग कार्यालय शिमला से सदस्या सचिव बुशरा अंसारी, लॉ ऑफिसर यशपाल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर, महिला थाना धर्मशाला से सब-इंस्पेक्टर रजनी, हैड कांस्टेबल आशा तथा महिला आयोग के निजी सचिव दिलीप सिंह व राधिका सूद उपस्थित रहे।

- राज्य महिला आयोग की विशेष अदालत में 28 में से 15 मामलों की सुनवाई

## कांग्रेस छल से सरकार में न आती तो हिमाचल कंगाल न होता: त्रिलोक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि कांग्रेस छल से सरकार में न आती, तो हिमाचल आर्थिक रूप से कंगाल न होता। बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति में त्रिलोक कपूर ने कहा कि झूठ की बुनियाद पर बनी सुक्खू सरकार स्वयं अपने अनुभवहीन, अप्रबंधन और पार्टी में मची कलह से कभी भी धराशाई हो सकती है। ऐसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को इस बात का आश्चर्य है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के दो सलाहकार हैं, तो छोटे से हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को आधा दर्जन सलाहकार की फौज नियुक्त करने की क्या आवश्यकता थी, लेकिन यह मित्रों की सरकार है और मित्रों के चक्कर में हिमाचल प्रदेश को पूरी तरह बर्बाद करके रख दिया है। हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के दावों और वित्तीय संकट की दुहाई के बीच पिछले तीन वर्षों का लेखा-जोखा एक गहरे विरोधाभास को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि यदि हम दिसंबर, 2022 से फरवरी, 2026 तक के वित्तीय पदचिह्नों का बारीकी से विश्लेषण करें, तो स्पष्ट होता है कि जिस राशि का उपयोग कर्मचारियों के लंबित एरियर, डीए की किस्तों या हिमकेयर जैसी जीवनदायिनी योजनाओं के भुगतान के लिए हो सकता था, उसे उत्सवों, प्रचार और विशेषाधिकारों की भेंट चढ़ा दिया गया। केवल मंडी और धर्मशाला जैसे आयोजनों और रैलियों पर ही लगभग 70 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए, जबकि इतने ही बजट में हजारों कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा किया जा सकता था, कुल मिलाकर 1040 करोड़ रुपए के करीब का वह खर्च है, जिसे टाला जा सकता था। प्रदेश की जनता की जेब पर लाद दिया गया।

## राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में 8वीं कक्षा में प्रवेश को मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी) देहरादून में जनवरी 2027 सत्र में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक पात्र उम्मीदवार 5 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 जून 2026 को देश के चुनिंदा केंद्रों पर होगी। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि प्रवेश पाने के लिए छात्र और छात्राएं दोनों ही आवेदन करने के पात्र हैं। उम्मीदवार की आयु पहली जनवरी 2027 को साढ़े 11 साल से कम और 13 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 2 जनवरी 2014 से पहले तथा पहली जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए। लिखित प्रवेश परीक्षा 450 अंकों की होगी। अंग्रेजी की परीक्षा 125 अंक, गणित 200, सामान्य ज्ञान का पेपर 75 अंक का होगा। उतीर्ण उम्मीदवारों का 50 अंक का साक्षात्कार रखा गया है। साक्षात्कार की तारीख बाद में तय की जाएगी।

# स्प्रिंग डेल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव को मिला लीडरशिप अवॉर्ड

अनंत ज्ञान



यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया ने सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निर्याल को डॉ. डॉनी (सीनियर लेक्चरर, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया) और डॉ. आदित्य सक्सेना (डेना, स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड डिजाइन वॉक्सेन यूनिवर्सिटी इंडिया) की ओर से प्रशंसनीय पत्र प्रदान किया गया।

यह प्रशंसनीय पत्र उनकी लीडरशिप और प्रशासक और मार्गदर्शन को देखते हुए प्रदान किया गया। यह प्रशंसनीय पत्र उनके विद्यालय में शिक्षक गुणवत्ता को बेहतर बनाने, पाठ्यक्रम का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, परीक्षा परिणाम में सुधार करने, स्कूल की दैनिक गतिविधियों का सुचारु संचालन, स्टाफ शिक्षकों की भर्ती, कार्य विभाजन और अनुशासन बनाए रखना, छात्रों के लिए सुरक्षित वातावरण, छात्रों में खेल के प्रति सर्वांगीण विकास, स्वच्छ और सकारात्मक शिक्षक माहौल सुनिश्चित करने, स्कूल में वित्तीय प्रबंधन करने, स्कूल के बजट को देखते हुए स्कूल की वित्तीय संसाधनों का सही उपयोग करना और बजट को सावधानीपूर्वक प्रबंध करना, संवाद और समन्वय करना, शिक्षक को अभिभावकों तथा समुदाय के बीच सकारात्मक संबंध बनाए रखने में सहायता करना और समस्याओं का समाधान करना, विद्यालयों को विकास के पथ पर ले जाने के लिए बनाई गई, एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग, आत्म दक्षता और कल्याण नामक शोध अध्ययन को देखते हुए प्रदान किया गया।

स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को धाई दी। मुबारकबात दी और साथ ही बताया कि यह ज्वाली सिटी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है की स्कूल में एआई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को देखते हुए इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## प्रदेश सरकार फिजूलखर्ची रोके, गरीबों की पेंशन पर धमकी न दे: चेतक कंवर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाजपा मंडल महामंत्री चेतक कंवर ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को फिजूल खर्चे बंद करने चाहिए, न कि गरीबों की पेंशन और कल्याणकारी योजनाओं को रोकने की धमकी देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार 16वें वित्त आयोग में आरडीजी बंद होने का रोना रो रही है, जबकि 15वें वित्त आयोग के दौरान ही स्पष्ट कर दिया गया था कि रेवेन्यू डिफिसिट ग्रांट 31 मार्च 2026 तक ही लागू रहेगी। कंवर ने आरोप लगाया कि सरकार अलग-अलग ओहदों पर दो दर्जन से अधिक चेयरमैन और सलाहकारों को कैबिनेट रैंक देकर अनावश्यक खर्च बढ़ा रही है। मंत्रियों की गाड़ियों और मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर खर्च में कटौती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार की सहारा योजना और मुफ्त इलाज जैसी योजनाएं बंद कर गरीबों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

## राज्यों को डराकर ऑपरेशन लोटस के प्रयास: भवानी



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते विधायक एवं योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** फतेहपुर के विधायक एवं योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने धर्मशाला में पत्रकारों में आरडीजी बंद करने पर अपनी बात कही। उन्होंने केंद्र व भाजपा पर हमला बोलते हुए राजस्व अनुदान घाटे को बंद करने को आर्थिक आंतकवाद का नाम दिया।

उन्होंने कहा कि राज्यों को डराकर ऑपरेशन लोटस के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान 275 के तहत राजस्व अनुदान घाटा की सुविधा शुरू की गई थी। देश की आजादी के बाद संविधान में इस बात को विशेष रूप से शामिल किया गया था। इसमें पहाड़ी राज्यों का भी उनकी भौगोलिक स्तिथियों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई थी। भवानी ने कहा कि महाराष्ट्र व हिमाचल के लोगों को एक तरह की सुविधा चाहिए, लेकिन कमाई पहाड़ी राज्य में अधिक न होने पर सरकार की ओर से राजस्व अनुदान घाटे का संवैधानिक हक प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि एक फरवरी से केंद्र की ओर से इसे बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार व सीएम मुख्यमंत्री की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं। साथ ही हिमाचल के हकों को वापिस लेने के लिए हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, वाइट फ्लॉवर हॉल सहित अन्य हितों को सुरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 50 से 55 हजार करोड़ राज्य से छीनने का प्रयास किया जा रहा है। जीएसटी कंपनसेशन के रूप में भी 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक मिलता था, वो भी बंद कर दिया गया। हिमाचल में आरडीजी बंद करने से 15 फीसदी का कुल बजट में असर पड़ा है। छह हजार करोड़ के घाटे से उभरने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। इस मौके पर देवेंद्र जग्गी, विजय इंद्र कर्ण, हरभजन सिंह भज्जी, सुरेश कुमार पप्पी आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव: बिक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला/नूरपुर।** केंद्रीय बजट 2026 देश को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर ले जाने वाला दूरदर्शी और संतुलित बजट है। पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने नूरपुर में प्रेसवार्ता में कहा कि यह बजट तात्कालिक लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती, निवेश, रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे के विस्तार पर केंद्रित है। यह बजट स्पष्ट करता है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता केवल विकास नहीं, बल्कि समान अवसरों के साथ समावेशी विकास है। इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि देश की आर्थिक नीति को सब्सिडी आधारित मॉडल से निवेश आधारित मॉडल की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी और लॉजिस्टिक्स में किए गए प्रावधान आने वाले वर्षों में रोजगार के स्थायी अवसर पैदा करेंगे। इससे देश की उत्पादक क्षमता बढ़ेगी और भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में और मजबूत भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बजट ने देश के हर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प दोहराया है। रेलवे नेटवर्क का आधुनिकीकरण, सुरक्षा, विद्युतीकरण और स्टेशन विकास से यात्री सुविधाओं में सुधार होगा और माल परिवहन को गति मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मानसी का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पालमपुर की रहने वाली एवं पीजीआई चंडीगढ़ के रेडियोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. मानसी वर्मा ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन ब्राजील के रियो डी जेनेरो में 3 से 7 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सोसाइटी फॉर कार्डियोवैस्कुलर मैग्नेटिक रेजोनेंस (एससीएमआर 2026) के लिए हुआ था। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में डॉ. मानसी वर्मा ने मायोकार्डियल इस्केमिया से संबंधित सबमाइट्रल एन्यूरिज्म विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया, जिसे विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया। साथ ही उन्हें अर्ली करियर स्टीयरिंग ग्रुप में भी चयनित किया गया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया एवं पीआर कमेटी बैठकों में भाग लिया तथा स्पीड मेंटरिंग सत्र का संचालन भी किया। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें स्ष्टरूक्र ट्रैवल ग्रांट से भी सम्मानित किया गया।

### परमार ने सरकार की नीतियों पर जताई चिंता

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने हिमाचल प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार की नीतियों को गहरे आर्थिक, प्रशासनिक और नैतिक संकट का कारण बताते हुए चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की असुरक्षा, योजनाओं की धीमी गति और वित्तीय अनुशासन की कमी ने जनता में अविश्वास और असंतोष पैदा किया है। परमार ने कांग्रेस सरकार को आत्ममंथन और नीतिगत स्पष्टता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और इसे 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। उन्होंने पंडित जी के जीवन को राष्ट्रसेवा और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# भनाला और बोडुसरना पंचायत के बाशिंदों को मिला नया फुटब्रिज

## उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने किया निरीक्षण, लोगों ने सीएम को कहा थैंक्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विस क्षेत्र के भनाला तथा बोडुसरना पंचायतों को आपस में जोड़ने वाला नया फुटब्रिज मिलने से सफर फिर से आसान हो गया है। ग्रामीणों ने नया फुटब्रिज निर्मित होने पर सीएम का थैंक्स भी किया है। बुधवार को उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने दस लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित फुटब्रिज का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प को साकार करते हुए मात्र दस लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य तीन माह की अवधि में पूर्ण किया गया है, जिससे सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि भनाला तथा बोडुसरना को जोड़ने वाला फुट ब्रिज भारी बरसात के चलते पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने कहा कि धड़मोथा गांव सहित लगभग 200 नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि लोगों की इस समस्या को लेकर एक ही फोन कॉल पर मुख्यमंत्री द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद भी किया।

### पठानिया ने जन्मदिन पर बच्चों को भेंट किए 158 स्कूल बैग



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने धारकंडी क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोह में विद्यार्थियों को 150 डेस्क और 158 स्कूल बैग वितरित किए, जिसकी लागत लगभग 3.50 लाख रुपये थी। उन्होंने बताया कि यह वादा वे पहले बच्चों से कर चुके थे। विधायक ने क्षेत्र में बागवानी, पर्यटन, रोड निर्माण और रोपवे जैसी विकास योजनाओं की जानकारी दी तथा बोह घाटी के सांस्कृतिक कार्यक्रम को जिला स्तरीय दर्जा मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# धर्मशाला में तीन दिवसीय भारत मलेशिया कला प्रदर्शनी शुरू

## भारत की 14 व मलेशिया की 8 कृतियां कर रही आकर्षित

◆ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जग्गी ने किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा संग्रहालय धर्मशाला तीन दिवसीय भारत और मलेशिया की संयुक्त कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी में देशभर के कई कलाकार अपनी कृतियां प्रदर्शित कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में मलेशिया के भी कलाकार भाग लेने वाले थे, मगर किसी कारणवश वे यहां नहीं पहुंच पाए, जबकि उनकी कृतियां प्रदर्शनी की शोभा बढ़ा रही हैं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मेयर और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव देवेंद्र जग्गी ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी को यहां के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनियां कैसे मानव जीवन को प्रभावित करती हैं, वहीं राजस्थान से प्रदर्शनी का हिस्सा बनी नीलू कांवरियां ने बताया कि उन्हें आम लोगों के चेहरों की भाग भंगिमाओं की चित्रकारी करती हैं और देशभर के कई हिस्सों में इसकी प्रदर्शनियां लगा चुकी हैं। इतनी ही नहीं विदेश में भी उनकी चित्रकारी प्रदर्शनियों का हिस्सा बन चुकी हैं और 30 साल से यही काम कर रही हैं, वहीं राजस्थान के जयपुर से आए राजकुमार चौहान ने बताया उन्होंने आज से 30 साल पहले भी कांगड़ा में ही अपनी चित्रकला की प्रदर्शनी लगाकर अपने पेंटिंग करियर की शुरुआत की और आज 30 साल बाद भी यहीं चार दुर्लभ पेंटिंग लगाई हैं।

प्रदर्शनी को लेकर कला संग्रहालय की क्यूरेटर रीतू मालकोटिया ने कहा कि यह तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी है जिसमें भारत और मलेशिया की 42 कलाएं प्रदर्शित की जा रही हैं, भारत की 14 और मलेशिया की 8 चित्रकलाएं प्रदर्शित की गई हैं।

### बीड़ पुलिस ने चरस आरोपी की जानकारी पर दबोचा एक और युवक

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के तहत बीड़ पुलिस ने 8 फरवरी को चरस तस्करी के मामले में कोटली निवासी 42 वर्षीय विक्की कुमार उर्फ टैंकू राम को उसके घर से 118 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

रिमांड के दौरान थाना प्रभारी आदर्श बरयाल ने आरोपी से गहनता से पूछताछ की, जिसमें विक्की कुमार ने एक अन्य युवक के बारे में जानकारी दी। इस आधार पर बीड़ पुलिस कुल्लू पहुंची और कुल्लू निवासी पूर्व पंचायत प्रधान धनीराम को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चरस की सप्लाई कुल्लू से होती है और कैसे यह उसके पास पहुंचती है। विक्की कुमार पहले से तीन नशा तस्करी मामलों में लिप्त रहा है और इसके बावजूद अवैध कार्य जारी रख रहा था। बीड़ पुलिस अब इस मामले की कड़ियां जोड़ते हुए यह पता लगाने में जुटी है कि और कौन-कौन लोग इस तस्करी में शामिल हैं। थाना प्रभारी आदर्श बरयाल ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे नशा तस्करों की जानकारी पुलिस को दें, उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा ने बताया कि उपमंडल बैजनाथ में नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई जारी है और यह अभियान निरंतर चलेगा।

### विद्यार्थियों को करियर व काउंसिलिंग के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी, थाना बड़ग्रा तथा बड़ोह के विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक और व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए बड़ोह कॉलेज के विज्ञान संकाय द्वारा करियर एवं काउंसिलिंग जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. नीरज कुमार शर्मा, डॉ. अंजना (भौतिक विज्ञान) और प्रो. विधि चंद (रसायन विज्ञान) ने स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को करियर विकल्प, विषय चयन, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. अंजना ने भौतिक विज्ञान में उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला, डॉ. नीरज शर्मा ने लक्ष्य निर्धारण और अनुशासित अध्ययन के महत्व पर जोर दिया, जबकि प्रो. विधि चंद ने रसायन विज्ञान एवं अन्य विषयों के करियर विकल्पों के साथ निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास की आवश्यकता बताई। विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे वे समय रहते सही निर्णय ले सकें। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्रशासन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों की आवश्यकता व्यक्त की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के करियर निर्माण में प्रेरणास्रोत साबित हुआ।



नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान दी। अनंत ज्ञान

### कॉमन सर्विस सेंटरों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कार्यालय में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने की। बैठक में चल रही योजनाओं, लंबित कार्योंऔर भविष्य की कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि अब तक पंचायतों में 298 कॉमन सर्विस सेंटर बनाए जा चुके हैं, जिससे आमजन घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शेष सेंटरों को शीघ्र पूरा करने और उनकी सुविधाएं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में 15वें वित्त आयोग, एमपीएलएडीएस, विधायक क्षेत्र विकास निधि, पंचायत घर निर्माण, महात्मा गांधी नरेगा, अमृत सरोवर फेज-2, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना-2, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, पीएमकेएसवाई 2.0 तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लंबित और प्रगति कार्यों पर भी चर्चा हुई। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पेयजल, पौधारोपण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, घरेलू शौचालय निर्माण और स्कूलों में चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने लाभार्थियों के चिन्हांकन, जियोफेंसिंग और जॉब कार्ड ई-केवाईसी को समय पर पूरा करने पर भी जोर दिया। बैठक में अधिकारियों ने समस्त योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी साझा की।

### नई जोड़ी



डोहगी के रिषभ शर्मा व अरलू की आंचल शर्मा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।















## न्यूज ब्रीफ

### नारा लेखन से बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के निर्देशानुसार हमीरपुर के विभिन्न उपमंडलों के स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस के तहत नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) नादौन, बगवाड़ा, रैल, चौरी, कश्मीर और उच्च पाठशाला बैरी सहित कई संस्थानों में विद्यार्थियों को विशेषज्ञ चिट्टे जैसे नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिताओं और रैलियों के माध्यम से संदेश दिया गया। उपायुक्त गंधर्व राठौड़ ने बताया कि जिले के 56 स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस इकाइयां गठित की जा चुकी हैं और गतिविधियों का विस्तार जारी है।

### हमीरपुर में 17 को रोजगार मेला, 70 पदों पर होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में 17 फरवरी को सुबह 10:30 बजे रोजगार मेला आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड 70 सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 से 23,000 रुपए वेतन मिलेगा। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड सीनियर बीडीएम और बीडीएम के पद भरेगी, जिनके लिए स्नातक/एमबीए भूतपूर्व सैनिक पात्र हैं। वहीं, मैसर्स विमांशु एलिवेटर एंड एस्केलेटर में सेल्स, इंजीनियर और अकाउंटेंट सहित 16 पदों पर भर्ती होगी। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### डुग्घा में लोगों को बताईं बैंकों की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जन सुरक्षा योजनाओं, बैंक उपभोक्ता अधिकारों और निष्क्रिय खातों में पड़ी धनराशि के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए डुग्घा पंचायत में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरबीआई शिमला के एजीएम आशीष शर्मा ने निष्क्रिय खातों से धन निकासी प्रक्रिया, उपभोक्ता अधिकारों और शिकायत निवारण की जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग व साइबर ठगी से बचाव के उपाय भी बताए। जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल ने ऋण व जमा योजनाएं समझाईं। आरसेटी निदेशक अजय कतना ने स्वरोजगार प्रशिक्षण और विद्यार्थी ऋण योजना पर प्रकाश डाला। कई अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उचित मूल्य दुकान के लिए 20 मार्च तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत धमरोल के यानवीं गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान दोबारा आवंटित की जाएगी। जिला नियंत्रक शिव राम ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं 20 मार्च तक विभागीय पोर्टल एमर्जिंग हिमाचल.एचपी.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। प्राथमिकता स्थानीय पंचायत, स्वयं सहायता समूह व महिला समूहों को दी जाएगी। न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास है। आवश्यक प्रमाण पत्र, बैंक विवरण, रेंट एग्रीमेंट (यदि लागू) तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज अपलोड करना जरूरी है, अन्यथा आवेदन रद्द माना जाएगा।

### जमली धाम में बताया शिवरात्रि का महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गोशाला परिसर जमली धाम में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में बुधवार को महाकालेश्वर मंदिर में महाशिव पुराण की चतुर्थ दिन की कथा में व्यास पीठ से आचार्य पंकज हरी गोपाल शर्मा ने अपनी ओजस वाणी से शिवरात्रि की व्याख्या करते हुए कि कहा कि इस दिन रात्रि को चार पहर पूजा का विशेष महत्व है। चार पहर पूजा से ही शिवरात्री का जन्म माना गया है। शिवरात्रि को सोना नहीं चाहिए और चार पहर की पूजा व सत्संग करते रहना चाहिए। हर सनातनी के घर में शिवलिंग, तुलसी और गो माता का स्थान होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुनील सिंह, भाजपा नेता प्यारे लाल शर्मा, गौशाला बुमाणा के सतपाल पटियाल, कै. होशियार सिह, कै. चमेल सिंह, कै. हेमराज, विजय कुमार गोशाला जमली धाम के संस्थापक रसील सिंह मनकोटिया कमेटी के पदाधिकारी सर्व रजेश दीवान आदि उपस्थित रहे।

# सुजानपुर होली मेला : 24 घंटे में जमा करवानी होगी 60 फीसदी टेंडर कॉस्ट

## 5 करोड़ टर्नओवर वाले ठेकेदार ही हो सकते हैं नीलामी में शामिल, 16 फरवरी को होगी ऑक्शन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** टर्म्स एंड कंडीशन के हिसाब से सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली मेले में 5 करोड़ रुपए की टर्नओवर वाले ठेकेदार ही ऑक्शन में हिस्सा ले सकेंगे। यही नहीं, टेंडर जिसे आवंटित होगा, उसे 24 घंटे के अंदर 60 फीसदी राशि हर हाल में जमा करवानी होगी और चार दिन के भीतर शेष पैसा भी होली मेला समिति के खाते में जमा करना पड़ेगा।

मेले की अवधि इस बार 28 दिन की बजाए 25 दिन की रहेगी। टेंडर की लास्ट डेट 16 फरवरी तय की गई है और इसी दिन इसे खोला जाएगा।

दरअसल में प्रशासन ने अखबारों में जो टेंडर प्रकाशित किया है, उसमें सारी शर्तों का हवाला नहीं दिया गया है, इसलिए चर्चा यह भी है कि टेंडर के इस सिस्टम में खामियां भी बेशुमार हैं, क्योंकि पिछली मर्तबा होली के दरमियान जिन-जिन दुकानों का आवंटन किया गया था या फिर जो-जो चीजें ठेके पर दी गई थीं उनकी राशि के हिसाब से 15 फीसदी से ज्यादा इस बार ठेकेदार किसी से भी चार्ज नहीं कर सकेगा।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

यह तमाम तरह की शर्तें टेंडर फार्म पर अंकित की जा रही है। यही नहीं प्रशासन ने 1.75 करोड़ के इस टेंडर में 20 लाख की एफडीआर प्लज करने को भी कहा गया है। टेंडर फार्म 20000 रुपए की कास्ट का मिलेगा और यह राशि नॉन रिफंडेबल होगी। सूत्रों के मुताबिक पिछली मर्तबा 1.64 करोड़ का टेंडर किया था।

### टर्म्स एंड कंडीशन पर खूब हो रही चर्चा

वैसे तो प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में जहां भी इस तरह के बड़े मेले आयोजित किए जाते हैं, उनमें इसी तरह के टेंडर का प्रोसेस है, लेकिन सुजानपुर के इस होली मेले के लिए जो टर्म्स एंड कंडीशन लागू की गई है उनकी चर्चा खूब हो रही है। कमाई तो इससे प्रशासन को अच्छी खासी होगी, लेकिन शर्तों को लेकर अभी ऊहापोह की स्थिति बरकरार है। असल बात यह है कि नीलामी की प्रक्रिया में सुजानपुर के व्यापारियों को फायदा होने वाला है या फिर बाहर के लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि पहले की प्रक्रिया में भी खामियां इसलिए रहती थी, क्योंकि दुकानों के आवंटन में सब लैटिंग की प्रक्रिया भी खूब हावी रहती थी।

पारदर्शिता लाने के लिए इस बार यह नई व्यवस्था की गई है। निश्चित रूप में इसका फायदा न केवल होली मेला समिति को होगा, बल्कि व्यापारियों को भी होने वाला है। अभी प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीद यही है कि सब अच्छा होगा।

-विकास शुक्ला, एसडीएम, सुजानपुर।

# बिल्केश्वर महादेव की मूर्ति पर चढ़ेगा 151 किलोग्राम फूलों का हार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** चमनेड़ पंचायत में स्थित बिल्केश्वर महादेव मंदिर का श्रृंगार कई क्विंटल फूलों से किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की 35 फुट ऊंची मूर्ति पर 151 किलोग्राम फूलों का हार चढ़ाया जाएगा। शिवरात्रि के दिन शिव की मूर्ति पर हार चढ़ाने के दौरान हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति जार तथा समाजसेवी प्रकाश चंद शर्मा की पत्नी संतोष शर्मा उपस्थित रहेंगी। समाजसेवी प्रकाश चंद शर्मा तथा विधायक आशीष शर्मा के सामूहिक सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। विधायक आशीष शर्मा ने समय-समय पर मंदिर के विकास कार्य के लिए सहयोग किया है। इसी का नतीजा है कि आज यह मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। प्रकाश चंद शर्मा हर वर्ष की भांति इस बार भी कई क्विंटल फूल मंदिर की सजावट के लिए भेजेंगे। दिल्ली से फूल आएं और मंदिर का फूलों से श्रृंगार करने के लिए दिल्ली से ही कर्मी आएंगे, जिनका सहयोग स्थानीय लोग करेंगे। शिवरात्रि की रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। शिवरात्रि वाले दिन फलहार का वितरण किया जाएगा तथा आगले दिन विशाल भंडारे का आयोजन होगा। बताया जाता है कि मंदिर के कायाकल्प पर करीब दो करोड़ की राशि खर्च हुई है। इस राशि में से 40 से 50 फीसदी खर्च प्रकाश चंद शर्मा ने ही वहन किया है।

◆ मंदिर का फूलों से श्रृंगार करने के लिए दिल्ली से ही आएंगे कर्मी

# बड़सर में निकाली नशा विरोधी रैली



बड़सर में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकालते छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसायटी ने शिक्षा विभाग, शिक्षण संस्थानों, अन्य विभागों तथा क्षेत्र की संस्थाओं के सहयोग से जागरुकता रैली निकाली गई।

एसडीएम एवं उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष स्वाति डोगरा ने इस रैली को मिनी सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसडीएम ने स्वयं, अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों, क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, डिग्री कालेज, बीएड कॉलेज और एनएफसीआई संस्थान के विद्यार्थियों के साथ भाग लेकर नशे के विरुद्ध जागरुकता का संदेश दिया। यह रैली मिनी सचिवालय से बड़सर बाजार और मैहरे बाजार से गुजरती हुई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर पहुंची। इस अवसर पर एसडीएम ने सभी प्रतिभागियों को नशे का विरोध करने की शपथ दिलाई तथा चिट्टा एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया।

◆ एसडीएम स्वाति डोगरा ने विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

# बरेली का 20 वर्षीय युवक 5 दिन से लापता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर पुलिस थाना हमीरपुर के तहत उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के निवासी दोत राम पुत्र सुमेरी लाल गांव दोबरा तहसील उमरसीया ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका 20 वर्षीय बेटा राज कुमार 6 फरवरी को सुबह 7 बजे काम के लिए निकला उसके बाद घर नहीं लौटा। पिता दोत राम ने बताया कि 6 फरवरी को जब वह घर नहीं लौटा तो उसे सभी दोस्तों और रिश्तेदारों के पास पता किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। दोत राम ने थाना प्रभारी से गुहार लगाई है कि उसका परिवार बहुत गरीब है और अपने बेटे को हर जगह ढूंढने पर कोई पता नहीं चल रहा है कि वह कहां चला गया है। पुलिस थाना हमीरपुर में गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कर ली गई है और सभी थाना चौकियों में ईमेल से सूचित कर दिया है। थाना प्रभारी कुलवंत सिंह ने बताया कि युवक का फोन बंद रहा आ है। उन्होंने बताया कि कॉल डिटेल आने के बाद उसे खंगाला जाएगा।



# हमीरपुर के अस्पताल में आज से पर्ची के लगेंगे 10 रुपए

## शुल्क लेने से रोगी कल्याण समिति की आय में होगी बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में वीरवार से पर्ची बनाने के नए नियम लागू किए जा रहे हैं। इसके लिए पहले पर्ची बनाने के लिए मरीजों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, अब रोगी कल्याण समिति ने पर्ची का 10 रुपए शुल्क निर्धारित किया है। इस निर्णय 12 फरवरी से से लागू हो जाएगा। प्रत्येक मरीज से पर्ची बनाने के 10 रुपए लिए जाएंगे।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पर्ची बनाने के लिए न्यूनतम राशि लेने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे अब लागू किया जा रहा है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रोजाना 1200 के करीब मरीज अपनी जांच और इलाज करवाने के लिए आते हैं। 1200 मरीजों से 10 रुपए के हिसाब से 12 हजार रुपए की राशि बनेगी। बताया जा रहा है कि रोगी कल्याण समिति में इससे फंड इकट्ठा होगा, जिसे मरीजों के कल्याण में खर्च किया जाएगा। इस पर्ची की वैद्यता 15 दिन की होगी। इसमें 15 दिन के भीतर जांच करवाने पर कोई नई पर्ची नहीं बनवानी पड़ेगी। अस्पताल में आपातकाल में आने वाले मरीजों को भी पर्ची बनवाने के लिए 10 रुपए शुल्क लिया जाएगा। वहीं, 10 रुपए शुल्क के लिए कोई भी ऑनलाइन व्यवस्था नहीं की गई, यह राशि नकद रूप में ली जाएगी। गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहले अल्ट्रासाउंड भी निशुल्क किया जाता था, लेकिन अब उसके भी 110 रुपए लिए जा रहे हैं। हालांकि, मेडिकल कॉलेज में लैबोरेटरी में किए जाने वाले टेस्टों से न्यूनतम शुल्क लेने की बात की जा रही थी, लेकिन यह अभी तक इम्लीमेंट नहीं किया गया है। फिलहाल पर्ची के 10 रुपए शुल्क लेने के निर्णय को वीरवार से लागू किया जा रहा है। इस बारे में स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. देशराज शर्मा ने बताया कि रोगी कल्याण समिति ने पर्ची के 10 रुपए लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सारी राशि रोगी कल्याण समिति में जमा होगी।

# उबक में लावारिस कुत्तों के आतंक से सहमे लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मझोग सुल्तानी पंचायत के कुठेड़ा से पीछे उबक नामक जगह पर लावारिस कुत्तों के आतंक से लोग सहमे हुए हैं। शाम के समय 8 से 10 कुत्तों का झुंड दो पहिया वाहन चालकों पर हमला करने के लिए दौड़ता है। इस कारण अपने आप को इन कुत्तों से बचाना मुश्किल हो जाता है। गांव के लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इन खूंखार कुत्तों को पकड़कर किसी दूसरी जगह पर छोड़ा जाए और इनसे निजात दिलाई जाए।

### काले अम्ब में महिला विकास समिति का किया गठन

# अनिता कुमारी बनी महिला विकास समिति की प्रधान



विकास समिति की प्रधान को पंजीकरण पत्र सौंपा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** काले अम्ब में महिला विकास समिति का गठन किया गया, जिसमें अनिता कुमारी समिति की प्रधान तथा शशि किरण सरिता देवी, दीक्षा रीता सरला, अंजना कुमारी कार्यकारिणी सदस्य बनी। इस समिति का 2 फरवरी को पंजीकरण हुआ है। महिला विकास समिति की विशेष बैठक भी आयोजित की गई।

बैठक में ग्राम पंचायत में निवर्तमान प्रधान निर्मला डोगरा ने समिति के पंजीकरण पत्र को समिति की प्रधान अनिता कुमारी व अन्य कार्यकारिणी को सौंपा। समिति की सभी महिलाओं ने विकास समिति के पंजीकरण के लिए दिए गए सहयोग के लिए की वर्तमान प्रधान निर्मला डोगरा व विशेष कर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान रतन चंद डोगरा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने बताया कि निर्मला डोगरा एक महिला प्रधान के होने पर महिलाओं को बहुत सहयोग व सम्मान दिया है और भविष्य में भी हम एकजुट होकर पंचायत के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे और सामाजिक बुराई नशा चिट्टा के विरोध में भी अपनी भूमिका निभाएंगे प्रशासन की भी सहायता करने में अग्रणी रहेंगे।

# भोरंज मंडल भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारतीय जनता पार्टी भोरंज मंडल ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री उपस्थित रहे। साथ में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी, पूर्व एपीएमसी चेयरमैन अजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर व अभयवीर लवली सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। विजय अग्निहोत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनका मूल चिंतन समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का था। वे स्वदेशी, लघु उद्योग, सामाजिक सद्भाव और अनुशासन के पक्षधर थे। उन्होंने वर्ष 1937 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर 1967 में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस के विकल्प के रूप में जनसंघ को मजबूती प्रदान की। अग्निहोत्री ने बताया कि पंडित जी ने आत्मनिर्भर भारत, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के मार्ग पर अग्रसर है। अंत में सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# उहल-टौणी देवी सड़क 11 दिन बाद बहाल

## बसों की आवाजाही शुरू, लोगों ने मांगा स्थायी समाधान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** 11 दिनों के बाद उहल-टौणी देवी-कक्कड़ सड़क को बहाल कर दिया गया है। 31 जनवरी को डंगा गिरने के कारण यह मार्ग बड़ी गाड़ियों के लिए बंद कर दिया था, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मार्ग बंद रहने से टौणी देवी तहसील और ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए लोगों को वाया छतरूढ़-चौरी कोट होकर करीब 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। निजी व सरकारी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी, मजदूर वर्ग और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी सबसे अधिक प्रभावित रहे। हालांकि छोटी गाड़ियों के लिए सड़क पहले खोल दी गई थी, लेकिन कटिंग और रिपेयरिंग कार्य के चलते उन्हें भी कई-कई घंटों तक रोका जा रहा था। बुधवार सुबह कार्यस्थल से मलबा हटाकर मार्ग को बसों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया। जंगलबेरी से हमीरपुर जाने वाली सभी बसें इसी मार्ग से रवाना हुईं। जंगलबेरी-शिमला बस भी अपने निर्धारित समय पर टौणी देवी पहुंची, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि टौणी देवी-उहल-जंगलबेरी डिस्ट्रिक्ट मेजर रोड पर तंग मोड़ों की जल्द कटिंग कर उन्हें चौड़ा किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो। सड़क पर जगह-जगह पैचवर्क करने की बजाए पूरी सड़क पर गुणवत्ता पूर्ण टारिंग की जाए, जिससे सफर सुरक्षित और सुगम बन सके। लोक निर्माण विभाग टौणी देवी उपमंडल के सहायक अभियंता नितेश भारद्वाज ने बताया कि बुधवार को उहल-टौणी देवी-कक्कड़ सड़क को खोल दिया गया है और आगे भी सड़क की स्थिति सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



डंगा गिरने से बड़ी गाड़ियों के लिए मार्ग था बंद। अनंत ज्ञान

# आरडीसी में दिव्यांश भूषण ने बढ़ाया सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा का मान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के कक्षा दसवीं के छात्र दिव्यांश भूषण ने रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी)-2026 में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्ष 2024 में स्कूल में प्रवेश लेने के बाद उन्होंने एनसीसी में नामांकन किया और कठिन परिश्रम, अनुशासन व समर्पण से इंटर बटालियन, इंटर ग्रुप तथा प्री-आरडीसी के विभिन्न चरण सफलतापूर्वक पार किए। इनकी तैयारी उन्होंने एनसीसी अकादमी रूपनगर (पंजाब) में की। 27 दिसंबर से 30 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित आरडीसी-2026 में दिव्यांश ने कैसियो वादक के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी। उन्हें एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री सहित कई विशिष्ट अतिथियों के समक्ष प्रदर्शन का अवसर मिला। उन्होंने 28 जनवरी को प्रधानमंत्री रैली में भी भाग लिया तथा राष्ट्रपति और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से भेंट की। वापसी पर उन्हें हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने बधाई देते हुए 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी, समस्त स्टाफ एवं प्रशासन ने दिव्यांश भूषण को बधाई दी।

◆ रिपब्लिक डे कैंप से लौटने पर राज्यपाल ने किया सम्मानित

# कसी के साथ न करें ओटीपी शेयर : विनोद

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चकमोह द्वारा समैला पंचायत में नाबार्ड की वित्तीय समावेशन निधि से समर्थित वित्तीय और डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों के सदस्यों सहित पंचायत समैला के प्रधान कुलवंत सिंह और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को कैशलेस लेनदेन, जन धन योजना, नेट बैंकिंग, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और मोबाइल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। साथ ही बैंक की ऋण योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं, खादी ग्रामोद्योग एससी/एसटी कॉर्पोरेशन योजना के तहत ऋण का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों और एटीएम रुपे कार्ड के उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# सुजानपुर कॉलेज और जयसिंहपुर स्कूल के बीच हुआ समझौता ज्ञापन

## छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए होंगे संयुक्त कार्यक्रम व व्याख्यान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा और राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक समझौता ज्ञापन हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यालय और महाविद्यालय में शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस दौरान सुजानपुर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर एवं राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

प्रदेश के उच्च शैक्षणिक केंद्र महाविद्यालय जहां छात्रों के अनुसंधान संबंधी गुणवत्ता को उन्नत करने में प्रयत्नशील हैं, वहीं विद्यालय स्तर पर छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए तैयार किया जाता है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य है कि छात्रों के लिए विद्यालय और महाविद्यालयों में संयुक्त रूप से उचित शिक्षा एवं पाठ्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएं, जिससे छात्र अपने जीवन में सही समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएं।

छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर संयुक्त कार्यक्रम, प्रशिक्षणशालाएं एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी आयोजित करवाए जाएंगे। इस समझौते के तहत जयसिंहपुर स्कूल के 50 छात्रों को महाविद्यालय सुजानपुर की सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में एचटीएमएल एवं सीएसएस के बारे में जानकारी दी भी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रो प्रमोज शर्मा, डॉ. सपना राणा, प्रो. शशि शर्मा, अधीक्षक रजनीश कुमार एवं कार्यालय वरिष्ठ सहायक राकेश उपस्थित रहे।



समझौता ज्ञापन साइन कनने के बाद प्राचार्य व प्रधानाचार्य। अनंत ज्ञान

# कुठेड़ा क्षेत्र के किसानों के बगीचों का एपीएमसी अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कृषि और उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुठेड़ा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील किसान और शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक देशराज शर्मा के बगीचे का जायजा लिया। अजय शर्मा ने देशराज शर्मा के कृषि-बागबानी के सफल प्रयोगों की सराहना की, जिसमें कम ऊंचाई वाले क्षेत्र में सेब, अमरूद, अंगूर, किन्नू, गलगल, अंजीर और लीची की उच्च पैदावार शामिल है। पिछले सीजन में उन्होंने लगभग चार क्विंटल सेब और 70 हजार रुपए की मक्की, आलू व मूली बेची। अजय शर्मा ने कहा कि कुठेड़ा क्षेत्र को एचपी शिवा परियोजना में शामिल करने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की, गेहूं और हल्दी के लिए निर्धारित उच्च मूल्य, तथा दूध के बढ़े हुए दामों का लाभ उठाने की अपील की।

### भोरंज में भाजपा महिला मोर्चा के महिला संवाद कार्यक्रम में बजट पर चर्चा, कहा-

# केंद्रीय बजट से रोजगार, महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भोरंज में बजट महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक कमलेश कुमारी तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री पायल बहल वैद्य उपस्थित रहीं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 20 से अधिक महिला मंडलों की सहभागिता रही।

प्रतिभागियों ने केंद्रीय बजट 2026-27 से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका तथ्यात्मक उत्तर मुख्य वक्ता द्वारा विस्तार से दिया गया। अर्चना चौहान ने बताया कि यह संवाद विशेष रूप से बजट में महिलाओं के लिए किए गए प्रावधानों और योजनाओं पर केंद्रित था। प्रदेश महामंत्री पायल बहल वैद्य ने बजट को महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला विजनरी बजट बताया। उन्होंने कहा कि 1 फरवरी 2026 को प्रस्तुत यह लगातार नौवां बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है। रक्षा, मैन्युफैक्चरिंग और 12.2 लाख करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रावधान से देशभर में विकास को गति मिलेगी, जिसका लाभ महिलाओं को भी मिलेगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना ने की। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### मैहला में नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला बाल संरक्षण इकाई, चंबा ने मैहला में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेश राय ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, कन्यादान योजना और बेटी है अनमोल जैसी योजनाओं की जानकारी दी। विधि एवं परिवीक्षा अधिकारी माला शर्मा ने पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध, बाल मजदूरी और किशोर न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली समझाई। बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा ने मिशन वात्सल्य, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया, बच्चों के अधिकार और हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 1515 के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश भी दिया।

### स्वास्थ्य, स्वच्छता फैलाने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू में बुधवार को संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल विषय पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में स्वस्थ जीवनशैली, पोषण संबंधी जानकारी और व्यक्तिगत व सामुदायिक स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था। डायट प्रवक्ता डॉ. कविता बिजलवान ने प्रशिक्षुओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार, एनीमिया रोकथाम, मासिक धर्म स्वच्छता और जलजनित रोगों से बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। समन्वयक विशाल शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ और सभी प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। अंत में प्रतिभागियों ने अपने विद्यालय और समुदायों में स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

### बागवानों को रोगों की पहचान की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र चंबा और उद्यान विभाग के सहयोग से जनजातीय उपमंडल भरमौर के लामू गांव में बागवानों को सेब फसल में रोग प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जया चौधरी ने बागवानों को अल्टरनेरिया और मार्सोनिना लीफ ब्लॉच जैसे प्रमुख रोगों की पहचान, रोकथाम और वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में डॉ. सुशील धीमान और उद्यान विभाग के प्रसार अधिकारी पंकज कुमार ने फसल प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य और छिड़काव कार्यक्रम (स्प्रे शेड्यूल) पर तकनीकी जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने बागवानों को वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने और कृषि विज्ञान केंद्र से निरंतर संपर्क बनाए रखने की सलाह दी। अभियान के तहत अगला जागरूकता शिविर 12 फरवरी को उपमंडल चुराह के मदन गांव में आयोजित होगा।

### चंबा में किशोरियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नीति आयोग के अन्तर्गत संचालित सम्पूर्णता अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चम्बा में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया। प्रधानाचार्य श्रीमति कला विज की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में किशोरियों को मासिक धर्म, पोषण आहार, सफाई-स्वच्छता और शुद्ध पेय जल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला मिशन समन्वयक श्री मनोहर नाथ ने जंक फ़ूड के नुकसान और संतुलित पोषण पर मार्गदर्शन किया। डॉ. कर्ण हितेषी ने मासिक धर्म एवं स्वच्छता संबंधी सावधानियों की जानकारी दी, जबकि चाइल्ड हेल्पलाइन के कपिल शर्मा ने बाल विवाह और सहायता साधनों के बारे में बताया। शिविर में लगभग 170 बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का आग्रह किया।

### लाभार्थी को 2 लाख की बीमा राशि सौंपी



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की करियन शाखा ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत स्वर्गीय राकेश कुमार के नामांकित लाभार्थी को 2,00,000 रुपये की बीमा राशि प्रदान की। ग्राम जनजला, डाकघर भड़ियाकोठी, तहसील एवं जिला चंबा निवासी राकेश कुमार की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी। शाखा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी सहायक योग राज ने उनकी पत्नी संतोष देवी को चेक सौंपा और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। बैंक अधिकारियों ने बताया कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं संकट की घड़ी में परिवारों के लिए संबल साबित हो रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से वित्तीय सहायता प्रदान करना बैंक की प्राथमिकता है।

### नाकारा घोषित वस्तुओं की नीलामी 26 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी नूतन महाजन ने बताया कि नाकारा घोषित वस्तुओं की सार्वजनिक नीलामी 26 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला राज्य कर एवं आबकारी कार्यालय, बारगाह में आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। शर्तों के अनुसार, प्रत्येक बोलीदाता को भाग लेने से पहले 3,000 रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी, जो सफल बोली में कुल राशि में समायोजित होगी, जबकि असफल बोलीदाताओं को उसी दिन वापस कर दी जाएगी। सफल बोलीदाता को नीलामी तिथि से दो दिनों के भीतर भुगतान कर वस्तुएं उठानी होंगी, निर्धारित अवधि में न उठाने पर 500 रुपये प्रतिदिन भंडारण शुल्क लगेगा। बोली रद्द करने का अधिकार समिति अध्यक्ष को सुरक्षित रहेगा। जानकारी के लिए कार्यालय के वरिष्ठ सहायक से मोबाइल 9805134823 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सरकार के साथ प्राथमिक शिक्षक संघ : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राज्य में आरडीजी के चलते पैदा हुए वित्तीय हालातों के बीच प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंडी ने सरकार का साथ देने का एलान किया है। राज्य घाटा अनुदान बंद होने से उत्पन्न संकट पर सभी प्राथमिक अध्यापक सरकार के साथ खड़े हो गए है। प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर ने कहा है कि आरडीजी को लेकर प्राथमिक अध्यापकों में किसी प्रकार के असमंजस में रहने की आवश्यकता नहीं है। अध्यापक वर्ग को समय पर डीए व एरियर के साथ सभी भत्ते व अन्य सुविधाएं मिलती रहेंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमेशा से ही कर्मचारियों के हितैषी रहे है। तथा वह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं ओपीएस को किसी भी सूरत में बंद नहीं होने देंगे।

### स्टेज कैरिज बस रूट और इलेक्ट्रिक वाहन योजना के लिए आवेदन की तिथि 19 तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में स्टेज कैरिज बस रूटों के संचालन और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहन योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक आवेदक 19 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला मंडी के लिए प्रकाशित स्टेज कैरिज बस रूटों के संचालन हेतु पहले आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 19 फरवरी कर दिया गया है। चयनित रूटों की सूची और उनसे संबंधित नियम व शर्तें विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत डीजल व पेट्रोल टैक्सियों को इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने हेतु आवेदन की अवधि भी बढ़ाई गई है। योजना के तहत बस पर 30 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक वाहन पर 40 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है।

# चांद-मंगल की उड़ान और सलूणी के गांव अब भी नेटवर्क से अनजान

## डिजिटल इंडिया के दौर में नेटवर्क की कमी से बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सलूणी/चंबा।** एक ओर जहां भारत चांद के बाद मंगल ग्रह तक अपनी उपलब्धियों का परचम लहरा चुका है, वहीं जिला चंबा के उपमंडल सलूणी के कई दूरदराज क्षेत्र आज भी बुनियादी मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा से वंचित हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में भी इन गांवों के लोग संचार व्यवस्था के अभाव में रोजमर्रा की परेशानियां झेलने को मजबूर हैं।

सलूणी उपमंडल के अंतर्गत आने वाले कई गांव, जो डलहौजी और चुराह विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ते हैं तथा सीमावर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर से सटे हुए हैं, अब भी नेटवर्क सुविधा से पूरी तरह अछूते हैं। यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं, जहां ऊंचाई वाले इलाकों में समय-समय पर संदिग्ध गतिविधियों की आशंकाएं बनी रहती हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में नेटवर्क का अभाव सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क न होने के कारण बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित हो रही है। डिजिटल माध्यम से मिलने वाली शैक्षणिक सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ऑनलाइन कक्षाओं तक उनकी पहुंच नहीं बन पा रही। इसके अतिरिक्त सरकारी योजनाओं की जानकारी, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, बैंकिंग सेवाएं तथा आपातकालीन परिस्थितियों में संपर्क स्थापित करना भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार किसी बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने या प्रशासन को सूचित करने में देरी हो जाती है, क्योंकि मोबाइल सिग्नल उपलब्ध नहीं होता। उन्हें नेटवर्क पाने के लिए कई किलोमीटर दूर ऊंचाई वाले स्थानों तक जाना पड़ता है।

इस संबंध में एसडीएम सलूणी चंद्रवीर सिंह ने बताया कि नेटवर्क समस्या को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि संबंधित दूरसंचार विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है और जल्द ही समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में उपमंडल के दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उपमंडल सलूणी के सभी गांवों में शीघ्र नेटवर्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि डिजिटल युग में वे भी मुख्यधारा से जुड़ सकें और उन्हें राहत मिल सके।

# स्मार्ट मीटर से बदलेगी बिजली व्यवस्था की तस्वीरः परवेश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में स्मार्ट मीटर को लेकर चल रही चर्चाओं और भ्रांतियों के बीच बिजली बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह पहल उपभोक्ताओं के हित में एक क्रांतिकारी कदम है। अधिशाषी अभियंता परवेश ठाकुर ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली से बिजली व्यवस्था अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और उपभोक्ता-हितैषी बनेगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक पर आधारित हैं, जो बिजली खपत का सटीक और रियल-टाइम डेटा उपलब्ध कराते हैं। इससे उपभोक्ताओं को अनुमानित नहीं, बल्कि वास्तविक खपत के आधार पर बिल प्राप्त होगा। गलत बिलिंग, रीडिंग में त्रुटि और अनावश्यक विवाद जैसी समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आएगी।



परवेश ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग से न केवल राजस्व प्रणाली मजबूत होगी, बल्कि विद्युत तंत्र की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इससे बिजली कटौती की समस्याओं में कमी आएगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और इस आधुनिक व्यवस्था को अपनाने में सहयोग करें। बिजली बोर्ड का लक्ष्य है कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं को तेज, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे चंबा जिला तकनीकी रूप से सशक्त और ऊर्जा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बन सके।

### उपभोक्ताओं को होंगे ये लाभ

सटीक व पारदर्शी बिलिंग:वास्तविक खपत के आधार पर बिल, जिससे ओवरचार्जिंग की आशंका समाप्त।

**रियल-टाइम मॉनिटरिंगः उपभोक्ता मोबाइल ऐप या डिजिटल माध्यम से अपनी दैनिक और मासिक खपत देख सकेंगे।**

खर्च पर नियंत्रणः बिजली उपयोग का विश्लेषण कर बजट के अनुसार खपत नियंत्रित करने की सुविधा।

**गलत रीडिंग से मुक्तिः मैनुअल मीटर रीडिंग की आवश्यकता खत्म, मानव त्रुटियों में कमी।**

बिजली चोरी पर अंकुशः स्मार्ट निगरानी से अनियमितताओं की तुरंत पहचान।

**बेहतर सेवा गुणवत्ताः फॉल्ट या सप्लाई बाधित होने की स्थिति में त्वरित जानकारी व शीघ्र समाधान।**

# प्रदेश को 1500 करोड़ के आपदा राहत पैकेज का इंतजार : सुरजीत

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपये के विशेष आपदा राहत पैकेज को लेकर प्रदेश की राजनीति में घमासान छिड़ गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि घोषणाएं तो बड़ी-बड़ी कर दी गईं, लेकिन ज़मीनी हकीकत में प्रदेश को अब तक पूरा लाभ नहीं मिल पाया है।



भरमौरी ने सवाल उठाया कि आखिर 1500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज हिमाचल को कब मिलेगा? उन्होंने प्रदेश के सभी सातों सांसदों, जिनमें अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत भी शामिल हैं, को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे वास्तव में हिमाचल के हितैषी हैं तो इस पैकेज की शीघ्र रिहाई के लिए दिल्ली में मजबूती से आवाज उठाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता केवल मंचों से बयानबाज़ी कर रहे हैं, जबकि आपदा प्रभावित लोग आज भी राहत की बाट जोह रहे हैं।

भरमौरी ने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर भी उन्होंने तेवर दिखाते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। 'जिस तरह उपचुनाव में जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया था, उसी तरह पंचायत चुनावों में भी भाजपा को करारा जवाब मिलेगा,' उन्होंने कहा। भरमौरी ने दो टूक कहा कि कांग्रेस हर साज़िश का लोकतांत्रिक तरीके से मुंहतोड़ जवाब देगी और जनता के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रदेश की राजनीति में इस बयान के बाद हलचल तेज हो गई है।

# डलहौजी में गांधी चौक पर लगाया नाका, बड़े वाहनों के प्रवेश बंद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बढ़ती पर्यटक आवाजाही और ऊपरी क्षेत्रों में जमी बर्फ के चलते यातायात पुलिस ने गांधी चौक पर विशेष चेक नाका लगाया। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित हादसों को रोकना रहा। पुलिस ने पर्यटकों को फिसलन वाली सड़कों पर धीमी गति से वाहन चलाने, आगे-पीछे पर्याप्त दूरी बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी।

सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने बड़े वाहनों, विशेषकर टेम्पो और ट्रैवलर, के ऊपरी क्षेत्रों में प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी प्रतिबंधित वाहन आगे न बढ़े। अभियान में एएसआई देवेंद्र सिंह, एएसआई देसराज, एएसआई संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल सुदेश सेठी और सुनील कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने आमजन और पर्यटकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों का पालन ही सुरक्षित यात्रा की कुंजी है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार ही है पीएम मोदी के 2047 विजन की नींव : सुधीर शर्मा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को भाजपा कार्यालय सरोल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्मशाला के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डल्हौजी के भाजपा विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डीएस ठाकुर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सुधीर शर्मा ने कहा कि कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व की सर्वोच्च शक्ति बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प पंडित दीनदयाल के स्वप्निल भारत की साकार अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल, भाजपा कार्यसमिति सदस्य जय सिंह, नीलम नैय्यर, भरमौर विधायक डॉ. जनक राज, चुराह विधायक डॉ हंसराज ,भाजपा महामंत्री विनोद सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ हुआ।



विधायक सुधीर शर्मा का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

### केंद्रीय बजट से हिमाचल को मिली नई दिशा : सुधीर

**धर्मशाला** के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में नई पहचान मिली है। उनकी दूरदर्शी सोच और प्रभावी नीतियों के चलते देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वह बुधवार को चंबा जिला मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। सुधीर शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत किया गया बजट 2026 -27 देश के विकास के लिए नए द्वार खोलने वाला है। इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी को भी सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा। उन्होंने विशेष रूप से पर्वतमाला योजना के अंतर्गत हिमाचल में ट्रैकिंग ट्रेल्स को जोड़ने के निर्णय को पर्यटन की दृष्टि से ऐतिहासिक कदम बताया।

## संधोल में अवैध खनन व यातायात उल्लंघन पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

# डीएसपी धर्मपुर ने बिना दस्तावेज व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के काटे चालान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी जिला के संधोल क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अभियान चलाया। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद और चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव जमवाल के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई के दौरान बिना वैध दस्तावेज चल रहे वाहनों, अवैध खनन में संलिप्त गाड़ियों तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

सरकारी खड्ड से अवैध खनन में लगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाना परिसर में जमा किया गया तथा वाहन मालिक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) व माइनिंग एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज हुआ। दो टिप्परों के बिना एम-फॉर्म पाए जाने पर चालान काटे गए और अन्य वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार तीन माह में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 100 से अधिक, माइनिंग नियमों में एक दर्जन से अधिक तथा शराब पीकर वाहन चलाने पर करीब 25 चालान किए गए हैं। डीएसपी संजीव सूद ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की।



अवैध खनन का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

# नाक-कान के रोगों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, किहार।** खंड स्वास्थ्य किहार में आशा वर्करों के लिए चल रही ओईईई प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरा दिन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कक्कड़ ने उपस्थित आशा वर्करों को नाक, कान और गला संबंधी रोगों, उनके लक्षण, उपचार एवं देखभाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर रोगों की प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार से जटिलताओं को रोका जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान आशा वर्करों को मुख, कान, नाक, गला एवं आंखों से जुड़ी सामान्य समस्याओं के साथ-साथ आपातकालीन देखभाल के बारे में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बना सकें।

कार्यक्रम में टीओटी होशियार सिंह (स्वास्थ्य शिक्षक), तेजू राम, रमेश कुमार (स्वास्थ्य पर्यवेक्षक), जोगिंदर तथा शाल्मीना (स्वास्थ्य कार्यकर्ता) उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने आशा वर्करों को व्यवहारिक जानकारी प्रदान करते हुए समुदाय में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

# एरियर, डीए और मेडिकल बिलों के भुगतान को लेकर पेंशनर्स में रोष

अनंत ज्ञान

◆ **एचआरटीसी पेंशनरों ने आंदोलन की चेतावनी दी**

**चंबा।** हिमाचल पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन, चंबा इकाई की मासिक बैठक बुधवार को शाहनवाज खान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों को उनके वित्तीय लाभों में हो रही देरी तथा सरकार और प्रबंधन के उदासीन रवैये को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रधान कुलदीप कुमार और जिला अध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा कि सरकार और निगम प्रबंधन पेंशनरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य विभागों के 70 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वर्ष 2016 के नए वेतनमान का एरियर मिल चुका है, जबकि एचआरटीसी पेंशनर अब तक इस लाभ से वंचित हैं। वक्ताओं ने कहा कि निगम के नियमित कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) जारी किया जा चुका है, लेकिन पेंशनरों को यह लाभ देने में आनाकानी की जा रही है। इसके अलावा पिछले तीन वर्षों से लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान न होना बुजुर्ग पेंशनरों के साथ गंभीर अन्याय है। जिला महासचिव ओम प्रकाश शर्मा ने वित्त विभाग और वित्त आयोग के हालिया निर्देशों पर चिंता जताते हुए कहा कि एचआरटीसी को ग्रांट-इन-एड बंद करना तर्कसंगत निर्णय नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि निगम सरकार की नीतियों और विभिन्न वर्गों को दी जा रही मुफ्त व रियायती यात्रा सुविधाओं के कारण घाटे में चल रहा है। निजी रूटों के आवंटन से भी निगम की आय प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी का मूल मंत्र 'सजग साधना, सविनय सेवा' है, जिसे लाभ-हानि के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। संगठन ने सरकार और प्रबंधन के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, तीन वर्षों से लंबित चिकित्सा बिलों का तुरंत निपटारा किया जाए ।

# एसबीआई मंडी ने अपर पंडोह स्कूल को 4 .50 लाख की सामग्री की भेंट

अनंत ज्ञान

◆ **एसएमसी प्रधान पंकज ने जताया आभार**

**बालक राम, पंडोह।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) मंडी की ओर से बुधवार को राजकीय राजकीय प्राथमिक पाठशाला अपर पंडोह में सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 4 लाख 50 हजार की विभिन्न आवश्यक शैक्षणिक व आधारभूत सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर एसबीआई मंडी के रीजनल मैनेजर रविंद्र कुमार राणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि एसबीआई हर वर्ष समाजसेवा के तहत जरूरतमंद शिक्षण संस्थानों को आवश्यक वस्तुएं वितरित करते हुए शिक्षा के उत्थान में सहयोग देता है।

उन्होंने कहा कि अपर पंडोह स्कूल में बच्चों को जिन वस्तुओं की आवश्यकता थी, उनका आकलन कर वही सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल सके। और वे शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वोच्च कर सके। राणा ने कहा कि भविष्य में भी एसबीआई इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य करता रहेगा और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को प्राथमिकता देता रहेगा। इस अवसर पर सीएचटी अनीता शर्मा ने एसबीआई टीम का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक द्वारा प्रदान की गई सामग्री हमारे स्कूली बच्चों के उत्साह को बढ़ाएगी। जिससे हमारे बच्चों का शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ेगा और हमारे परिणाम सराहनीय रहेंगे। जबकि स्कूल प्रबंध समिति के प्रधान पंकज ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि एसबीआई द्वारा वितरित सामग्री स्कूल के लिए अत्यन्त आवश्यक थी। इससे हमारे स्कूल में शिक्षा का अच्छा वातावरण बनेगा और बच्चों में शिक्षा के प्रति नया संचार होगा। उन्होंने विशेष रूप से एसबीआई का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए बच्चों द्वारा के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल अध्यापक दिनेश शर्मा,निशा देवी सहित एसबीआई टीम और स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# नलसर में खुली सीएनएल ग्रुप की 57वीं शाखा

## व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश ने रिबन काटकर किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित और सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली सीएनएल ग्रुप की 57वीं आधिकारिक शाखा का विधिवत उद्घाटन व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार द्वारा किया गया शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काटकर वह दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद शाखा प्रबंधन के द्वारा व्यापार मंडल के प्रधान हरीश कुमार को साल, टोपी व पुष्प गुछ भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी जिनमें गिरधारी लाल शर्मा, रामलाल बंसवाल, दर्पण शर्मा, हीरा ठाकुर, संतोष को भी सम्मानित किया गया।



मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में ट्रक यूनियन नलसर के प्रधान राहुल भी वशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए सी एन एल ग्रुप के वाइस चेयरमैन जी आर सलाठ ने बताया की सीएनएल अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए नलसर में अपनी 57वीं शाखा का भव्य शुभारंभ किया यह विस्तार संस्था के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित और सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्य अतिथि हरीश कुमार ने कहा कि सीएनएल ग्रुप की नलसर में नई शाखा खुलने से स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और किसानों को बैंकिंग एवं निवेश की आधुनिक सुविधाएं उनके घर के समीप ही उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि ग्रुप की यह 57वीं शाखा है शाखा विस्तार से ही जाहिर हो जाता है कि ग्रुप का लक्ष्य कितना सदृढ़ है। उन्होंने ग्रुप की मैनेजिंग कमेटी के सभी पदाधिकारी जिसमें एमडी राकेश पुरी, वाइस चेयरमैन रवि स्लॉठ, डायरेक्टर राजीव, मनोज शर्मा, पंकज ठाकुर, रजिस्टर सुमन ठाकुर तथा जी एम अंजना ठाकुर सहित सभी ब्रांच के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी उन्होंने कहा कि ग्रुप का सबसे सराहनीय कार्य यह है कि युवा बेरोजगारों को घर द्वार पर ही रोजगार प्राप्त हो रहा है ग्रुप में मौजूदा समय में लगभग 500 से अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित ग्रुप के खाताधारक भी मौजूद रहे।

# 18 को लगेगा कैंप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत लिमिटेड विद्युत उप मंडल बलद्वाड़ा के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के लिए 18 फरवरी को विद्युत उप मंडल बलद्वाड़ा के खुडला में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जाएगा। विद्युत उपमंडल बलद्वाड़ा के सहायक अभियंता राजीव शुक्ला ने समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह है कि इस पखवाड़े में आकर स्मार्ट मीटर संबंधित जानकारी प्राप्त करें तथा स्मार्ट मीटर संबंधित भ्रांतियां को दूर करें।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं रजनी** पुत्री श्री टपे राम वासी गांव चुदार डाकघर थाची तहसील बालीचौकी जिला मंडी हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरा नाम प्रत्येक रिकार्ड में रजनी दर्ज है किन्तू मेरे ग्राम पंचायत के जन्म रिकार्ड में रजनी देवी दर्ज है जिसे कि मैं सही करके रजनी ही करवाना चाहती हूँ । सभी संबंधित नोट करें।

**प्रत्येक** कार्य अपने समय से होता है उसमें उतावलापन ठीक नहीं, जैसे पेड़ में कितना ही पानी डाला जाए पर फल वह अपने समय से ही देता है।

-वृंद

## संपादकीय

## हिमाचल में नशे से निपटना चुनौती

पिछले एक दशक में हिमाचल प्रदेश में नशे का जाल इतने व्यापक रूप से फैल गया है कि इसे काट पाना अब बड़ी चुनौती बन गया है। पहले यहां भांग और अन्य हल्के नशों का सेवन अधिक प्रचलित था, लेकिन हाल के वर्षों में चिट्टे ने युवाओं के बीच व्यापक पैठ बना ली है। चिंता का विषय यह है कि चिट्टे के सेवन में अधिकांश युवा फंस रहे हैं, जो न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि उनके सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी तहस-नहस कर रहा है। कई परिवार बर्बाद हो गए हैं।

चिट्टे का असर शरीर के सभी महत्वपूर्ण अंगों पर तुरंत दिखाई देता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस नशे के नियमित सेवन से व्यक्ति अधिकतम दो साल तक ही जीवित रह पाता है, क्योंकि इसका आघात इतना गहरा होता है कि शरीर और मस्तिष्क सहन नहीं कर पाते। भांग या अन्य हल्के नशों के मुकाबले चिट्टा बहुत अधिक घातक है। इसके बावजूद युवाओं में इसे तेजी से अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में रोहित नामक युवक की चिट्टे की ओवरडोज से मौत हुई। उसके दोस्त जालंधर से 2.15 ग्राम चिट्टे की खेप लेकर आए थे और पार्टी के दौरान रोहित ने ओवरडोज ले लिया। यह घटना परिवार के लिए गहरे सदमे और समाज के लिए चेतावनी का संकेत है। इसी प्रकार, हाल ही में हमीरपुर जिले के भोरंज क्षेत्र में भी एक युवक की मौत चिट्टे के कारण हुई। ये घटनाएं स्पष्ट करती हैं कि नशे की लत युवाओं के जीवन और उनके परिवारों के भविष्य के लिए कितना गंभीर खतरा है।

युवाओं के नशे की ओर बढ़ने में उनके परिजन और परिवार का ढीला नजरिया भी अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देता है। जब बच्चे अपनी मनमानी करने लगते हैं और उनके व्यवहार पर नजर नहीं रखी जाती, तो वे गलत राह पर चल पड़ते हैं। यही कारण है कि समय रहते जागरूकता, परामर्श और उपचार की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। न केवल जीवन बचाने के लिए, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ चेतना पैदा करने के लिए यह अनिवार्य है।

हिमाचल सरकार ने चिट्टे के खिलाफ महा अभियान की शुरुआत की है, लेकिन केवल प्रशासनिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक जनमानस में जागृति, सामाजिक शिक्षा और सहयोग नहीं आएगा, अभियान अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाएगा। समाज के हर नागरिक को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। युवाओं में नशे के प्रति शिक्षा, जागरूकता और सार्वजनिक चेतावनी अनिवार्य है। जहां भी लोग नशे के सेवन में पकड़े जाएं, उन्हें केवल दंडित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें समझाना और उपचार करवाना भी जरूरी है।

नशामुक्ति केंद्रों की भूमिका इस संकट से निपटने में निर्णायक है। जो लोग चिट्टे के आदी हो चुके हैं, उनका समय रहते उपचार करवाना अनिवार्य है। इससे न केवल उनका जीवन बच सकता है, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ स्पष्ट संदेश भी जाएगा। परिवार और समुदाय का सहयोग भी आवश्यक है। बच्चों की संगत, उनकी गतिविधियों और सामाजिक दायरे पर नजर रखना, उन्हें सही मार्गदर्शन देना, यही भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित रखने का तरीका है।

नशे की लत से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ता है, वह परिवारिक जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करता है और अपराध तथा हिंसा की ओर बढ़ सकता है। महिलाएं और युवतियां भी नशे की सप्लायर बन रही हैं, और जल्दी पैसा कमाने की लालसा में खुद को घातक जाल में फंसा रही हैं। शॉर्टकट की कमाई अक्सर धोखा देती है, जबकि नेक कमाई और स्थायी मेहनत ही जीवन में सफलता और संतोष सुनिश्चित करती है।

दूसरी ओर, हाल ही में कई महिलाएं नशे के खिलाफ खुलकर सामने आ रही हैं। यह सकारात्मक कदम सभी नागरिकों के लिए प्रेरक उदाहरण है। हर व्यक्ति को अपने स्तर पर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। युवाओं को सार्वजनिक रूप से समझाना, नशे की लत में फंसे लोगों को नशामुक्ति केंद्रों में भेजना और उनके पुनर्वास में सहयोग देना समाज की जिम्मेदारी है। हिमाचल में नशे की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए सरकार, समाज, परिवार और स्वयं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। केवल कठोर कानून या अभियान पर्याप्त नहीं हैं। ■

### अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — आज की प्रमुख हस्ती

## फिल्मों के खलनायक और चरित्र अभिनेता

**प्राण कृष्ण सिकंद** हिंदी सिनेमा के ऐसे महान अभिनेता थे जिन्होंने नायक, खलनायक और चरित्र अभिनेता के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनका जन्म 12 फरवरी 1920 को पुरानी दिल्ली के बल्लीमारान में हुआ था। प्रारंभ में वे फोटोग्राफर बनना चाहते थे, लेकिन संयोगवश उन्हें 1940 में पंजाबी फिल्म 'यमला जट' में काम करने का अवसर मिला। 1942 की फिल्म 'खानदान' से वे हीरो के रूप में पहचाने गए, परंतु बाद में खलनायक की भूमिकाओं में उन्हें असाधारण सफलता मिली।



प्राण कृष्ण सिकंद
जन्म : 12 फरवरी, 1920
मृत्यु : 12 जुलाई, 2013

उनकी प्रभावशाली संवाद अदायगी, तीखे हाव-भाव और अलग अंदाज ने उन्हें हिन्दी फिल्मों का सबसे यादगार विलेन बना दिया। 'हलाकू', 'जिस देश में गंगा बहती है', 'उपकार' और 'जंजीर' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को आज भी सराहा जाता है। 'जंजीर' में शेरखान की भूमिका और गीत 'यारी है ईमान मेरा' विशेष रूप से लोकप्रिय हुए। पर्दे पर खौफनाक छवि के बावजूद वास्तविक जीवन में वे सरल, दयालु और अनुशासित व्यक्ति थे।

उन्होंने लगभग 350 से अधिक फिल्मों में काम किया और कभी अपने अभिनय को दोहराया नहीं। उन्हें तीन बार फिल्मफेयर पुरस्कार, पद्म भूषण और भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त हुआ। 12 जुलाई 2013 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी अदाकारी आज भी दर्शकों के दिलों में जीवित है। ■



कविता

## अब किस ओर मैं हाथ उठाऊं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

**अब** किस ओर मैं हाथ उठाऊं, मैं भी कतारों में।
हर कोई दांव लगा रहा, मौका और जुगाड़ में।
जुल्मों की मंडी सजी, सरकार के दरबार में।
सौदा लेने जो भी आया, लुट गया सरेबाजार में।
बिक चुकी जनता, खुद की लगाकर कीमत चंद सिक्कों में।
खुद में हम कई हिस्से हैं, बंट कर धर्म और त्योहार में।
गुजर रहा है गली-गली, वंदे मातरम् का उद्घोष।
राष्ट्रीय एकता के नाम पर, देश बंटा टुकड़ों में।
कागजी बातें बहुत हो रही, देश के सुधार में।
मिमियानी सी आवाज आ रही है, सिंह की दहाड़ में।
छोड़ो सिंहासन, अब होगा फैसला जनता दरबार में।
बहुत दोष दिया, पिछली सरकारों को।
कुछ नहीं किया, देश में बारह सालों में।
झूठे वादे करना, बंद करो चुनाव में।
देश के बारे में, सच बताओ जनता के दरबार में।
जुमलों का अब काम नहीं, जाग उठा जेन जी।
मणिपुर से महाराष्ट्र, कन्याकुमारी से कश्मीर तक।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# संसद सत्रः संविधान का अपमान कौन कर रहा है ?

वर्ष 2026 का बजट सत्र हल्ले-गुल्ले और अराजकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। यहां बजट के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों को उठाए जाने का प्रयास हो रहा है। स्थितियां इतनी विकट हैं कि संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में उत्तर नहीं दे सके और राष्ट्रपति का अभिभाषण बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दर्शाता है।



**मृत्युंजय दीक्षित**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख करते हुए कथित चीनी घुसपैठ का मुद्दा उछालने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियमों के अंतर्गत व्यवस्था दिए जाने के बाद भी राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े रहे। यह एक आश्चर्यजनक व्यवहार है कि नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के स्थान पर पुराने मुद्दे उठाए और उनको भी आपत्तिजनक रूप से रखकर देश की सेना और सदन का अपमान किया। लोकसभा में कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन की महिला सांसदों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का रास्ता रोकने की योजना बनाई और लोकसभा अध्यक्ष को प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध करना पड़ा, वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

विडंबना यह है कि यही लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बातें करते हैं। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग न लेकर विपक्षी दलों ने न केवल राष्ट्रपति पद का अपमान किया है अपितु एक गरीब परिवार से निकल कर आई आदिवासी महिला का भी अपमान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने पर भी राहुल गांधी को घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है । कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं, किसी और को तो गद्दार नहीं कहा, ये सिख हैं इसलिए कहा, ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा में चेयर पर कागज फेंके गए जब असम के सदस्य चेयर की कुर्सी पर विराजमान थे- क्या यह असम का अपमान नहीं ? जब आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य चेयर की कुर्सी पर बैठे थे तब उन पर भी कागज फेंके गए क्या यह एक दलित बेटे और संविधान का अपमान नहीं है ?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है ? हमने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए ? प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौ-सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है ?

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नॉर्थ ईस्ट में बम-बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है कि कांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को ये सहन नही हो रहा हे कि जो समस्याएं उसने 60 सालो में पाल-पोस कर बड़ी की थीं मोदी उनका एक-एक करके समाधान क्यों कर रहा है ? कांग्रेस को ये सब पसंद नहीं आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ हालिया व्यापार समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाया कि जब उनके पास भी यह अवसर था, तो उन्होंने इसे क्यों साध्य नहीं किया।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके और टीएमसी पर तीखा हमला किया। बंगाल की टीएमसी सरकार को देश की सबसे निर्मम बताते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग दूसरों को उपदेश देते हैं, लेकिन स्वयं introspection नहीं करते। उन्होंने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर के अनुभव का हवाला दिया, जिनके वामपंथी विरोधियों ने उनके पैरों को काट दिया।

संसद में विपक्ष के रवैये के कारण भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को घेरने का अवसर गंवा गया। अब भाजपा सिख और दलित सांसदों के अपमान को चुनावी रणनीति में इस्तेमाल कर सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# शिवरात्रि के अनुष्ठान आपके मन की सजगता को कैसे बढ़ाते हैं?

सामान्यत: जब कोई उत्सव होता है तो सजगता खो जाती है, परंतु महाशिवरात्रि ऐसा उत्सव है, जिसमें विश्रांतिपूर्ण सजगता का अनुभव होता है। यह शरीर, मन और अहंकार के लिए गहन विश्राम का अवसर है, ऐसा विश्राम जो साधक को शिव-तत्त्व के परम ज्ञान के प्रति जागृत करता है।



**श्री श्री रवि शंकर**
आध्यात्मिक गुरु

शिवरात्रि के अनुष्ठान मन को एकाग्र करते हैं और पवित्रता तथा श्रद्धा का वातावरण रचते हैं। मनुष्य अनुष्ठानों के बिना नहीं रह सकता; चाहे वे धार्मिक हों, आध्यात्मिक हों या लौकिक, अनुष्ठान हर जगह विद्यमान हैं। ध्वजारोहण एक अनुष्ठान है, दीप प्रज्वलन एक अनुष्ठान है। यहां तक कि नास्तिक और साम्यवादी परंपराओं में भी अनुष्ठान होते हैं। यदि आप किसी लायंस या रोटरी क्लब में जाएं, तो प्रारंभिक क्षणों में घंटी बजती है, सभा का आह्वान होता है, और संगठन की प्रतिज्ञा पढ़ी जाती है। सचेतन और अवचेतन दोनों स्तरों पर अनुष्ठान हमें एक निश्चित पथ, एक संकल्प और एक सूक्ष्म आयाम से जोड़ देते हैं, जिसे शब्दों में पूर्ण व्यक्त करना कठिन है।

उदाहरणार्थ, महाशिवरात्रि पर संपन्न होने वाला वैदिक अनुष्ठान 'रुद्राभिषेकम्' सहस्राब्दियों से समस्त जीव-जगत के कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इसमें की जाने वाली प्रार्थनाएं हैं, 'वर्षा समय पर हो, फसल उत्तम हो, स्वास्थ्य, संपदा, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति हो।' ये प्रार्थनाएं ईश्वर से साधक के संबंध को सुदृढ़ करती हैं।

हमारे पूर्वज सूक्ष्म जगत से जुड़े इस गहन संबंध को समझते थे। वे जानते थे कि ब्रह्मांड और पिंड के मध्य एक अदृश्य सेतु विद्यमान है। जल पर मंत्रोच्चार करना, दीप प्रज्वलित करना, ये सभी कर्म वातावरण को सूक्ष्म और सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए थे। अनुष्ठान केवल बाह्य क्रिया नहीं है, वह जीवन में उत्सव और आनंद का संचार करता है तथा मन को केंद्रित करता है। जो साधक पूर्णत: स्थितप्रज्ञ और वैराग्ययुक्त है, उसे किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं। किंतु जिसे अभी भी शांति, शक्ति, स्पष्टता या कृपा की आकांक्षा है, उसके लिए थोड़े-से अनुष्ठान की अनुशंसा की जाती है।

महाशिवरात्रि साधकों के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि इस रात्रि में जब नक्षत्र एक विशेष स्थिति में होते हैं, तब वातावरण ध्यान के लिए अत्यंत अनुकूल हो जाता है। इस रात्रि का ध्यान अत्यंत शुभ माना गया है, क्योंकि शिव-तत्व पृथ्वी पर विशेष रूप से प्रकट होता है। प्राचीन लोग कहा करते थे, 'यदि प्रतिदिन ध्यान न कर सको, तो वर्ष में कम-से-कम एक दिन जागकर ध्यान करो।' इसका संदेश था, अपने भीतर स्थित दिव्यता को जागृत करो। वह दिव्यता बाहर कहीं नहीं, तुम्हारे भीतर ही है।

यह मान्यता है कि शिवरात्रि की रात्रि में सोना नहीं चाहिए, क्योंकि यह केवल शारीरिक जागरण नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना के उदय का प्रतीक है। रात्रि-जागरण का अर्थ शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि शिव-तत्व के स्पर्श से भीतर उत्पन्न होने वाली सजगता को अनुभव करना है। जब मन शांत होता है, विचारों का कोलाहल थमता है और अहंकार विश्राम पाता है, तब वास्तविक 'जागरण' घटित होता है।

'शिवरात्रि' का शाब्दिक अर्थ है-शिव की रात्रि। रात्रि स्वाभाविक रूप से विश्राम और निस्तब्धता का समय है। उसी प्रकार शिवरात्रि मन, बुद्धि और अहंकार के विश्राम का अवसर प्रदान करती है। शिव कोई सीमित व्यक्तित्व नहीं, बल्कि वह निराकार, सर्वव्यापी चेतना हैं जो सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है। वे गहन मौन और शांति के प्रतीक हैं, जहां समस्त द्वैत विलीन हो जाता है। कहा गया है कि जब संसार सोता है, तब योगी जाग्रत रहता है। अर्थात जो भीतर से जागृत है, उसके लिए प्रत्येक दिन शिवरात्रि है। महाशिवरात्रि हमें अनेकता से हटाकर उस एकत्व की ओर ले जाती है, जहां शांति, संतुलन और आनंद का अनुभव होता है। यही शिव-तत्व में विश्राम पाने का वास्तविक अर्थ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# संघ विचारधारा, वर्तमान भाजपा और वैचारिक संतुलन की चुनौती

भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को यदि वैचारिक दृष्टि से समझने का प्रयास किया जाए तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक ऐसी संगठनात्मक धारा के रूप में सामने आता है, जिसने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन न मानकर उसे राष्ट्र निर्माण की दीर्घकालिक प्रक्रिया से जोड़ा। संघ की स्थापना 1925 में सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के उद्देश्य से हुई थी। उसका मूल आग्रह यह रहा कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण केवल राजनीतिक परिवर्तन से नहीं, बल्कि समाज के भीतर अनुशासन, एकात्मता और सांस्कृतिक आत्मबोध के विकास से संभव है।



**शिशु गुप्ता**
राजनीतिक विश्लेषक, चंबा

इसी कारण संघ ने लंबे समय तक स्वयं को प्रत्यक्ष राजनीति से दूर रखते हुए समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ता निर्माण पर बल दिया। संघ की विचारधारा का राजनीतिक प्रतिरूप 1951 में भारतीय जनसंघ के रूप में उभरा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में स्थापित जनसंघ ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और एकात्म मानववाद जैसे सिद्धांतों को राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया। बाद में यही धारा 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुई। प्रारंभिक वर्षों में भाजपा को संघ की विचारधारा का राजनीतिक विस्तार माना गया, जहां संगठनात्मक अनुशासन और वैचारिक प्रतिबद्धता समानांतर रूप से चलते दिखाई देते थे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं ने वैचारिक आग्रहों और लोकतांत्रिक राजनीति के व्यावहारिक पक्ष के बीच संतुलन साधने का प्रयास किया।

समय के साथ भाजपा एक व्यापक राष्ट्रीय दल के रूप में स्थापित हुई। 2014 के बाद उसकी राजनीतिक स्थिति और सुदृढ़ हुई तथा वह देश की प्रमुख शक्ति के रूप में उभरी। इस विस्तार के साथ नई चुनौतियां भी सामने आईं। सत्ता संचालन की व्यावहारिकता, गठबंधन राजनीति, सामाजिक विविधता, आर्थिक नीतियां, वैश्विक कूटनीतिक दबाव और प्रशासनिक निर्णय-ये सभी आयाम किसी भी सत्तारूढ़ दल को वैचारिक आग्रहों से आगे बढ़कर व्यापक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा आज केवल एक वैचारिक मंच नहीं, बल्कि शासन संचालन की केंद्रीय शक्ति है, जिसके निर्णयों का प्रभाव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पड़ता है। यहीं संघ और भाजपा के संबंधों की जटिलता स्पष्ट होती है। संघ स्वयं को एक सांस्कृतिक और वैचारिक संगठन के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसका उद्देश्य समाज में दीर्घकालिक परिवर्तन लाना है। उसके लिए राजनीति राष्ट्र जीवन का एक अंग है, संपूर्ण लक्ष्य नहीं। दूसरी ओर, भाजपा को चुनावी राजनीति, जनमत, प्रशासनिक जिम्मेदारियों और तात्कालिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने पड़ते हैं।

कई बार ये निर्णय पूर्णत: वैचारिक आग्रहों के अनुरूप नहीं भी हो सकते। ऐसे में मार्गदर्शन और क्रियान्वयन के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। भाजपा के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने वैचारिक मूल को सुरक्षित रखते हुए एक समावेशी राष्ट्रीय दल की छवि बनाए रखे। सत्ता का विस्तार प्राय: व्यक्तिवाद, धड़ेबंदी और अवसरवाद जैसी प्रवृत्तियों को जन्म देता है, जो किसी भी वैचारिक दल के लिए चिंता का विषय बन सकती हैं। संघ का आधार परंपरागत रूप से कार्यकर्ता-आधारित संगठन और सामूहिक नेतृत्व रहा है, जबकि आधुनिक राजनीति में नेतृत्व-केंद्रित मॉडल और जन-आकर्षण का महत्व बढ़ा है। यह परिवर्तन भाजपा की संगठनात्मक संस्कृति और वैचारिक निरंतरता की परीक्षा ले रहा है।

दूसरी ओर, संघ को भी बदलते समय के अनुरूप स्वयं को प्रस्तुत करना होगा। नई पीढ़ी, तकनीकी युग और वैश्विक संवाद की पृष्ठभूमि में उसकी विचारधारा को समकालीन संदर्भों में अभिव्यक्ति देना आवश्यक है।

स्पष्ट है कि संघ और भाजपा का संबंध मार्गदर्शन और क्रियान्वयन का है। संतुलन बना रहे तो सामंजस्य संभव है; अन्यथा वैचारिक अस्पष्टता उभर सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# भारतीय समाज और राष्ट्र के प्रेरक महर्षि दयानंद सरस्वती

भारत के नवजागरण काल में कई महापुरुषों ने राष्ट्र को वैचारिक दासता से मुक्त करने का साहसिक प्रयास किया। ऐसे समय में महर्षि दयानंद सरस्वती का नाम सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है। वे केवल धार्मिक सुधारक ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और राष्ट्रीय चेतना के प्रखर प्रवक्ता भी थे।

उनके विचारों ने आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक आधार प्रदान किया। महर्षि दयानंद ने अपनी लेखनी, प्रवचन और शिक्षण के माध्यम से भारतीय समाज में आत्मबोध, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय गौरव की भावना का संचार किया।



**केशव शर्मा रसिक**
गांव कोटला, घुमारवीं

महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को गुजरात के टंकारा गांव में हुआ। बचपन से ही उनमें जिज्ञासा, तर्कशीलता और सत्य की खोज की तीव्र लालसा थी। वे रूढ़ियों, अंधविश्वासों और कर्मकांडों से असंतुष्ट रहते थे। कठोर तप, अध्ययन और चिंतन के पश्चात उन्होंने वेदों को सत्य का मूल स्रोत मानते हुए समाज सुधार का मार्ग अपनाया। उनका प्रसिद्ध उद्घोष 'वेदों की ओर लौटो' उस समय के समाज के लिए क्रांतिकारी विचार था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की आत्मा वेदों में निहित है और विदेशी आक्रमणों तथा आडंबरों के कारण हम अपने मूल से भटक गए हैं। उनके अनुसार वेद ज्ञान, विज्ञान, नैतिकता और मानव समानता का आधार हैं।

महर्षि दयानंद ने 1875 में आर्य समाज की स्थापना की, जो उनकी सबसे बड़ी देन मानी जाती है।

आर्य समाज ने सती प्रथा, बाल विवाह, जातिगत भेदभाव, छुआछूत और नारी अपमान के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई। उन्होंने स्त्री शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह और समान अधिकारों का समर्थन किया। उनका मानना था कि शिक्षा के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। इसी विचार से प्रेरित होकर पूरे भारत में दयानंद एंग्लो वैदिक (डीएवी) शिक्षण संस्थान स्थापित हुए, जिन्होंने आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का समन्वय किया। इन संस्थानों से निकले अनेक विद्यार्थी स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से शामिल हुए। महर्षि दयानंद के विचारों ने लोकमान्य तिलक, लाला लाजपत राय, रामप्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद और अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया। वे स्वराज, स्वदेशी और राष्ट्रीय आत्मगौरव की अवधारणाओं के प्रथम प्रवर्तक थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई राष्ट्र तब तक उन्नति नहीं कर सकता जब तक वह आत्मसम्मान और स्वतंत्र सोच को अपनाता है। उनकी प्रमुख कृति सत्यार्थ प्रकाश में धर्म, समाज, शिक्षा और राजनीति पर निर्भीक विचार प्रस्तुत किए गए हैं। इस ग्रंथ ने न केवल धार्मिक सुधार की दिशा तय की, बल्कि लोगों में तर्कशीलता और आत्मचिंतन की प्रवृत्ति भी विकसित की।

महर्षि दयानंद का व्यक्तित्व साहस, करुणा, विनम्रता और सत्यनिष्ठा का अद्भुत संगम था। वे लोभ, भय और प्रलोभनों से अप्रभावित रहकर सत्य का प्रचार करते रहे। अंग्रेजी शासन की नीतियों की आलोचना करते हुए भी उन्होंने निर्भीकता का परिचय दिया। अपने जीवन के अंतिम दिनों में भी उन्होंने क्षमा और उदारता का आदर्श प्रस्तुत किया। वे उच्च कोटि के वैदिक विद्वान, विचारक, चिंतक और समाज सुधारक थे। अत: महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत थे।

उन्होंने भारतीय समाज को आत्महीनता से बाहर निकालकर स्वाभिमान, सत्य और समानता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन, चिंतन और कार्य आज भी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत है। आधुनिक भारत में उनके योगदान और विचार समाज, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कुकलाह में नहीं बाखली में पुल बनने की संभावना

## लोक निर्माण विभाग ने भेजी 22 करोड़ की पीपीआर, रिस्टोरेशन के लिए संघर्ष के मूड में कुकलाह के लोग

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र के कुकलाह पुल को लेकर कश्मकश तेज हो गई है। कुकलाह और बाखली दोनों गांव के लोग अपने-अपने पक्ष को तथ्यों और उपयोगिता के साथ रख रहे हैं, मगर फिर भी बाखली में यातायात पुल के लगने की सम्भावना 80 प्रतिशत लग रही है। क्योंकि बाखली के साथ कलहणी, सराची के लोग और लोक निर्माण है। इसलिए अभी तक इनका पलडा भारी लग रहा है। जबकि कुकलाह के लोग कुकलाह में ही यातायात पुल को रिस्टोर करने के लिए आतुर है और किसी भी संघर्ष तक जाने को तैयार हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

बता दें कि वर्ष 2000 में बनकर स्थानीय और व्यावसायिक केंद्र बन चुके कुकलाह पुल को 2025 की भारी बरसात में क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसके बाद कुकलाह और आसपास के गांवों के लोग पुल के रिस्टोर होने की मांग कर रहे हैं। वहीं, बाखली, कलहणी और सराची के लोग नए यातायात पुल के लिए सक्रिय हैं। लोक निर्माण विभाग ने कुकलाह के पुल को रिस्टोर करने की बजाय बाखली में नया पुल बनाने के लिए 22 करोड़ रुपए की पीपीआर तैयार कर सरकार को भेज दी है। इस निर्णय में विश्व बैंक और हाई-प्रोफाइल कमेटियों की सिफारिश को अहम माना गया। स्थानीय लोग मानते हैं कि बाखली में पुल बनना व्यावहारिक और कानूनी दृष्टि से अधिक संभावित है। कुकलाह निवासी लाल सिंह, प्रधान सरोआ पुरन चंद और तारा चंद ने बताया कि उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से पुल रिस्टोरेशन का आश्वासन लिया है और इसके लिए वे बड़े संघर्ष तक जाने को तैयार हैं।



कुकलाह मार्ग क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय आवाजाही ठप। अनंत ज्ञान

विशेषज्ञ बताते हैं कि नदी पर बने पुल केवल आवाजाही का साधन नहीं, बल्कि स्थानीय व्यापार और समाज की जीवनरेखा भी होते हैं। कुकलाह पुल के क्षतिग्रस्त होने से सराज विधानसभा क्षेत्र के कई मार्ग प्रभावित हुए हैं। माकड़ी कैंची और पटीकरी पावर प्रोजेक्ट जैसी जगहों तक पहुंच मुश्किल हो गई, जबकि एनएच-चंडीगढ़-मनाली रोड के विकल्प भी स्थानीय लोगों के लिए असुविधाजनक हैं।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीण तलवार ने कहा कि बाखली में पुल की संभावना अधिक है, लेकिन कुकलाह मार्ग की मरम्मत के लिए सभी विकल्प तलाशे जा रहे हैं। आने वाली बरसात के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कुकलाह के लोग पुल के रिस्टोर होने तक सड़क मार्ग पर विरोध प्रदर्शन और अन्य संघर्ष से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस विवाद ने साबित कर दिया है कि नदी पर बने पुल स्थानीय जनजीवन और राजनीतिक संतुलन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। कुकलाह पुल के मामले में स्थानीय लोगों की जद्दोजहद और प्रशासनिक निर्णयों के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। बाखली में पुल के निर्माण की संभावनाएं बढ़ी हैं, लेकिन कुकलाह की मांग अभी भी जिंदा है।

## कूहल में गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, अनुज वर्धन, चौंतड़ा।** सुखाबाग चौंतड़ा में बुधवार सुबह लोगों में अफरातफरी मच गई जब एक व्यक्ति का शव कूहल में देखा। लोगों द्वारा तुरंत चौंतड़ा स्थित पुलिस चौकी घट्टा को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अतुल रैना अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे ओर पाया की चलते पानी की कूहल में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव पड़ा है। शिनाख्त के दौरान मृत की पहचान देशराज 50 वर्ष सपुत्र मथरू राम गांव लोआई पोस्ट ऑफिस मुल्थान तहसील बैजनाथ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक देशराज ने शादी नहीं की थी और टिकरी मुशहरा में किराए के कमरे में रहता था। दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन काट रहा था। वहीं मृतक के परिवार से छोटे भाई द्वारा शव की शिनाख्त कर किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। माना जा रहा है कि पानी की चलती कूहल में गिरने ओर ठंड से देशराज की मौत हुई है। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने घटना के संदर्भ में परिवार और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

## नरोला में माता मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर उड़ाई नकदी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल बलदवाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव नरोला स्थित दुर्गा माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने दानपात्र का बड़ा ताला तोड़कर नगदी पर हाथ साफ कर दिया तथा कथित रूप से कुछ 10-10 रुपए के नोट अंदर छोड़कर फरार हो गए।

घटना को लेकर मंदिर के प्रधान हंसराज वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार की वारदातें बढ़ना चिंताजनक है। मंदिर कमेटी के सदस्य श्री बलदेव सिंह तथा शास्त्री रोशन लाल ने पुलिस स्टेशन हटली (बलदवाड़ा) में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण कर जांच प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। पुलिस स्टेशन हटली के कर्मी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगे हैं। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने पुलिस से मामले की गहन जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



◆ मंदिर कमेटी ने पुलिस स्टेशन हटली में दर्ज करवाई शिकायत, जांच शुरू

## न्यूज ब्रीफ

### अपर डडोह में 53 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** ग्राम पंचायत ढाबन के गांव अपर डडोह में बुधवार को जोनल अस्पताल मंडी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सौजन्य से एक निःशुल्क मेडिकल परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्थानीय 53 लोगों के बीपी, शुगर तथा एक्स-रे जांच निःशुल्क की गई और विभिन्न रोगों से संबंधित दवाइयां भी वितरित की गईं। लाभार्थी एवं समाजसेवी (साहित्यकार) डॉ. पीसी कौंडल ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई, जो दूर स्थित अस्पतालों तक पहुंचने में असमर्थ रहते हैं। उन्होंने हिमाचल सरकार और चिकित्सा विभाग के इस प्रयास की सराहना की। कैंप में सीएचओ शिल्पा, एमएलटी दिव्यांशु शर्मा, फार्मेसी ऑफिसर राहुल ठाकुर, हेल्थ वर्कर जया तथा एक्स-रे टेक्नीशियन ओम प्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पंडोह में 18 जवानों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** थर्ड आईआरबीएन कैंपस पंडोह में बुधवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 18 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर का संचालन स्वास्थ्य विभाग मंडी ब्लड बैंक ब्लड बैंक टीम की देखरेख में किया गया। पीएचसी पंडोह में कार्यरत डॉक्टर नीतीश ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बहुत से जवान रक्तदान करने के इच्छुक थे, लेकिन स्वास्थ्य जांच के दौरान कुछ जवानों का ब्लड प्रेशर (बीपी) स्तर सामान्य से अधिक पाया होने के कारण रक्त दान से वंचित रह गए। डॉक्टरों ने उन्हें पहले स्वास्थ्य सुधारने की सलाह दी।

### आईटीआई सुंदरनगर में बताया एआई का महत्व

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व प्रशिक्षकों को एआई के महत्व और भविष्य में इसके प्रभाव से अवगत कराना था। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के प्रोफेसर संजय शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में एआई की मूल अवधारणा, वर्तमान उपयोग और शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य व कृषि में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनने और निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। अंत में संस्थान प्रशासन ने प्रोफेसर शर्मा को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया।

### सुंदरनगर में अब वाहन पासिंग की 23 को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत प्रस्तावित वाहनों की पासिंग तिथि में परिवर्तन किया गया है। वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि 13 फरवरी को निर्धारित वाहनों की पासिंग प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब उक्त वाहनों की पासिंग 23 फरवरी को प्रातः 10 बजे बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित वाहन मालिकों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित नई तिथि एवं समय के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा जिला मंडी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कार्यालय में 'समर्पण दिवस' के रूप में संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला के सभी पदाधिकारी, स्थानीय सदर मंडल के पदाधिकारी तथा विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निहालचंद शर्मा जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन, उनके आदर्शों एवं 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मांचली ठाकुर एवं जिला महामंत्री करण कोंडल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

### बाल आश्रम के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** दीन बंधु सेवा मंडल बाल आश्रम, भरनाल के कक्षा 12वीं के पांच विद्यार्थी हिमाचल सरकार की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत 10 से 14 फरवरी तक आयोजित विशेष शैक्षणिक और प्रेरणादायक भ्रमण पर रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को देश की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक विविधता और ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना है। बाल आश्रम के प्रभारी श्री प्रेम सिंह जी मार्गदर्शन करते हुए बच्चों के साथ यात्रा में उपस्थित हैं। विद्यार्थी चंडीगढ़ से हवाई मार्ग द्वारा जयपुर पहुंचे और वहां से गोवा के लिए रवाना हुए। गोवा में वे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह सुखू ने वीडियो कॉल के माध्यम से बच्चों से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। बाल आश्रम परिवार और विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग का धन्यवाद किया।

### नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति खंड इकाई सदर का सम्मेलन साक्षरता भवन सौली खड्ड मंडी में खंड इकाई अध्यक्षा भावना रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जहां उन्होंने प्रतिनिधियों व अतिथियों का स्वागत किया तथा सम्मेलन का उद्घाटन जिला कमेटी सदस्या रीना शर्मा के द्वारा करते हुए महिला सशक्तिकरण और संगठन पर विचार रखे गए। जिला सचिव गजेंदर शर्मा ने संगठन विस्तार व सदस्यता पर बल दिया, जबकि विशेष अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ एन आर ठाकुर ने संगठन के इतिहास, साक्षरता अभियान, बेटी बचाओ अभियान, खेती बचाओ अभियान, स्वच्छता अभियान तथा युवा बचाओ भविष्य बचाओ नशा मुक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की भूमिका को अहम बताया। जिला अध्यक्ष ललित शर्मा जी ने 7 मार्च को मंडी में नशे के खिलाफ पैदल यात्रा का आह्वान किया। खंड सहसचिव विनय कुमारी ने गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सम्मेलन में 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें भावना रावत अध्यक्षा, नर्वदा देवी उपाध्यक्षा, सचिव विनय कुमारी, सहसचिव अनिता देवी, चिंता कुमारी, मीना कुमारी, कोषाध्यक्ष पवना शर्मा तथा रणजीत सिंह, सीता देवी, शकुंतला, नीरा, सत्या, आशा, पल्लवी, जसविंदर आदि सदस्य चुने गए।

## भाषण में लक्ष्मी और पेंटिंग स्पर्धा में जीविका रही प्रथम



बलद्वाड़ा स्कूल में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से बुधवार को शैल बाला राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाडा में प्रधानाचार्य शकुंतला देवी की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, संतुलित आहार, नशे से दूर रहने के के बारे में विस्तृत जानकारी दी। काउंसलर चंपा वर्मा ने नई दिशा केंद्र के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भाषण व कला प्रतियोगिता भी करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम, श्रेया द्वितीय व अंजलि और आरुषि तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता में जीविका प्रथम राधिका द्वितीय व निधि तृतीय रहे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इनाम भी बांटे गए।

इस अवसर पर चीफ वेटरनरी फार्मासिस्ट विजय कुमार शर्मा, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सोनिया, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजय, हर्षा गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशा सोनू देवी अध्यापक सहित करीब 120 बच्चे भी उपस्थित रहे।

## यशवंत बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक

**अनंत ज्ञान, नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा को भाजपा बालीचौकी मंडल व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी में योगराज 'राजू' संजीव अरोड़ा, मोहन ठाकुर और जीबू को मंडल का सह संयोजक बनाया गया है। इस अवसर पर मंडल के सह संयोजक योगराज राजू ने अपनी नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के इस दायित्व को तन मन और धन से निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। वहीं नवगठित कार्यकारिणी के संयोजक यशवंत शर्मा ने बताया कि संगठन और नेता प्रतिपक्ष ने उनके ऊपर जो दायित्व सौंपा है वह हर कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे न केवल व्यापारी बंधुओं को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करेंगे बल्कि समय समय पर व्यापारी वर्ग की समस्याओं से शीर्ष नेतृत्व को भी अवगत करवाते रहेंगे।



◆ योगराज 'राजू' को सह संयोजक की मिली कमान

## किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में 302 ग्राम चरस सहित 21 वर्षीय युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने नाकाबंदी के दौरान पंजाब रोडवेज की बस में सफर कर रहे किन्नौर जिला के निचार क्षेत्र निवासी आरोपी युवक से चरस की खेप बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 302 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।



पुलिस टीम के साथ चरस संग पकड़ा आरोपी। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार थाना के एसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज, कांस्टेबल कुलदीप कुमार और सतीश कुमार की टीम नाकाबंदी पर किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में मौजूद थे। इसी दौरान मनाली से चंडीगढ़ जा रही पंजाब रोडवेज की बस नंबर पीबी-65एटी-1684 को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर उसकी चेकिंग में बस में सवार एक युवक के कब्जे से 302 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। आरोपियों की शिनाख्त काव्या सिंह नेगी उम्र 21 वर्ष पुत्र जीवन सिंह नेगी निवासी गांव उरनी डाकघर टापरी तहसील निचार जिला किन्नौर हिमाचल प्रदेश के तौर पर हुई है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है। उन्होंने कहा कि आरोपी को नियमानुसार पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति की मासिक बैठक में पैरा खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

◆ दिव्यांगों के अधिकारों के लिए जनहित याचिका उच्च न्यायालय भेजी

सरकाघाट। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति, की मासिक बैठक, समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में समिति कार्यालय, रोपा कॉलोनी में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में, डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश के बैनर तले, एसोसिएशन की अध्यक्षा रचना कुमारी के नेतृत्व में सिंघानिया यूनिवर्सिटी, झुंझुनू राजस्थान में, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति की तरफ़ से 3 खिलाड़ियों, जिनमें रमेश चन्द भारद्वाज, बृजमोहन लाल व सुनील कुमार द्वारा राष्ट्र स्तर पर, पैरा थ्रोबाल फेडरेशन कप 2026 में, हिमाचल प्रदेश की तरफ़ से भाग लेने पर, उन्हें प्रदेशध्यक्ष हरि दास प्रजापति ने सम्मानित कर, दिव्यांगों का मनोबल बढ़ाया तथा सरकार से दिव्यांगों के लिए भेजे गए बजट को, धरातल पर लागू करने का आग्रह किया।

दिव्यांगों के हितों को सुनिश्चित करवाने के लिए, जनहित याचिका पंजीकृत डाक द्वारा भेजी। दिव्यांगों को उनके हक दिलवाने के लिए उपस्थित दिव्यांगों द्वारा हस्ताक्षरित जनहित याचिका को पंजीकृत डाक के माध्यम से रजिस्ट्रार जनरल (उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश) को भेज दिया गया। प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वो दिव्यांगों से संबंधित उनकी वास्तविक मांगों को प्रदेश तथा केंद्र सरकार दोनों को कई बार भेज चुके हैं, लेकिन सरकार इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही हैं। याचिका में हिम बस कार्ड की शर्त समाप्त करने, यूडीआईडी कार्ड को सभी बसों में मान्यता देने, न्यूनतम पेंशन 5,000 करने, लो-फ्लोर बसें बढ़ाने, परिचारक के लिए मुफ्त यात्रा, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष शौचालय, मुफ्त इलाज व दवाइयों, पक्का आवास, ऑनलाइन बस बुकिंग, खेलों के आयोजन व आर्थिक सहायता सहित अनेक प्रमुख मांगें शामिल हैं।

बैठक में उपस्थित तथा जनहित याचिका में हस्ताक्षर करने वालों में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा सदस्यों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल, उपाध्यक्ष नायब सूबेदार कर्म सिंह परमार, ब्लॉक अध्यक्ष मेहर सिंह, ब्रिज मोहन, सुनील कुमार, सुमित ठाकुर, टेक चन्द, रत्नी देवी, सत्या देवी, रत्नी देवी, सरला देवी इत्यादि गणमान्य सदस्यों ने अपनी अपनी सहमति प्रदान की।

## नरोला में भूकंप, बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गांव नरोला में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल सलापड की 14वीं वाहिनी की टीम द्वारा महिला मंडल अपर नरोला के सहयोग से आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एएसआई विनोद कुमार तथा एएसआई अश्वनी कुमार ने स्थानीय महिलाओं व पुरुषों को भूकंप, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बनावटी मुंह से मुंह द्वारा सांस देने की प्रक्रिया, चोट लगने पर खून बहना रोकने के उपाय, बनावटी स्ट्रेचर तैयार करना तथा उपलब्ध साधनों का आपात स्थिति में उपयोग करने के तरीके प्रैक्टिकल माध्यम से समझाए गए। एएसआई विनोद कुमार ने कहा कि आपदा के समय प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक बचाव उपायों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि संकट की घड़ी में अधिक से अधिक लोगों की सहायता की जा सके। शिविर में अपर नरोला वार्ड मेंबर सत्या देवी वार्ड, महिला मंडल नरोला की प्रधान श्रीमती उमा देवी, सुनीता शर्मा, पुष्पा देवी, नीलिमा, शीला देवी, बलदेव सिंह, इंद्रदेव, मदनलाल, शास्त्री रोशन लाल उर्फ (शेरू), वीरी सिंह, सुंदरलाल, अमरनाथ, ओम प्रकाश, जगदीश शर्मा सहित अनेक महिलाओं व पुरुषों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की।

## राजनीति सेवा का माध्यम है सत्ता का नहीं: राकेश जम्वाल



सुंदरनगर में पंडित दीनदयाल को श्रद्धांजलि दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय का सपना आज भारत की नीतियों, योजनाओं और जमीन पर साकार हो रहा है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने पार्टी कार्यालय सुंदरनगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'समर्पण दिवस' कार्यक्रम में भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष हीरा लाल कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ और पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया।

राकेश जम्वाल ने कहा कि पंडित जी ने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का माध्यम माना। उनका प्रतिपादित एकात्म मानववाद भारतीय संस्कृति के अनुरूप विकास की ऐसी विचारधारा है, जो मनुष्य को केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वित स्वरूप के रूप में देखती है। भारतीय जनता पार्टी आज भी इसी वैचारिक आधार पर आगे बढ़ रही है।

## सरकाघाट उपमंडल में पशु मित्र भर्ती में 172 ने पास किया शारीरिक परीक्षण



पशु मित्र भर्ती के लिए दौड़ लगाते अभ्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में पशुमित्र भर्ती के तहत शारीरिक परीक्षण प्रक्रिया का आयोजन राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के खेल मैदान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन शारीरिक परीक्षण उपसमिति सरकाघाट की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार सरकाघाट मनीश कुमार ने की।

तहसीलदार मनीश कुमार ने बताया कि उक्त भर्ती के लिए उपमंडल सरकाघाट से कुल 197 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 193 अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार किए गए। शारीरिक परीक्षण में 173 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 20 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थित अभ्यर्थियों में से 172 को शारीरिक परीक्षण में उत्तीर्ण घोषित किया गया। शारीरिक परीक्षण उपसमिति में सहायक निदेशक कुक्कुट उत्पादन हिम हैचरी सुंदरनगर डॉ. मनदीप कुमार , वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सरकाघाट डॉ. राजेंद्र सिंह जसवाल शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. अर्पण शर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने परीक्षण प्रक्रिया के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया।

## शिवरात्रि महोत्सव रील मेकिंग स्पर्धा के विजेता को मिलेंगे 15 व 10 हजार रुपए

# रील बनाकर प्रदर्शित करें सांस्कृतिक विरासत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी एवं मेला समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 के अवसर पर जिला प्रशासन मंडी द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लगभग 500 वर्ष प्राचीन मंडी नगर की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को रचनात्मक माध्यम से सहेजना और व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से देवताओं के आगमन, बजंतरियों की गूंज तथा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े पलों को 45 से 60 सेकंड की रील में दर्शाना होगा।

उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारत में निवास करने वाले सभी इच्छुक शौकिया एवं पेशेवर प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता की थीम 'द पल्स' निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को अधिकतम एक रील वर्टिकल 9:16 फॉर्मेट में तैयार करनी होगी, जिसमें जलेब, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और लोगों की अनूठी आस्था के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी मौलिक एवं हाई रेजोल्यूशन में तैयार रील ईमेल के माध्यम से man-didtdo@gmail.com पर भेजनी होगी। साथ ही रील को डीसी मंडी के आधिकारिक फेसबुक और इंस्टाग्राम हैंडल के साथ कोलैब पोस्ट करना तथा #MandiShivratri हैशटैग का प्रयोग करना अनिवार्य रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि रील पूर्णतः मौलिक होनी चाहिए। एआई जनरेटेड, साहित्यिक चोरी अथवा पूर्व प्रकाशित सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रविष्टि के साथ प्रतिभागी को अपना पूरा नाम, आयु, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, रील का शीर्षक, स्थान व तिथि तथा पहचान सत्यापन हेतु आधार कार्ड की स्कैन प्रति संलग्न करनी होगी। रील भेजने की अंतिम तिथि 23 फरवरी को दोपहर 3.00 बजे तक निर्धारित की गई है। विलंबित अथवा अपूर्ण प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का मूल्यांकन उपायुक्त मंडी द्वारा नामित निर्णायक मंडल करेगा।



◆ 23 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक भेजी जा सकेंगी प्रविष्टियां: डीसी

## पंचमुखी महादेव लांगणा में विशेष पूजा व भंडारा 16 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत लांगणा स्थित भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध पंचमुखी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में चार प्रहर विशेष पूजा, रुद्राभिषेक एवं रात्रि जागरण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 16 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।मंदिर में भगवान शिव पंचमुखी स्वरूप में विराजमान हैं। इस अद्भुत प्रतिमा में ब्रह्मा, विष्णु और महेश के स्वरूपों के साथ ईशान, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव तथा सद्योजात के पांच मुखों के दर्शन होते हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। महाशिवरात्रि के अवसर पर चारों प्रहरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। रुद्राभिषेक के दौरान भगवान शिव का दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया जाएगा। रात्रि जागरण में भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु पूरी रात भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहेंगे।पंचमुखी महादेव मंदिर के पुजारी बसंत गिरी ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस पावन अवसर पर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना और भंडारे में भाग लेने का आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंद्र ऑटो इंडस्ट्रीज में भरे जाएंगे 22 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंद्र ऑटो इंडस्ट्रीज नया नंगल द्वारा विभिन्न श्रेणियों में 22 पद भरे जाएंगे। इसके लिए साक्षात्कार 16 फरवरी को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय ऊना में आयोजन किया जा रहा है। इनमें वेल्डर के 5 पद, टर्नर के 3 पद, फिटर के 5, पेंटर के 2, डेंटर के 2 और हेल्पर के 5 पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता वेल्डर, टर्नर और फिटर फील्ड में आईटीआई होना अनिवार्य है। साथ ही, आयु सीमा 20 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्र व बायोडाटा की कॉपी सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 92161-20832, 92160-20832 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक लेना खतरनाक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सर्दी-जुकाम या बुखार में बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवा लेना भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन सकता है। यह बात एसडीएम सदर बिलासपुर डॉ. राजदीप सिंह (एमबीबीएस) ने इंडियन करियर डिफेंड अकादमी बिलासपुर में आयोजित जागरूकता सत्र के दौरान कही। उन्होंने बताया कि बिना चिकित्सकीय परामर्श एंटीबायोटिक लेने से शरीर के कीटाणु दवाओं के प्रति प्रतिरोधी (रेजिस्टेंट) हो जाते हैं, जिससे भविष्य में दवाएं असर नहीं करतीं। सामान्य सर्दी-जुकाम व बुखार के अधिकांश मामलों में एंटीबायोटिक की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने युवाओं से केवल डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाएं लेने व दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अकादमी के प्रबंध निदेशक मनोज चंदेल ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। स्टाफ सदस्य हरीश, अंशु ठाकुर, भावना ठाकुर और भारती भी उपस्थित रहे।

### लखनपुर में सीवरेज कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में निर्माणाधीन सीवरेज योजना के अंतर्गत एसडीएम राजदीप सिंह ने लोअर लखनपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और कार्य की गुणवत्ता तथा समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां सीवरेज लाइन बिछाई जा रही है, वहां सड़क मरम्मत का कार्य समानांतर रूप से किया जाए, ताकि लोगों को असुविधा न हो। साथ ही कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन और निर्माण पूर्ण होने के बाद सड़कों को पूर्व स्थिति में बहाल करने के निर्देश भी दिए।

### फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण में महिलाओं को मिला लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बिलासपुर द्वारा 10 दिवसीय निशुल्क फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन किया गया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों व बीपीएल परिवारों की 30 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान चाउमीन, बर्गर, फ्राइड राइस, भेलपुरी, टिक्की, मैक्रोनी व पानीपुरी बनाने की जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक अजय कुमार शर्मा ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा स्वरोजगार योजनाओं, मुद्रा लोन, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई और स्टैंड-अप इंडिया योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी से खिलौना निर्माण व 23 फरवरी से मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण आरंभ होगा। इच्छुक अभ्यर्थी क्यूआर कोड स्कैन कर निशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं।

### स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान झंडूता।** कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के तत्वावधान में संयोजक प्रो. बलबीर द्वारा विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की। मुख्यातिथि के रूप में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) भारत सरकार के अंतर्गत उद्योग विभाग बिलासपुर से वरिष्ठ सलाहकार सतविंदर सिंह अपने सहयोगी अनिल के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों तथा स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया, जिनके माध्यम से युवा अनुदान व ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सैलून, परिधान, खाद्य, स्वास्थ्य और मनोरंजन क्षेत्र में स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। प्राचार्य ने कहा कि प्रतिस्पर्धी दौर में सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### 10 बच्चों को वितरित की निशुल्क पुस्तकें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय(जेएनवी) ऊना द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सुदृढ़ मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। इसके तहत जेईई और नीट परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 11वीं और 12वीं कक्षा के चयनित विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई। पीएम श्री जेएनवी पेखूबेला के प्राचार्य राज सिंह ने बताया कि ये विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति के लक्ष्य पोर्टल के माध्यम से नियमित अध्ययन कर रहे हैं तथा निरंतर टेस्ट सीरीज में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों की लगन, निरंतर प्रयास एवं प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कुल 10 विद्यार्थियों को फिजिक्सवाला की पुस्तकें निशुल्क प्रदान की गईं। यह शैक्षणिक सहयोग अवंती फेलोज द्वारा नवोदय विद्यालय समिति के सहयोग से उपलब्ध कराया गया। लाभान्वित विद्यार्थियों में 3 विद्यार्थी चिकित्सा तथा 7 विद्यार्थी अभियंत्रण परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इसके साथ ही प्राचार्य ने विद्यार्थियों को निरंतर अनुशासन, आत्मविश्वास व सही दिशा में कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने का संदेश दिया।

### बच्चे के इलाज के लिए लगाई मदद की गुहार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता की ग्राम पंचायत बैरहन के बैहरन झरेडी गांव की ओंकारी देवी ने अपने पोते गौरव के इलाज के लिए प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। गौरव की एक आंख गंभीर रूप से प्रभावित है और उसका उपचार आईजीएमसी शिमला में चल रहा है। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, अब तक इलाज के लिए घर के गहने तक बेचने पड़े हैं। डॉक्टरों के अनुसार आगे के इलाज में लाखों रुपए का खर्च आएगा। हर बार शिमला ले जाने में लगभग पांच हजार रुपए का खर्च होता है, जो परिवार के लिए वहन करना कठिन हो गया है। गौरव तीसरी कक्षा का छात्र है। परिवार ने प्रशासन और समाजसेवियों से आर्थिक सहायता की अपील की है।

### स्वीट ऑरेंज क्लस्टर पर भ्रामक जानकारी का खंडन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपनिदेशक बागवानी डॉ. जगदीश वर्मा ने कोठी मझेड़ में स्थापित स्वीट ऑरेंज क्लस्टर के संबंध में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत वर्ष 2020 में स्थापित इस क्लस्टर में मौसंबी सहित विभिन्न किस्मों के 14,672 पौधे लगाए गए हैं। सिंचाई सुविधा के लिए एक लाख लीटर क्षमता का मुख्य टैंक व 20 हजार लीटर क्षमता के 8 मॉड्यूलर टैंक बनाए गए हैं तथा टपक सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्लस्टर से संबंधित आत्महत्या की खबर पूर्णतः असत्य है और संबंधित घटना के अन्य घरेलू कारण थे। करोट क्लस्टर से इस वर्ष लगभग 40 मीट्रिक टन फल विभिन्न मंडियों में भेजा गया है, जो 26 से 40 रुपए प्रति किलो तक बिका। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें व किसी भी जानकारी के लिए सीधे विभाग से संपर्क करें।

### उमराली-ढिलवां मार्ग पर वाहनों की आवाजाही कल से बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल हरोली के तहत उमराली-छेत्रां-ढिलवां सड़क मार्ग पर यातायात 13 फरवरी से 14 मार्च तक बंद रहेगा। इस दौरान यातायात के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक को उमराली-लालूवाल-हीरां थड़ा-ढिलवां सड़क मार्ग पर मोड़ा गया है। डीसी ऊना जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश संबंधित सड़क मार्ग पर सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट निर्माण कार्यों को सुचारू व त्वरित करने को लेकर जारी किए हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### जेएनवी पेखूबेला में 'प्रेरणा उत्सव' आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला में जिला स्तरीय 'प्रेरणा उत्सव-2026' आयोजित हुआ, जिसमें 20 से अधिक विद्यालयों के चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने नवाचार, रचनात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोमलाल धीमान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय की 'प्रेरणा' पहल के अंतर्गत नेतृत्व व नैतिक मूल्यों के विकास हेतु आयोजित किया गया। प्राचार्य राज सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय सप्लायर को 6 दिन का पुलिस रिमांड, नेटवर्क की जांच शुरू

अनंत ज्ञान



पुलिस कर्मचारी घटनास्थल पर कार्रवाई करते हुए। अनंत ज्ञान

**बढ़ूही, ऊना।** अंब पुलिस द्वारा भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के साथ गिरफ्तार किए गए अंतरराज्यीय सप्लायर संजीव कुमार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए गहन पूछताछ और तकनीकी जांच में जुट गई है।

पुलिस थाना अंब, सीआईडी ओर स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने धुसाड़ा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान आरोपी को क्विड कार सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से ट्रामाडोल की 31,800 गोलियां, अल्प्राजोलम की 3,765 गोलियां और प्रीगैबलिन की 8,000 गोलियां बरामद की गई थीं। ये तीनों दवाइयां प्रतिबंधित श्रेणी में आती हैं और इनका दुरुपयोग युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी से यह जानकारी जुटाई जाएगी कि वह नशीली दवाइयां कहां से मंगवाता था, किस माध्यम से हिमाचल तक पहुंचाता

**◆ ट्रामाडोल की 31,800 गोलियां अल्प्राजोलम की 3,765, प्रीगैबलिन की 8,000 गोलियां बरामद की**

था और किन-किन क्षेत्रों में इनकी सप्लाई की जानी थी। इसके साथ ही आरोपी के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, बैंक लेन-देन और संभावित कूरियर कनेक्शन की भी गहन जांच की जाएगी, ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि आरोपी हिमाचल प्रदेश सहित आसपास के राज्यों में सप्लाई नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश में था। अंब पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र की जनता ने पुलिस के सख्त रुख की सराहना की है। अब सभी की निगाहें रिमांड के दौरान होने वाले संभावित खुलासों पर टिकी हैं। डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने कहा कि पुलिस को न्यायालय से 6 दिन का रिमांड प्राप्त हुआ है और इस दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर सप्लाई चेन से जुड़े हर छोटे-बड़े किरदार की पहचान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए हर कानूनी कदम उठाया जाएगा।

## जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक 15 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक 15 फरवरी को प्रातः 11 बजे उपायुक्त कार्यालय, बिलासपुर के बचत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। उन्होंने सभी गैर-सरकारी सदस्यों से अनुरोध किया कि वह बैठक में चर्चा के लिए अपने-अपने मुद्दों का मसौदा 12 फरवरी को सांय 4 बजे तक उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें बैठक के एजेंडे में सम्मिलित किया जा सके। साथ ही, प्रत्येक सदस्य से अधिकतम दो मद ही भेजने का आग्रह किया गया है। समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया गया है, ताकि जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक चर्चा एवं निर्णय लिए जा सके।

## लखनपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में पंच परिवर्तन का दिया संदेश



विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** हिमुडा कॉलोनी लखनपुर स्थित सामुदायिक भवन में समाजसेवी गंगाराम वर्मा के संयोजन में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त बिजली सहायक अभियंता बीपी शर्मा ने की, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा के सहायक प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-उत्तर क्षेत्रीय कार्यवाह डॉ. किस्मत कुमार मुख्य वक्ता रहे। नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. किस्मत कुमार ने हिंदू शब्द के अर्थ, सनातन के इतिहास और वर्तमान पर प्रकाश डालते हुए संघ संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के त्याग व संघर्ष का उल्लेख किया। उन्होंने आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों तथा 'पंच परिवर्तन' के उद्देश्य की जानकारी दी। पंच परिवर्तन के अंतर्गत स्व-बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर जागरूकता का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के माध्यम से समरस, आत्मनिर्भर व कर्तव्यनिष्ठ समाज के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में भजन टोली की प्रस्तुति के साथ विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भजन और वाद्यवृंद प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। विशेष अतिथि कमल गौतम ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जबकि अध्यक्ष बीपी शर्मा ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## कुरीतियों के खिलाफ संगठित होने का आह्वान ब्राह्मण समाज ने लिया जागरूकता का संकल्प



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा की एक औपचारिक बैठक का आयोजन बिलासपुर ब्राह्मण सभा द्वारा किया गया। बैठक में सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लेकर सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान समाज में पनप रही विभिन्न कुरीतियों व सामाजिक चुनौतियों पर मंथन किया गया।

उपस्थित सदस्यों ने एकमत से संकल्प लिया कि ब्राह्मण समाज इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संगठित रूप से कार्य करेगा तथा सामाजिक जागरूकता अभियान चलाएगा। वक्ताओं ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित मनमोहन गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को सशक्त व संगठित बनाना समय की मांग है। उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वे सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं और युवा पीढ़ी को संस्कार व नैतिक मूल्यों से जोड़ें। बैठक में पंडित सतीश शर्मा, पंडित हरीश शर्मा, पंडित पवन शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा, पंडित विजय गौतम, पंडित देव राज शर्मा, पंडित लीला गोपाल शर्मा तथा पंडित भूपिंद्र गौतम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अंत में समाजहित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया गया।

## सीएम की अगुवाई में ऊना में 21 को 'एंटी-चिट्टा वॉकथॉन'

अनंत ज्ञान

**ऊना।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में चल रहे व्यापक जन-जागरूकता अभियान के तहत 21 फरवरी को ऊना में 'एंटी-चिट्टा वॉकथॉन' का आयोजन किया जाएगा। वॉकथॉन के सफल आयोजन को लेकर डीसी ऊना जतिन लाल ने बुधवार को डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

डीसी ने बताया कि 21 फरवरी को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री सुक्खू इस वॉकाथॉन में स्वयं शामिल होंगे। वे इंदिरा स्टेडियम ऊना से 'एंटी-चिट्टा वॉकथॉन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और स्वयं भी वॉकथॉन में सहभागिता करेंगे। यह वॉकथॉन इंदिरा स्टेडियम से प्रारंभ होकर ऊना बाजार क्षेत्र का चक्कर लगाते हुए पुनः इंदिरा स्टेडियम में संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प नशामुक्त हिमाचल के निर्माण का है और इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार चिट्टे के खिलाफ सख्त, सतत व व्यापक अभियान चला रही है।

ऊना में आयोजित की जा रही यह एंटी-चिट्टा वॉकथॉन उसी अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें जनभागीदारी को सबसे सशक्त माध्यम के रूप में जोड़ा गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवाओं एवं उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की 'एंटी-चिट्टा शपथ' भी दिलाएंगे। उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग को आयोजन स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार के लिए हेल्थ बूथ स्थापित करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### 35 हजार विद्यार्थी व नागरिक लेंगे भाग

**डीसी** ने बताया कि इस वॉकथॉन को प्रभावी जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों, कॉलेजों, नशा निवारण समितियों, सामाजिक संस्थाओं तथा आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की गई है। लगभग 35 हजार विद्यार्थी एवं नागरिक इस वॉकथॉन में भाग लेंगे, जिनमें विशेष रूप से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके आवागमन के लिए लगभग 500 बसों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि वॉकाथॉन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशे के खिलाफ सामूहिक चेतना विकसित करना है। इसके लिए प्रत्येक शिक्षण संस्थान के लिए प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी तथा संबंधित विद्यालय की ओर से अध्यापकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखा जा सके।

**◆ डीसी ने तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक**

## भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस नेता ठाकुर हीरा पाल सिंह ने भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने व विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस व गांधी-नेहरू परिवार पर लगातार व्यक्तिगत टिप्पणियां की जाती हैं, लेकिन जब कांग्रेस के नेता सवाल उठाते हैं, तो उनकी बातों पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा व जवाब चाहता है, लेकिन महत्वपूर्ण विषयों पर बहस से बचा जाता है। पीएम केयर फंड, रक्षा सौदों और अन्य नीतिगत निर्णयों पर पारदर्शिता की मांग करना विपक्ष का अधिकार है। हीरा पाल सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पिछले वर्षों से महत्वपूर्ण कानूनों में बदलाव अपनी मर्जी से कर रही है और विपक्ष की मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। लोकतंत्र में स्वस्थ बहस व जवाबदेही आवश्यक है, लेकिन इसके बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का माहौल बनाया जा रहा है।

## मन्नत पूरी होने पर बेलारूस से लौटे श्रद्धालु ने माता चिंतपूर्णी में लगाई दंडवत हाजिरी

अनंत ज्ञान



**चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में बुधवार को अटूट श्रद्धा और विश्वास का एक सुंदर दृश्य देखने को मिला। जालंधर से आए श्रद्धालु विक्की ने मंदिर में दंडवत हाजिरी भरकर अपनी मन्नत पूरी होने पर माता रानी का आभार व्यक्त किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विक्की ने बताया कि करीब एक साल पहले उन्होंने माता के दरबार में अपना घर बनाने की अर्जी लगाई थी। इसके बाद वे काम के सिलसिले में बेलारूस चले गए। माता रानी की असीम कृपा से अब उन्होंने न केवल प्लाट खरीद लिया है, बल्कि उस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। अपनी इसी खुशी और मन्नत के पूरा होने पर उन्होंने भरवाईं से लेकर मुख्य मंदिर तक लगभग 3 किलोमीटर दंडवत होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस कठिन यात्रा में विक्की के भाई राजू ने कदम-कदम पर उनका साथ दिया व उनका सहयोग किया। विक्की ने विशेष रूप से मंदिर न्यास के लंगर हॉल में कार्यरत कर्मचारी संदीप शर्मा का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस दौरान उन्हें काफी सहयोग प्रदान किया। श्रद्धालु का कहना है कि माता के प्रति सच्ची श्रद्धा हो तो हर मुराद पूरी होती है और आज वे अपने घर का सपना साकार होने पर माता के चरणों में नतमस्तक होने आए हैं।

## तुलसीराम ठाकुर को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल छत में आयोजित जिला स्तरीय कुकिंग कंपटीशन व प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम में मिड डे मील कर्मियों को प्रोफेशनल ढंग से खाना बनाने किचन मैनेजमेंट और साफ सफाई से जुड़ी अहम बारीकियों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग होटल लेक व्यू बिलासपुर के मैनेजर तुलसीराम ठाकुर द्वारा दी गई।

जिला प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक नरेश कुमारी चंदेल एवं खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रंजीत ठाकुर ने मिड डे मील योजना के तहत स्कूलों में बच्चों के दोपहर का भोजन तैयार करने वाली कर्मियों के कौशल को और बेहतर बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अंतर्गत होटल लेक व्यू बिलासपुर के मैनेजर तुलसीराम ठाकुर को सम्मानित किया।

## पीएनबी आरसेटी ऊना में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

# 28 प्रतिभागियों को मिले प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान



उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना में आयोजित 10 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम ईडीपी-पीएमईजीपी लाभार्थी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक संजीव सक्सेना मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। संजीव सक्सेना ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 28 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्रदान किए जाने वाले ऋण का सदुपयोग सही दिशा में करें, अपने व्यवसाय को सफल बनाएं तथा आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक आर-सेटी ऊना के निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे आगे चलकर अपने व्यवसाय से अन्य लोगों को भी जोड़ें और सरकारी ऋण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पीएनबी आरसेटी ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया कि इस प्रशिक्षण के अंतर्गत 28 प्रतिभागियों को ऋण एवं सब्सिडी से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में ऊना, मंडी, बिलासपुर तथा किन्नौर जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने जानकारी दी कि प्रशिक्षण उपरांत सामान्य वर्ग के प्रतिभागियों को 25 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी के प्रतिभागियों को 35 प्रतिशत तक ऋण सब्सिडी/अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी ऊना से हिना, मीनाक्षी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** कल्याण कला मंच' की कवि संगोष्ठी में सजा साहित्यिक रंग

# देवली में गूंजी लोक-संस्कृति की स्वर लहरियां

अनंत ज्ञान



गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार। अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के ऐतिहासिक देवली गांव में कल्याण कला मंच की मासिक कवि संगोष्ठी साहित्य व लोक-संस्कृति के रंगों से सराबोर रही।

मछली टैंकों के समीप खुले वातावरण में आयोजित इस काव्य संध्या में कवियों व कलाकारों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि श्रोतागण देर तक रसास्वादन करते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की प्रधान तृप्ता कौर मुसाफिर ने की। कोर कमेटी सदस्य सुरेंद्र मिन्हास और अमरनाथ धीमान सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच संचालन महासचिव बाबू राम धीमान ने अपने विशिष्ट अंदाज में किया, जिससे कार्यक्रम में जीवंतता बनी रही। काव्य पाठ का आरंभ कैप्टन सुरेंद्र की कविता से हुआ। बृजलाल लखन पाल, करमवीर कांडेरा और रविंद्र भट्टा ने संवेदनशील रचनाओं से समाज के विविध पक्षों को उजागर किया। डॉ. अनेक राम संख्यान ने लोकजीवन से जुड़ी कविता प्रस्तुत की, जबकि तृप्ता कौर मुसाफिर और चिंता भारद्वाज ने नारी संवेदना व जीवन मूल्यों पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को भावुक किया।

श्याम सहगल, नरेंद्रदत्त शर्मा व अमरनाथ धीमान ने गीतों के माध्यम से जीवन के संघर्ष और आशा के स्वर छेड़े। सुरेंद्र मिन्हास की पहाड़ी रंग में रची कविता ने स्थानीय संस्कृति की सुगंध बिखेरी। महिला मंडल देवली ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में लोकधुनों की मधुरता घोली। डॉ. जय महलवाल 'अनजान', रामपाल डोगरा और अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य संरक्षक अमरनाथ धीमान ने सभी प्रतिभागियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ साहित्यकार चिंता द्वारा सभी को बिलासपुरी धाम परोसी गई, जिसने इस साहित्यिक संध्या को आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का स्वरूप प्रदान किया। देवली की यह काव्य संध्या केवल कविता पाठ तक सीमित नहीं रही, बल्कि लोकभाषा, परंपरा व सामूहिक सृजन की जीवंत मिसाल बनकर साहित्य प्रेमियों के मन में देर तक गूंजती रही।

## बिलासपुर कॉलेज में 17-18 को राष्ट्रीय सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर एवं हिमाचल प्रदेश इंग्लिश टीचर्स फोरम के संयुक्त तत्वावधान में 17 व 18 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन भारतीय लोक, जनजातीय, क्षेत्रीय व देशज साहित्यिक परंपराओं पर केंद्रित होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य भारत की विविध साहित्यिक परंपराओं को प्रमुखता देना तथा लोक एवं जनजातीय साहित्य में निहित सांस्कृतिक और भाषाई अभिव्यक्तियों पर चर्चा करना है। सम्मेलन का मुख्य वक्तव्य पद्मश्री एवं साहित्य अकादमी सम्मानित प्रो. गणेश नारायणदास देवी द्वारा दिया जाएगा। समापन सत्र को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. कृष्णन उन्नी संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश तथा अन्य संस्थानों के विद्वान भी अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में देशभर से 52 प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें प्राचार्य, प्राध्यापक व शोधार्थी शामिल हैं।

## मदन मेमोरियल टूर्नामेंट का समापन साइलेंट किलर बिलासपुर बनी चैंपियन



ट्रॉफी के साथ विजेता साइलेंट किलर बिलासपुर टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** औहर ग्राउंड में आयोजित मदन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। इसमें साइलेंट किलर बिलासपुर ने हिमाचल स्ट्राइकर को हराकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट का आयोजन शम्मी भंडारी ने अपने पिता की स्मृति में ऋषि ठाकुर और शुभम अभिषेक चंदेल के सहयोग से किया। प्रतियोगिता में देशभर की 24 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमाचल स्ट्राइकर ने सिमरन सम्मी (58), निलय पवार (44) व आयुष (30) की पारियों की बदौलत प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। जवाब में साइलेंट किलर बिलासपुर की ओर से गौरव शर्मा ने 36 गेंदों में 66 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जबकि कप्तान नरेश (33) व रवि शर्मा (नाबाद 17) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। गेंदबाजी में नवीन ठाकुर ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख मोड़ दिया। विजेता टीम को दो लाख रुपए, उपविजेता को एक लाख और तृतीय स्थान पर रही बाज क्रिकेट क्लब खरड़ को 50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज रवि शर्मा, बेस्ट बॉलर अश्वनी ठाकुर और सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर अभिषेक सूर्यवंशी रहे। ग्यारह वर्षों से आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट क्षेत्र में युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच देने का महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है।

# पं. दीनदयाल का जीवन सादगी का प्रतीक : जयराम

## कुल्लू जिला भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू के भुंतर में बुधवार को कुल्लू जिला भाजपा की ओर से स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने अपने संबोधन में विशेष अतिथि जयराम ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्व.पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत के माध्यम से भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। उन्होंने गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित और आदिवासी समाज के कल्याण पर बल दिया। वहीं, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला।

जयराम ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा व समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने पंडित उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महामानव थे, जिनका असमय निधन देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए अपूरणीय क्षति थी। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने गरीबी व अभाव को निकट से देखा था, इसलिए उन्होंने 'अंत्योदय' का मंत्र दिया, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और चिंतन का अनुसरण करते हुए देश की सेवा में जुटे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा का मूल चिंतन स्थापना काल से ही एकात्म मानववाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित है, जिसके प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय रहे। इस मौके पर उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का अनुसरण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित जिला भाजपा के पदाधिकारियों के अलावा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते जयराम। अनंत ज्ञान

# काव्यांश शर्मा का जोरदार स्वागत

## किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक झटक कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** वाको किक बॉक्सिंग कुल्लू के प्रधान रणवीर ठाकुर के नेतृत्व में 4 से 8 फरवरी तक आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ला मोंटेसरी स्कूल के +2 कक्षा के छात्र काव्यांश शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने विद्यालय, अकादमी व क्षेत्र का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे देश को गर्व की अनुभूति कराई। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही 'अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स' के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 503 पदक पूरे हो गए, जो संस्था के लिए एक स्वर्णिम कीर्तिमान है और वर्षों की मेहनत, अनुशासन व समर्पण का प्रमाण है। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए काव्यांश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर दमदार खेल भावना, अनुशासन व तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में एलएमएस स्कूल के छात्र-छात्राओं, विद्यालय प्रशासन, अकादमी के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों प स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। फूल-मालाएं पहनाकर, सम्मान समारोह आयोजित कर तथा सिर-आंखों पर बिठाकर काव्यांश शर्मा का गरिमामयी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर काव्यांश शर्मा के माता-पिता ने भी अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया व उनके कोच रणवीर ठाकुर को विशेष रूप से बधाई देते हुए सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन, अनुशासन व सही दिशा ही इस सफलता की सबसे बड़ी नींव होती है। साथ ही उन्होंने अकादमी प्रबंधन, शिक्षकों व सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने काव्यांश को इस मुकाबले के लिए तैयार किया।



काव्यांश शर्मा का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

# जिला पुस्तकालय कुल्लू के बुक कैफे की होगी बोली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू सह अध्यक्ष, पुस्तकालय एवं शिक्षण समिति कुल्लू तोरुल रवीश ने कहा कि कुल्लू जिला पुस्तकालय कुल्लू में बुक कैफे के संचालन के लिए पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 5 मार्च को सुबह 11 बजे तक सरकारी जिला पुस्तकालय कुल्लू के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। विलंबित या अपूर्ण निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदाएं उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जाएंगी। इच्छुक पक्ष/कंपनियां सरकारी जिला पुस्तकालय कुल्लू के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर 500 रुपए के नकद भुगतान पर विस्तृत निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं या इसे जिला प्रशासन की वेबसाइट www.hpkullu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है, तो निविदाकर्ता को निविदा दस्तावेज के साथ लाइब्रेरी एंड लर्निंग सोसाइटी कुल्लू के नाम पर 500 रुपए का डिमांड ड्राफ्ट निविदा शुल्क के रूप में जमा करना होगा। अध्यक्ष बिना कोई कारण बताए निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# नमो लीग सीजन-4 में चैहनी वारियर्स ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

अनंत ज्ञान

**सैंज।** लक्ष्मी नारायण स्टेडियम सैंज में चल रही नमो: लीग क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-4 के अंतिम मुकाबले में मुख्यातिथि के रूप में प्रतियोगिता का शुभारंभ करने मैदान में पहुंचे बाबा वालक नाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर चंदन सेठ का दोनों टीमों के खिलाड़ियों तथा आयोजक मंडल ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

उनके साथ समाजसेवी आरजे गिरीराज महाराज, प्रेम पालसरा, झावेराम ठाकुर, लूदरचंद नेगी, प्रभू लक्ष्मी नारायण के कारदार जगरनाथ आदि उपस्थित हुए। आरजे गिरीराज महाराज के द्वारा भेंट किए गए चांदी के सिक्के से टॉस जीतकर चैहणी वारियर्स ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इसमें खास बात यह रही गिरीराज महाराज द्वारा टॉस जितने बाली टीम चैहणी वारियर्स को 04 तोले का चांदी का सिक्का भी भेंट किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चैहणी बैरियर्स ने निर्धारित 12 ओवरों में 153 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

चैहणी बैरियर्स के टीम कैप्टन विशाल ने 30 बॉल में 66 रन बनाकर 5 चौके और 6 छक्के का विशाल स्कोर खड़ा कर बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि आखिरी बॉल में भी विशाल ने छक्का मारकर दर्शकों के दिलों में अपना स्थान बनाया। बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब भी विशाल ने जीता। भुट्टी ब्वॉयज की टीम मात्र 61 रनों पर सिमट गई।

लक्ष्मी क्लब रैला के प्रधान मोहर सिंह नेगी ने नमो लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों व दर्शकों का धन्यवाद किया। फाइनल मुकाबले में विनर रही विजेता टीम को मुख्यातिथि के कर कमलों द्वारा ट्रॉफी के साथ 1,11,111 रुपए, जबकि उपविजेता टीम को ट्राफी और 55,555 रुपए की राशि प्रदान की गई।

सभी लोगों ने लक्ष्मी युवक मंडल रैला की कार्यक्रम आयोजित करने की प्रशंसा की।




चैहनी वारियर्स की विजेता टीम मुख्यातिथि व आयोजकों के साथ। अनंत ज्ञान

# ब्यास नदी पर बन रही आरसीसी दीवार का विरोध

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर पुल के पास सुरक्षा दीवार पर बवाल खड़ा हो गया है। नगर पंचायत भुंतर के वार्ड 2 और 7 के लोगों का आरोप है कि भुंतर पुल के पास ब्यास नदी में सुरक्षा दीवार लगाने का कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। ब्यास नदी किनारे लग रही सुरक्षा दीवार को लेकर पारला भुंतर सहित आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर इसका कार्य रुकवा दिया है। लोगों ने काम बंद कर इसका विरोध किया है और कहा कि ब्यास नदी में लगाई जा रही सुरक्षा दीवार पूरी तरह गलत बनाई जा रही है। इस सुरक्षा दीवार को लगाकर ब्यास नदी का पूरा बहाव रिहायसी इलाकों की ओर मोड़ा गया है, जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों को एक बार फिर खतरा बन गया है। बुधवार को काफी संख्या में वार्ड नंबर दो और सात से स्थानीय महिलाए व लोग यहां पहुंचे व उन्होंने ब्यास में चल रहे काम को पूरी तरह रोक दिया।

# रवि ठाकुर ने डॉ. सिकंदर कुमार और केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य नेता रवि ठाकुर ने दिल्ली का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के साथ व भारत सरकार में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात की। साथ ही केंद्रीय बजट के लिए धन्यवाद किया और उन्हें जनजातीय इलाकों के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने के लिए आग्रह किया। साथ ही उन्होंने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार व वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को जनजातीय इलाके का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। रवि ठाकुर के आग्रह को उन्होंने सहजता से स्वीकार करते हुए यथासंभव दौरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रवि ठाकुर ने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार का भी हिमाचल के साथ-साथ जनजातीय क्षेत्रों का संसद में प्रमुखता से मुद्दे उठाने के लिए आभार प्रकट किया।

# बागीपुल हाइड्रो प्रोजेक्ट के विरोध में बैठक

## लोगों ने परियोजना पर गंभीर आपत्ति जताते हुए निर्माण कार्य को स्थगित करने की मांग उठाई

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल ग्राम पंचायत बागा सराहन के बिहाडा में बुधवार को बागीपुल हाइड्रो प्रोजेक्ट के निर्माण के विरोध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोहरानाला से बागीपुल तक प्रस्तावित हाइड्रो परियोजना से क्षेत्र में पड़ रहे दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। स्थानीय लोगों ने परियोजना पर गंभीर आपत्ति जताते हुए निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2014 में ग्राम पंचायत द्वारा परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था, लेकिन इस संबंध में न तो ग्राम सभा में कोई औपचारिक चर्चा की गई और न ही आम जनता से सहमति ली गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि परियोजना को लेकर पारदर्शिता नहीं बरती गई। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना से लगभग 142 परिवार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होंगे तथा करीब 350 बीघा भूमि बंजर होने की आशंका है, जिस खड्डु में परियोजना प्रस्तावित है, वहां पहले से ही पानी की कमी है, जिससे किसानों को धान की रोपाई में कठिनाई होती है। इसी खड्डु में छह पुश्तैनी घराट भी स्थित हैं, जिनका अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि परियोजना निर्माण के दौरान वन एवं भूमि का अवैध कटान किया जा रहा है और वन भूमि में अवैध सड़क निर्माण हुआ है। क्षेत्र भूस्खलन और बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील है, जिससे आसपास के गांवों को खतरा बना हुआ है। निर्माण कार्य के दौरान जल शक्ति विभाग की पाइपलाइन व लोक निर्माण विभाग की सड़क को भी नुकसान पहुंचा है। बैठक में प्रशासन से मांग की गई कि जब तक स्थानीय लोगों के साथ खुली बैठक कर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक निर्माण कार्य रोका जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो वे आगे की कार्रवाई करने को बाध्य होंगे। इस बैठक में संघर्ष समिति के अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। साथ ही साथ राज्यपाल हिमाचल प्रदेश, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, स्थानीय विधायक को पत्राचार के माध्यम से ज्ञापन दिए हैं।



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

# आपदा से प्रभावित परिवारों को किराया सहायता प्रदान

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडलाधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने कहा कि वर्ष 2025 में बरसात के दौरान उपमंडल बंजार में हुई भीषण आपदा के कारण व्यापक जानमाल का नुकसान हुआ था। इसमें तहसील बंजार व तहसील सैंज क्षेत्र में भारी वर्षा, भूस्खलन व भूमि धंसने की घटनाओं से अनेक मकान पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गए थे परिणामस्वरूप अनेक परिवार बेघर हो गए तथा उनके पास रहने के लिए कोई स्थायी ठिकाना शेष नहीं रहा।

आपदा की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल सरकार द्वारा यह घोषणा की गई थी कि जिन परिवारों के मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और जो बेघर हो गए हैं, उन्हें अस्थायी रूप से किराये के भवन में रहने के लिए निर्धारित अवधि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सके। उक्त घोषणा के क्रम में प्रशासन द्वारा पात्र व सत्यापित प्रभावित परिवारों को भवन किराया सहायता के लिए 26 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहायता राशि केवल उन परिवारों को प्रदान की गई है, जिनके मकान आपदा में पूर्णत: क्षतिग्रस्त पाए गए हैं तथा जिनका सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा विधिवत किया गया है। उपमंडल प्रशासन बंजार ने पुन: आश्वस्त किया है कि आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास व राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जारी रखा जाएगा तथा सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# कुल्लू में व्यवसायिक प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू, 5 मार्च तक चलेगा

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा, कुल्लू द्वारा राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम बुधवार को शुरू हो गया है और 5 मार्च तक चलेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एवं शिक्षा उपनिदेशक एलिमेंट्री सुनील दत्त ने किया जबकि स्टेट कॉर्डिनेटर ऋषभ भी उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला बैच 11 फरवरी 2026 से पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र के व्यावसायिक प्रशिक्षकों के लिए आरंभ किया गया है। इसके बाद तीन अन्य बैच क्रमश: 17 फरवरी से 21 फरवरी, 23 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तथा 1 मार्च से 5 मार्च 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन बैचों के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, मीडिया, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य देखभाल व प्लंबिंग जैसे विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षकों की क्षमता का संवर्धन करना है। प्रशिक्षण मॉड्यूल में व्यावसायिक शिक्षा का परिचय, करियर मार्गदर्शन, डिजिटल पोर्टलों का उपयोग, व्यावसायिक फंड प्रबंधन, आकलन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया, उद्योग और विद्यालय के बीच समन्वय तथा कार्यस्थल पर प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम राज्य के सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख व कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।



कुल्लू में व्यवसायिक प्रशिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं व डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी




शिविर के दौरान ग्रामीण व अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा खखनाल द्वारा ग्राम पंचायत गोजरा के खखनाल गांव में वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी देना रहा। शिविर में शाखा प्रबंधक दिग्विजय नेगी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि सहायक प्रबंधक अनिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक दिग्विजय नेगी ने शिविर में ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और रुपे (रूपयर) कार्ड के उपयोग के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान केंद्र सरकार की जन-धन योजना सहित अन्य वित्तीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही बैंक की एफडी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा गया कि 444 दिनों की सावधि जमा पर लगभग 7.20 प्रतिशत तक ब्याज दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अल्पकालीन जमा योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक की इस पहल की सराहना की व कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

**आपत्ति** लाहौल-स्पीति से बाहर ले जाने की तैयारी पर कड़ा ऐतराज, सीएम व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को लिखा पत्र

# शिंकुला टनल परियोजना से मिले डब्ल्यूएलएमपी फंड पर संकट

अनंत ज्ञान

**केलांग।** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिंकुला टनल परियोजना के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वीकृत वाइल्ड लाइफ मैमेनेजमेंट प्लान (डब्ल्यूएलएमपी) फंड का एक बड़ा भाग (55 फीसदी) को कथित तौर पर लाहौल-स्पीति जिले से बाहर अन्य क्षेत्रों में खर्च किए जाने का मामला सामने आया है। ट्राइबल राइट्स व पर्यावरण पर काम करने वाली एनजीओ ग्रामीण युवा संगठन का कहना है कि परियोजना का पूरा पारिस्थितिक प्रभाव लाहौल क्षेत्र में होने के बावजूद वहां के लिए निर्धारित बजट को बाहर स्थानांतरित किया जा रहा है।

इस मुद्दे को लेकर ट्राइबल राइट्स व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय एनजीओ ग्रामीण युवा संगठन (जीवाईएस) के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सुदर्शन ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है। साथ ही प्रधान महालेखाकार, हिमाचल प्रदेश को भी मामले से अवगत कराया गया है। सुदर्शन ने अपने पत्र में कहा है कि डब्ल्यूएलएमपी फंड का प्रभावित क्षेत्र से बाहर उपयोग फारेस्ट एडवाइजरी कमेटी और एमओईएफ एंड सीसी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

यह प्रतिपूरक संरक्षण के मूल सिद्धांत के भी खिलाफ है और अति-संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र लाहौल को उसके पर्यावरणीय अधिकार से वंचित करता है। लाहौल-स्पीति जिला स्नो लेपर्ड, हिमालयन भालू, हिमालयन आइबेक्स और ग्रे वुल्फ जैसे दुर्लभ एवं संरक्षित वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास है। सुदर्शन ने सरकार से डब्ल्यूएलएमपी व एसएमसीपी फंड के आवंटन की स्वतंत्र समीक्षा, लाहौल से बाहर खर्च किए गए फंड का पूरा विवरण सार्वजनिक करने तथा फंड का उपयोग केवल वास्तविक रूप से प्रभावित क्षेत्र लाहौल में सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही योजनाओं की पारदर्शी निगरानी व सार्वजनिक रिपोर्टिंग की भी मांग की गई है। डब्ल्यूएलएमपी फंड कानूनन प्रोजेक्ट-प्रभावित क्षेत्रों में ही खर्च किया जाना चाहिए, लेकिन वन विभाग के कुछ अधिकारी जनजातीय क्षेत्रों के विकास में बाधा बने हुए हैं, जिनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा यदि फंड का स्थानांतरण किया, तो इस मुद्दे पर एनजीटी के समक्ष मामला दायर किया जाएगा।

## 55 फीसदी से अधिक फंड बाहर ले जाने का प्रस्ताव

मामले पर संज्ञान लेते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक से रिपोर्ट तलब की थी। प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट (वाइल्डलाइफ), हिमाचल प्रदेश, रालटे लाललून सांगा ने अपने उच्च अधिकारियों और सुदर्शन ठसकु को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि डब्ल्यूएलएमपी के तहत कुल 14 करोड़ का प्रस्ताव (वाइल्डलाइफ) स्तर पर स्वीकृत किया गया है। इसमें से केवल 6.43 करोड़ लाहौल क्षेत्र में खर्च किए जाने हैं, जबकि 7.83 करोड़ (लगभग 55.69 प्रतिशत) राशि को लाहौल-स्पीति जिले से बाहर खर्च करने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार, डिप्टी कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट, लाहौल ने भी अपने पत्र संख्या /2025-26/3723 दिनांक 27-12-2025 में प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट शिमला को अवगत कराया है कि बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शिंकुला टनल परियोजना के लिए स्वीकृत डब्ल्यूएलएमपी और एसएमएससी फंड की कुल राशि 14,06,94,098 में से 7.83 करोड़ (55.69 प्रतिशत) को जिले से बाहर खर्च करने का प्रस्ताव है।

## 'लाहौल सिर्फ परियोजना स्थल नहीं' : एससी

सेवानिवृत्त डीएफओ (वाइल्डलाइफ) एससी ठाकुर ने कहा, 'लाहौल सिर्फ एक परियोजना स्थल नहीं, बल्कि एक जनजातीय विरासत, दुर्लभ जैव-विविधता का केंद्र और भारत के कोल्ड-डेजर्ट इकोसिस्टम की अमूल्य धरोहर है। विकास जरूरी है, लेकिन पर्यावरणीय अन्याय की कीमत पर नहीं।' ग्रामीण युवा संगठन ने सरकार से इस मामले में तत्काल, पारदर्शी और न्यायसंगत कार्रवाई की अपील की है।

# माइनस 21 डिग्री तापमान व बर्फबारी के बीच काजा पहुंचीं विधायक अनुराधा



विधायक अनुराधा अधिकारियों से चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**काजा।** कड़ाके की ठंड व माइनस 21 डिग्री तापमान के बीच जारी बर्फबारी के बावजूद विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा काजा पहुंचीं है और क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति, सड़क, बिजली, पानी तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता पर विस्तृत फीडबैक लिया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अत्यधिक ठंड व बर्फबारी के मद्देनजर आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से दूर-दराज के गांवों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा सड़कों की बहाली पर प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। इसके उपरांत विधायक ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं को उनके समक्ष रखा, जिस पर विधायक ने संबंधित विभागों को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए व आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों के बावजूद जनसेवा व क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समन्वय से हर चुनौती का समाधान संभव है और सरकार क्षेत्रवासियों की हर आवश्यकता के प्रति संवेदनशील है।

# सोलन नगर निगम में मर्ज किए ग्रामीण क्षेत्रों को पंचायतों को लौटाने का प्रस्ताव

## नगर निगम के जनरल हाउस में पार्षदों की मांग पर प्रस्ताव पारित

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन ने ग्रामीण क्षेत्रों के विलय से प्रभावित उन इलाकों को वापस पंचायतों को सौंपने का प्रस्ताव तैयार किया है, जहां सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

नगर निगम के 40 हजार आबादी के मानदंड को पूरा करने के लिए कई ग्रामीण क्षेत्रों का विलय किया था, लेकिन अब उन क्षेत्रों को अलग करने की मांग तेज हो गई है। विलयित क्षेत्रों में सुविधाओं की कमी नगर निगम में शामिल कुछ क्षेत्रों में केवल एक-दो घर हैं, लेकिन वहां सड़क, स्ट्रीट लाइट या कचरा उठाने की व्यवस्था नहीं है। फिर भी इन क्षेत्रों से प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जा रहा है। पिछले पांच वर्षों से इन इलाकों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ।



अनंत ज्ञान मुद्दा

### पार्षदों ने हाउस में उठाया मुद्दा

**वार्ड** नंबर 16, 11 और 17 के पार्षदों ने नगर निगम हाउस की बैठक में इस मुद्दे को उठाते हुए प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र कृषि और पशुपालन पर निर्भर हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पंचायतों में शामिल होने पर इन क्षेत्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। कृषि, बागवानी योजनाओं के साथ-साथ ग्रामीण विकास और जी राम जी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सबसे बड़ी राहत प्रॉपर्टी टैक्स से मुक्ति होगी, जिससे स्थानीय निवासियों का आर्थिक बोझ कम होगा।

### निगम में मर्ज एरिया में सफाई की कमी : अनिल कुमार



**सपरून** पंचायत के पूर्व प्रधान अनिल कुमार का कहना है नगर निगम में विलय कई घर ऐसे हैं, जहां अभी सड़क भी नहीं है। इससे यहां से कूड़ा उठाना मुश्किल हो जाता है। वहीं कई घर शहर से काफी दूर हैं, फिर भी उन्हें उनसे प्रॉपर्टी टैक्स लेना उचित नहीं है।

### निगम के निर्णय तर्कसंगत : डॉ. राजेश



**विस** क्षेत्र सोलन से भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप ने कहना है कि नगर निगम में विलय किए ऐसे क्षेत्र जो सड़क सुविधा से अछूते हैं, उन्हें फिर से पंचायतों में विलय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बसाल, सपरून, आंजी और शामती पंचायत के लोग कृषि से जुड़े हैं। इससे य यहां के लोगों को अलग पहचान मिली है।



*मेयर उषा शर्मा ने बताया कि पार्षदों के आग्रह पर इस निर्णय को स्वीकार किया, जो अब सरकार को भेजा जाएगा। नगर निगम हाउस ने इसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी है। सरकार की सहमति मिलने पर ये क्षेत्र फिर से पंचायतों के अधीन आ जाएंगे।*

---

### सनौरा-नेरीपुल-छैला सड़क विस्तारीकरण मामला

# सैद्धांतिक मंजूरी मिलने पर समिति ने जताया केंद्र सरकार का आभार

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** सनौरा नेरीपुल छैला सड़क संघर्ष समिति की अहम बैठक कांगू जुबड़ी में पूर्व जिप सदस्य विनय भगनाल और महेंद्र हाब्बी की अध्यक्षता में संपन हुई। बैठक में सनौरा-नेरीपुल-छैला सड़क के विस्तारीकरण के लिए 200 करोड़ की सैद्धांतिक मंजूरी

◆ **निर्माण कार्य आरंभ होने पर संघर्ष समिति करेगी कार्य की गुणवत्ता की जांच**

मिलने के लिए केंद्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। मंजूरी मिलने की खुशी में संघर्ष समिति के सदस्य अरुण ठाकुर ने भूतेश्वर महादेव कांवती के नाम पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। विनय भगनाल और महेंद्र हाब्बी ने बताया कि इस सड़क के माध्यम से अपर शिमला का सेब देश की विभिन्न मंडियों में पहुंचता है। सड़क की हालत दयनीय होने से अधिकतर दुर्घटनाएं पेश आती हैं। विनय भगनाल और महेंद्र हाब्बी ने कहा रोड़ का निर्माण कार्य आरंभ होने पर संघर्ष समिति इसकी गुणवत्ता की जांच करेगी, ताकि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि के धन के दुरुपयोग की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से आग्रह किया है कि प्रोजेक्ट को शीघ्र स्वीकृत करवाकर रोड का निर्माण कार्य आरंभ किया जाए। उन्होंने इस सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग का दर्जा दिलाने के लिए केंद्र से पुन: मामला उठाने का आग्रह किया।

बैठक में संघर्ष समिति के सदस्य धनच मानवा के पूर्व प्रधान रूपेंद्र चौहान, बीडीसी के पूर्व उपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार, निशु पुंडीर, रिंकू ठाकुर, जितेंद्र, अरुण ठाकुर, दिनेश ठाकुर, रोहित बंटी, नीटू हब्बी, गोविंद ठाकुर, राजेश ठाकुर, ओमप्रकाश राणा, देवेंद्र ठाकुर, रिंकू जसटा, रिंकू हब्बी, ओमप्रकाश ठाकुर, अशोक ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



सनौरा-नेरीपुल-छैला सड़क संघर्ष समिति सदस्य बैठक के दौरान। अनंत ज्ञान

---

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर माजरा में 16 तक गूंजेगा शिव नाम

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री कृष्ण केशव भागवत संस्थान के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 10 से 16 फरवरी तक श्री राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, माजरा (पांवटा साहिब) में संपन्न होगा। कथा का वाचन परम पूज्य कथा प्रवक्ता श्री श्याम सुंदर जी महाराज (श्री धाम वृंदावन) द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगी। वहीं महंत योगी धर्म नाथ जी एवं महंत योगी स्वरूप नाथ जी का विशेष पावन सान्निध्य भी श्रद्धालुओं को मिलेगा।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन



प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत रावमापा छात्र अर्की में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता एवं जिज्ञासा का विकास करना था। कार्यक्रम की प्रभारी सपना गुप्ता ने बताया कि यह योजना विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरुचि, तार्किक सोच तथा खोज की भावना विकसित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर विरेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

### कॉलेज छात्रों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेज कंडाघाट में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कॉलेज के सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में इस कार्यशाला में पुलिस अधिकारी सोहन लाल और भूपेंद्र स्त्रोत व्यक्ति बतौर उपस्थित रहे। कॉलेज रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक डॉ. विजय कुमार ने सड़क सुरक्षा सप्ताह में आयोजित हो रही गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन विभाग की तैयार की गई सड़क सुरक्षा पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की, जिससे विद्यार्थियों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी मिली। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को परवाणू-शिमला राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारण तथा सावधानियों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन बिना हेलमेट न चलाएं तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट अवश्य पहनें। विद्यार्थियों को विभिन्न सड़क यातायात संकेतों के बारे में जानकारी दी और सारथी ऐप के उपयोग की हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी प्रदान की।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट ने की मासिक बैठक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष परस राम ने की। बैठक की शुरुआत दिवंगत लाइनमैन स्व. फुलु राम को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके उपरांत सचिव बृज लाल ठाकुर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य की मासिक बैठकों में भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्ष प्रेम केशव ने विद्युत प्रबंधन से मांग की कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित बकाया भुगतान शीघ्र जारी किए जाएं। बैठक में बिजली बोर्ड एवं केंद्र सरकार की कथित गलत नीतियों के विरोध में 12 जनवरी को प्रस्तावित हड़ताल का समर्थन किया गया। इसके अलावा प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का कड़ा विरोध किया गया। उन्होंने मांग की कि बिजली बोर्ड प्रबंधन अधिकारियों को निर्देश दे कि पुराने और नए मीटर की खपत की तुलना कर उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि का रिफंड दिया जाए।

### सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने को 12 फरवरी को होगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 12 फरवरी को कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का आयोजन 12 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे उपायुक्त कार्यालय में किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने सोलन जिला के सभी बस, ऑटो, टैक्सी, पिकअप चालकों से आग्रह किया कि कार्यशाला को सफल बनाने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### पूर्व सैनिक परिवहन सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 22 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जिला सोलन पूर्व सैनिक परिवहन सहकारी सभा लिमिटेड दाड़लाघाट का वार्षिक साधारण अधिवेशन 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे सभा कार्यालय दाड़लाघाट में सभा के अध्यक्ष मनसा राम भट्टी की अध्यक्षता में किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2024-25 के आय-व्यय विवरण पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभा कार्यालय के भवन निर्माण कार्य, गैरहाजिर वाहनों के संबंध में चर्चा, वाहनों के क्रय-विक्रय से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगा। सभा प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि केवल स्थायी सदस्य ही इसमें भाग ले सकेंगे।

---

# जटोली शिव मंदिर के लिए सोलन से मिलेगी ऑटो की नि:शुल्क सेवा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जटोली मंदिर (योगानन्द आश्रम) आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस वर्ष शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन सोलन की

◆ **महाशिवरात्रि पर शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन का एक सराहनीय निर्णय**

सराहनीय पहल से श्रद्धालुओं को जटोली मंदिर तक पहुंचाने के लिए नि:शुल्क ऑटो सेवा प्रदान की जाएगी। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि जटोली मंदिर समिति के आग्रह और जन-सेवा की भावना को देखते हुए यूनियन ने सेवा का निर्णय लिया है। यह सेवा जटोली मुख्य मंदिर से लेकर राजगढ़ रोड मुख्य मार्ग तक उपलब्ध रहेगी। नि:शुल्क ऑटो सेवा 15 फरवरी (रविवार) शाम 4:00 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी (सोमवार) शाम 4:00 बजे तक निरंतर जारी रहेगी।

### यातायात व्यवस्था और पाबंदियां

**सुगम** यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन और यूनियन के तालमेल से यह निर्णय लिया गया है कि शिवरात्रि के दिन आपातकालीन सेवाओं (एम्बुलेंस) और चिह्नित ऑटो रिक्शा के अलावा किसी भी प्रकार के निजी या अन्य व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही उक्त मार्ग पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। यूनियन प्रधान धर्मपाल ठाकुर जी ने कहा कि यूनियन के सभी सदस्य इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने के लिए तत्पर हैं।

# आरडीजी मुद्दे पर लोगों को गुमराह करना बंद करे सरकार : मेला राम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा आरडीजी मुद्दे पर बवाल खड़ा करने के मामले को केवल सियासी ड्रामा बताया है और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का षड्यंत्र करार दिया है। जिला प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए वित्त आयोग द्वारा आरडीजी यानी रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद करना कोई आसमान से अचानक गिरी बिजली की तरह नहीं है, जिस पर सुक्खू सरकार इतना हाय तौबा मचा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए आरडीजी शुरू करने के समय ही वित्त आयोग की रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख है कि 31 मार्च 2026 के बाद प्रदेश को रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट मिलनी बंद हो जाएगी और इसके निर्धारित समय पर बंद होने के बाद प्रदेश का आर्थिक प्रबंधन कैसे किया जाना है, इसके बारे में कांग्रेस सरकार को सत्ता में आने के समय से ही सोचना चाहिए था, परंतु सरकार ने लगातार फिजूलखर्ची पर जोर दिया।



मेलाराम शर्मा ने बताया कि इस सरकार ने प्रदेश के विकास की बजाय अपने मित्र मंडल की ताजपोशी, सलाहकारों और निगम वोर्डों के अध्यक्षों की फौज खड़ी करके सरकारी खजाने पर अनावश्यक बोझ लादकर प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन के कगार पर पहुंचा दिया।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के भारी भरकम कर्जे में डाल दिया है। जितना ऋण भाजपा सरकार ने 5 वर्षों के कार्यकाल में लिया था, उससे भी अधिक ऋण इस सरकार ने मात्र 3 वर्षों में ही लिया है और दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के अनेक आयाम स्थापित किए, परंतु इस सरकार ने विकास के नाम पर गत 3 वर्षों में कुछ भी नहीं किया।

### राज्य विद्युत बोर्ड ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने किया हड़ताल का समर्थन

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ज्वाइंट एक्शन कमेटी पांवटा साहिब जिला सिरमौर की बैठक इलेक्ट्रिकल डिविजन, पांवटा साहिब में संपन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया कि 12 फरवरी को पेन डाउन टूल डाउन की कॉल पूरे प्रदेश में सभी कर्मचारी, इंजीनियर, पेंशनर्स और आउटसोर्स कर्मचारी के द्वारा दी गई है। उसको कामयाब बनाने के लिए काम करेंगे। 12 फरवरी को भोजन अवकाश के दौरान इलेक्ट्रिकल डिविजन, पांवटा साहिब के बद्रीपुर सबस्टेशन कैंपस में पेंशनर्स, इंजीनियर, कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे और 12 फरवरी की हड़ताल को कामयाब बनाएंगे।

# मंदिर से लौट रही महिला को ट्रक ने कुचला, इलाज के दौरान मौत

अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब उपमंडल से एक दुखद सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जहां मंदिर से दर्शन कर घर लौट रही एक महिला की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना पुलिस थाना पांवटा साहिब के अंतर्गत बद्रीपुर क्षेत्र के जामनीवाला रोड पर हुई। बताया जा रहा है कि महिला मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पैदल अपने घर की ओर लौट रही थी। जब वह गुरु गोविंद सिंह जी चौक के समीप पहुंची, तभी अचानक

◆ **पांवटा साहिब में पेश आया दर्दनाक हादसा समूचे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल**

◆ **चालक के खिलाफ मामला दर्ज, जांच शुरू**

एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए, लेकिन उसकी गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। इस दुखद हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है और स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने की मांग की है।

### मोटरसाइकिल की डिग्गी से 105 प्रतिबंधित टेबलेट, 47 कैप्सूल बरामद

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पांवटा की पुलिस ने एक मोटरसाइकिल की तलाशी के दौरान डिग्गी से 105 नशीली टेबलट्स व 47 कैप्सूल बरामद किए। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस स्टेशन पावटा ने गश्त के दौरान बहराल चैक पोस्ट के नजदीक कि नाकाबंदी के तहत मोटरसाइकिल की चेकिंग की, जिसके नशीले पदार्थ की खेप बरामद हुई। आरोपी शहीदु रहमान पुत्र यामिन गांब भगवानपुर किरतपुर, डा. पुरुवाला, तह. पांवटा साहिब, व काशम अली पुत्र नुर मोहम्द गांब रामपुर बंजारन, डा. धौला कुंआ, तह. पांवटा साहिव को गिरफ्तार किया गया है।

### संगड़ाह पुलिस ने 60 ग्राम चरस बरामद की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के संगड़ाह क्षेत्र में पुलिस थाना संगड़ाह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अमित कुमार पुत्र ओम प्रकाश, निवासी गांव डुंगी, डाकघर लाना पालर, तहसील संगड़ाह, जिला सिरमौर से 60 ग्राम चरस बरामद की है। इस संबंध में पुलिस थाना संगड़ाह में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी नशे की सप्लाई कहां से लाया था और किन लोगों से उसका संपर्क था, इसकी जांच जारी है।

### पांवटा साहिब में 2.57 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 2.57 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। डिटेक्शन टीम पांवटा साहिब ने यमुना पुल गोविंदघाट बैरियर के पास नाकाबंदी की। जांच के दौरान नशे की यह खेप बरामद की गई।

### कार से बरामद की शराब 94 बोतलें

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक में शराब की आपूर्ति में लगी एक कार चालक बीती रात पुलिस पार्टी को आता देख कार को रास्ते में ही छोड़कर भाग खड़ा हुआ। आरोपी की कार से 94 बोतलें शराब बरामद की गईं, जिनमें 72 बोतल अंग्रेजी व 22 बोतल देशी शराब की बोतल शामिल हैं। एसपी एनएस नेगी ने बताया पांवटा पुलिस टीम द्वारा वहराल नजदीक गुरुद्वारा के पास नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस थाना पांवटा साहिब में मामला दर्ज किया गया है आरोपी की तलाश जारी है।

# मकान व गौशाला में लगी आग से लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान

**अर्की।** अर्की उपमंडल से लगभग 43 किलोमीटर दूर जयनगर के साथ ग्राम पंचायत पट्टा के गांव कुवाहवीं निवासी चेतराम ठाकुर के मकान व गौशाला में अचानक आग लग गई। पूर्व प्रधान पंचायत केयर कनैता राजेश महाजन ने बताया कि यह उनका पुश्तैनी मकान था, जिसमें नीचे के कमरे में पशु और ऊपर के कमरे में सामान रखा था। आग लगने के कारण लगभग 12 से 15 लाख के बीच नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि जब तक अर्की से दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची, तब तक आग बहुत ज्यादा फैल चुकी थी। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। परन्तु मकान पूरी तरह से जल गया है, लेकिन गौशाला से पशुओं को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। अर्की फायर चौकी प्रभारी अशोक पंवर ने बताया कि सूचना मिलने पर उनकी अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची व आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग से जानी नुकसान नहीं हुआ है।

### 12 को 'भारत बंद' के समर्थन में ऑटो रिक्शा रहेंगे बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 12 फरवरी को आयोजित होने वाले 'भारत बंद' को सफल बनाने के लिए शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन ने अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया है। यूनियन के अनुसार, बुधवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक सभी ऑटो रिक्शा सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेंगी। एटक और अन्य यूनियनों ने सरकार द्वारा लाए गए श्रम नीति के नए मसौदे को श्रमिक विरोधी बताया है। यूनियन का कहना है कि यह नीति मेहनतकश वर्ग के अधिकारों का हनन करती है। यूनियन ने रोष प्रकट किया कि रेपीडो जैसे ऐप व बिना कमर्शियल परमिट के चल रहे निजी वाहनों पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे वैध परमिटधारक ऑटो चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### खुशियों का बैंक: माजरा में मानवता की एक और मिसाल

## 'मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा' ने जरूतमंद को दी व्हीलचेयर

अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** कहते हैं कि जब समाज में कोई किसी के दुख को अपना समझ ले, तो वही सच्ची मानवता होती है। माजरा क्षेत्र में ऐसा ही एक प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब 'मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा' संस्था द्वारा खुशियों का बैंक पहल के अंतर्गत एक जरूरतमंद व्यक्ति को व्हीलचेयर प्रदान की गई।

यह व्हीलचेयर उस व्यक्ति को उपलब्ध करवाई गई, जिसे चलने-फिरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। व्हीलचेयर मिलने से अब वह व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों को अधिक सहज, सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से कर सकेगा। सिंस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि खुशियों का बैंक का उद्देश्य समाज के उन लोगों तक मदद पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सहायता भी किसी की जिंदगी में बड़ी खुशियां भर सकती है, बस जरूरत है सही समय पर सही कदम उठाने की।

**संकल्प** पुलिस अधीक्षक ने सोलन को नशा मुक्त बनाने के लिए नशा तस्करों को दिया कड़ा संदेश

# नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ना पुलिस की मुख्य रणनीति

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ पदभार संभालते ही नए पुलिस अधीक्षक तिरुअमलाराजू साई दत्तात्रेय वर्मा (एसडी वर्मा) ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को पहली प्रेस वार्ता में उन्होंने चिट्टा तस्करों को कड़ी चेतावनी दी कि युवाओं के जीवन से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और उनकी चल-अचल संपत्ति जैसे मकान, वाहन, होटल व आभूषण कानूनन जब्त की जाएगी। एसपी वर्मा ने नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ना पुलिस की मुख्य रणनीति बताया।

'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान को मिशन मोड में चलाया जाएगा, जिसमें पुलिस जनसहभागिता से इसे सामाजिक आंदोलन बनाएगी। स्कूलों, अभिभावकों व सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक किया जाएगा। पूर्व एसएसपी गौरव सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह मुहिम और प्रभावी बनेगी। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर देते हुए एसपी ने असामाजिक तत्वों व अपराधियों पर सख्ती का ऐलान किया। विभागीय पुलिसकर्मियों पर भी नजर रहेगी नशा सप्लाई या अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर बिना रियायत कार्रवाई होगी।



*पुलिस अधीक्षक तिरुअमलाराजू साई दत्तात्रेय वर्मा*

रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी, परमाणु से शालाघाट तक नाकाबंदी होगी और बाहरी वाहनों की तलाशी ली जाएगी। पर्यटकों का स्वागत है, लेकिन हुड़दंग या नियम तोड़ना बर्दाश्त नहीं। ट्रैफिक जाम दूर करने के लिए विशेष योजना बनेगी, खतरनाक ड्राइविंग व नाबालिग चालकों पर जुर्माना लगेगा। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों को भी एसपी वर्मा ने गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी और साइबर फ्रॉड के मामलों में आम लोग जागरूकता की कमी के कारण शिकार बनते हैं। जिला पुलिस सामाजिक संस्थाओं और महिला मंडलों के सहयोग से साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाएगी,ताकि लोग सतर्क रहें और धोखाधड़ी से बच सकें। प्रेसवार्ता में नए पुलिस कप्तान एसडी वर्मा ने साफ संदेश दिया है कि सोलन में कानून का राज स्थापित किया जाएगा और नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। जिला पुलिस जनता के सहयोग से अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार चंदेल भी मौजूद रहे। एसपी वर्मा ने स्पष्ट कहा सोलन में कानून का राज होगा और नशे का कारोबार जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। इस दौरान एएसपी राजकुमार चंदेल भी मौजूद रहे।

# सेंसेक्स गिरा और निफ्टी में उछाल

## बैंकों-ऑटो में बढ़त, आईटी शेयरों में गिरावट ने सेंसेक्स को सपाट करवाया बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सपाट बंद हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और ऑटो शेयरों में हुई बढ़त को आईटी शेयरों में हुई गिरावट ने बेअसर कर दिया। सीमित दायरे में कारोबार करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 40.28 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरकर 84,233.64 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 84,487.34 का उच्च स्तर और 84,081.25 का निम्न स्तर छुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 18.70 अंक या 0.07 प्रतिशत बढ़कर 25,953.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अदानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मास्यूटिकल्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड लाभ कमाने वालों में शामिल थे।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के चलते इस सप्ताह की जोरदार तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में थोड़े समय के लिए स्थिरता आ सकती है। बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के मिले-जुले नतीजों, आगामी मासिक मुद्रास्फीति आंकड़ों और व्यापार समझौते के बारीक विवरणों पर वापस केंद्रित हो गया है, जिसके अंतिम रूप दिए जाने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऑटो और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में मजबूती उम्मीद से बेहतर कमाई को दर्शाती है, जबकि एआई से संबंधित अस्थिरता के चलते वैश्विक स्तर पर आई बिकवाली के कारण आईटी शेयर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। व्यापक बाजारों में गिरावट देखी गई, मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में मामूली गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी खुदरा बिक्री में कमजोरी और एआई से संबंधित लगातार व्यवधानों के कारण वैश्विक स्तर पर बाजार का माहौल सतर्क बना रहा, जिससे महत्वपूर्ण अमेरिकी रोजगार आंकड़ों से पहले निवेशक जोखिम लेने से बच रहे थे।

नायर ने कहा कि इस बीच, घरेलू बाजारों को एफआईआई प्रवाह में सुधार से लाभ मिलना शुरू हो गया है, जो सकारात्मक हो गया है और जीडीपी पूर्वानुमान में वृद्धि और भारत के मूल्यांकन में नरमी के कारण इसके जारी रहने की उम्मीद है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 90.70 पर बंद हुआ।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट



**एशियाई** बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हांगकांग का हैंग सेंग और शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। जापान के बाजार राष्ट्रीय स्थापना दिवस के कारण बंद रहे। सत्र के मध्य में हुए कारोबार में यूरोपीय बाजार अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुआ।

## सोना-चांदी में उछाल गोल्ड 1.58 लाख पार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक दिन की गिरावट के बाद सोने-चांदी में एक बार फिर तूफानी (Gold Silver Price Hike) तेजी आई। एमसीएक्स पर अप्रैल डिलिवरी वाले गोल्ड में 1.03 फीसदी यानी 1600 रुपए से ज्यादा का



उछाल आया और कीमत 1,58,421 रुपए हो गई। जून 2026 डिलिवरी वाला गोल्ड 0.86 फीसदी यानी 1377 रुपए की तेजी के साथ 1,61,450 रुपए पर कारोबार करता दिखा। वहीं, अगस्त 2026 डिलिवरी वाला सोना 1,64,750 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया। इसके अलावा चांदी में 3.72 फीसदी यानी करीब 9400 रुपए का जोरदार उछाल (silver price hike) आया और यह 2,61,558 रुपए प्रति किलोग्राम (silver price today) पर ट्रेड करने लगी। इसके अलावा मई 2026 डिलिवरी वाली चांदी में 8000 और जून 2026 डिलिवरी वाली चांदी में 3752 रुपए से ज्यादा का उछाल देखा गया।

## पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन, राष्ट्र सर्वोपरि का दिया संदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वस्व समर्पण, राष्ट्र सर्वोपरिता और मानवता की भावना को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि सर्वस्व समर्पण उसी चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होते हैं। इसी भावना से अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को इस संबंध में एक्स पर वैदिक सुभाषित साझा किया, यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः। यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम॥ इस सुभाषित का अर्थ है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक ही सर्वोच्च चेतना से संचालित है। हिमालय, समुद्र और चारों दिशाएं उसी की महिमा और सामर्थ्य का प्रतीक हैं। मंत्र यह भाव व्यक्त करता है कि वही शक्ति राष्ट्र, प्रकृति और मानवता की आधार है। इसी चेतना के प्रति समर्पण और आहुति देकर सेवा, त्याग और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई है।

### प्रधानमंत्री 14 को मोरान में हाईवे एयरस्ट्रिप पर उतरेंगे

**एजेंसी, गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को असम के अपने दौरे के दौरान एक ऐतिहासिक पल बनाने वाले हैं, क्योंकि वे डिब्रूगढ़ जिले के मोरान में हाईवे लैंडिंग स्ट्रिप पर उतरेंगे और वहीं से उड़ान भरेंगे। इसका खुलासा बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने एक सम्मेलन के दौरान किया। आधारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री सबसे पहले चबुआ एयर फोर्स बेस पहुंचेंगे और फिर मोरान जाएंगे, जहां वे खास तौर पर बनाए गए हाईवे एयरस्ट्रिप पर उतरेंगे। वे उसी स्ट्रिप से उड़ान भी भरेंगे, जो किसी मौजूदा प्रधानमंत्री द्वारा हाईवे रनवे का इस्तेमाल करने के दुर्लभ मौकों में से एक है।

## अवैध कोयला खदान हादसे पर राज्य सरकार से 15 दिनों में मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स के थांगस्काई क्षेत्र में 5 फरवरी को अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट के बाद 18 मजदूरों की मौत की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इसे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताते हुए मेघालय सरकार को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा है। एनएचआरसी ने बताया कि आयोग को मीडिया रिपोर्ट से इस हादसे की जानकारी मिली है। जिसमें गंभीर मानवाधिकार हनन प्रतीत होता है। इसलिए, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा गया है। रिपोर्ट में बचाव अभियान की स्थिति, पीड़ित परिवारों को दी गई या प्रस्तावित क्षतिपूर्ति, पुलिस जांच की प्रगति और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर जानकारी देने को कहा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रितु तावड़े निर्विरोध चुनी मुंबई की नई महापौर व संजय घाड़ी बने उपमहापौर

**एजेंसी, मुंबई।** भाजपा की पार्षद रितु तावड़े बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की नई महापौर निर्विरोध चुनी गई हैं, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद संजय घाड़ी उपमहापौर बने हैं। इसकी औपचारिक घोषणा बुधवार को बीएमसी मुख्यालय में निगम आयुक्त भूषण गगरानी ने की। महापौर पद के लिए केवल रितु तावड़े और उपमहापौर पद के लिए केवल संजय घाड़ी का नामांकन प्राप्त हुआ था, जिसके चलते दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने दोनों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे बालासाहेब ठाकरे की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार नगर निगम के विकास कार्यों में पूरा सहयोग देगी।

### बांग्लादेश में आज होंगे संसदीय चुनाव

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के लिए वीरवार सुबह 7:30 बजे से मतदान शुरू होगा। देश के 300 में से 299 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे, जबकि शेरपुर-3 सीट पर एक उम्मीदवार के निधन के कारण मतदान स्थगित है। चुनाव के साथ 'जुलाई नेशनल चार्टर 2025' पर राष्ट्रीय जनमत संग्रह भी कराया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल को दो बार तक सीमित करने और 100 सदस्यीय ऊपरी सदन के गठन का प्रस्ताव शामिल है। देश में 12.76 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। 50 दलों के 2,028 उम्मीदवार मैदान में हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और करीब 9.58 लाख सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। 42,659 मतदान केंद्रों पर मतगणना होगी तथा अधिकांश केंद्रों पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अवामी लीग के प्रतिबंधित होने के बाद मुख्य मुकाबला बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच माना जा रहा है। चुनाव अंतरिम सरकार की निगरानी में हो रहे हैं।

### तीन युवक 1.546 किलो चरस सहित काबू

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसआईयू टीम नूरपुर ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसआईयू टीम के प्रभारी एएसआई सतेंद्र कुमार और उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पठानकोट-जालंधर मार्ग पर एक जीप को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 1 किलो 546 ग्राम चरस तथा 15 हजार रुपए ड्रग मनी बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ध्यान सिंह निवासी चंबा, प्रथम उर्फ राहुल निवासी कांगड़ा तथा अमन उर्फ मंगू निवासी कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### इग्नू ने एमबीए प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 एडमिशन साइकिल के लिए अपने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम में एडमिशन की घोषणा की है। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा ओपन और डिस्टेंस लर्निंग मोड के माध्यम से पेश किए जाने वाले एमबीए प्रोग्राम को अकादमिक कठोरता श्व सीखने वालों की सुविधा सुनिश्चित करते हुए समकालीन उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम में विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों को शामिल किया गया है और वर्तमान उद्योग प्रथाओं को एकीस्न2त किया गया है, जो इसे नए स्नातकों और करियर में उन्नति चाहने वाले कामकाजी पेशेवरों दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है।

### हत्या के जुर्म में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सैशन जज पूनम सुनेजा की अदालत ने घर में घुस कर बीमार युवक की गला दबा कर हत्या करने के जुर्म में दो भाइयों को उम्र कैद व 40-40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार शिवपुरी कॉलोनी निवासी सियाराम ने 17 मार्च 2022 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात को उनके पडोसी गोबिंदा तथा उसका भाई दीपक घर में घुस आए। आरोपितों ने सिया राम के छोटे बेटे के बारे में पूछा। छोटे बेटे के घर पर न होने की बात कहे जाने पर आरोपितों ने सिया राम के साथ मारपीट शुरू कर दी। सियाराम की पत्नी व मझले बीमार बेटे प्रवीण (23) ने छुड़वाने की कोशिश की तो आरोपितों ने प्रवीण का गला हाथों से दबा दिया और तब तक नहीं छोडा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। सियाराम ने बताया था कि कुछ दिन पहले उसके छोटे बेटे विकास के साथ पड़ोसी गोबिंदा तथा दीपक के साथ झगड़ा हुआ था। उसी दौरान दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। दोनों आरोपित उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने के बाद उसके बेटे प्रवीण की गला दबा कर हत्या कर दी। शहर थाना पुलिस ने सियाराम की शिकायत पर गोबिंदा तथा उसके भाई दीपक के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। बुधवार को जिला एवं एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने दीपक तथा उसके भाई गोबिंदा को आजीवन कारवास तथा 40-40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगी के दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विदेश भेजने के नाम पर आमजन को ठगने वालों के खिलाफ जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 32.30 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश के नेतृत्व में टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव रामथली (उरलाना रोड) निवासी सुरेंद्र सिंह और गांव नागल निवासी संदीप के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि वार्ड नंबर सात, सेठांवाला मोहल्ला पूंडरी निवासी गुरदयाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बेटा विक्रम और उसका दोस्त हर्ष ऑस्ट्रेलिया जाना चाहते थे। मार्च 2025 में गुरदयाल सिंह की मुलाकात अपने मामा रेशम सिंह और परिचित खजान सिंह के माध्यम से आरोपियों से हुई, जिन्होंने खुद को विदेश भेजने का काम करने वाला बताया और दो माह में वीजा लगवाने का भरोसा दिलाया। इसके बदले उन्होंने 45 लाख रुपए मांगे, लेकिन तय हुआ कि पूरी रकम वीजा मिलने के बाद दी जाएगी। आरोपियों ने मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में दोनों युवकों के पासपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक खाते की प्रतियां और अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद 12 जून 2025 को आरोपी दोनों युवकों को दिल्ली ले गए और पहाड़गंज स्थित एक होटल में ठहराया।

## फ्रांस के रिटायर्ड टीचर ने 89 नाबालिगों के साथ किया रेप

**एजेंसी, पेरिस**

फ्रांस में एक 79 साल के रिटायर्ड शिक्षक पर 1960 के दशक से 2022 तक 89 नाबालिगों के साथ रेप और यौन शोषण करने का आरोप लगा है। फ्रांस के ग्रेनोबल शहर में अभियोजक एटिएन मंटो ने मंगलवार को इस केस को सार्वजनिक करते हुए पीड़ितों से आगे आने की अपील की। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी का नाम जैक लेवुग्ल है। अभियोजक के अनुसार जैक लेवुग्ल ने 1967 से 2022 के बीच भारत, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, मोरक्को, नाइजर, अल्जीरिया, फिलीपींस, कोलंबिया और फ्रांस में नाबालिगों के साथ यौन अपराध किए।

वह फ्रेंच भाषा के शिक्षक और गुफा अध्ययन (स्पेलियोलॉजी) के ट्रेनर के रूप में काम करता था। साथ ही सभी जगह जाकर युवाओं से मिलता था और उनके साथ यौन संबंध बनाता था। पीड़ितों की उम्र 13 से 17 साल के बीच बताई गई है। आरोपी रिटायर्ड शिक्षक 2024 में आरोप तय होने के बाद से हिरासत में है। आरोपी ने अपनी बीमार मां और बुजुर्ग मौसी की हत्या की बात भी कबूल की है।

◆ **50 साल में भारत समेत 9 देशों की लड़कियों को बनाया निशाना**

**यूएसबी ड्राइव से सामने आए 89 पीड़ित:** मामला तब सामने आया, जब आरोपी के भतीजे को उस पर शक हुआ। भतीजे ने आरोपी के कमरे की तलाशी ली। वहां उसे एक स्क्रड्राइव मिली। इस ड्राइव में नाबालिगों के साथ उसके यौन संबंधों की तस्वीरें थीं। ड्राइव में 15 हिस्सों में पूरी जानकारी लिखी गई थी। इन लेखों में उसने खुद नाबालिगों के साथ यौन संबंध बनाने की बात दर्ज की थी। जांचकर्ताओं ने इन दस्तावेजों को पढ़कर 89 नाबालिग पीड़ितों की पहचान की।

## अभिनेता रणवीर सिंह को मिली धमकी, मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

**एजेंसी, मुंबई।** फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह को व्हाट्सएप पर करोड़ों रुपये की फिरौती का धमकी भरा मैसेज मिला है। मुंबई पुलिस ने रणवीर के निवास पर सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही धमकी देने वाले अज्ञात शख्स की तलाश की जा रही है। दादर पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि रणवीर को व्हाट्सएप पर फिरौती की मांग की गई है और नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई है। दादर पुलिस स्टेशन ने रणवीर के प्रभादेवी स्थित निवास ब्यू मोंडे रेजिडेंशियल टावर के आस पास सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई क्राइम ब्रांच और साइबर सेल वॉयस मैसेज की जांच कर रही हैं और भेजने वाले की पहचान के लिए डिजिटल फुटप्रिंट्स की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह धमकी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ी होने का शक है, जिसमें बड़ी रकम मांगी गई है, जो कथित तौर पर करोड़ों में है। इससे पहले फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की गई थी। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। रोहित शेट्टी के आवास पर हुई फायरिंग की जांच में पता चला था कि कई अन्य फिल्मी हस्तियों को रंगदारी के लिए धमकी दी गई है लेकिन उस समय इसकी शिकायत पुलिस के समक्ष नहीं की गई थी।

# अमेरिका ने किया हमारा इस्तेमाल: ख्वाजा

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- आज भी चुका रहे साथ देने की कीमत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया।

◆ **मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका**

आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

### आसिफ बोले- पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा

**आसिफ** ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है।

### जंग को सही ठहराने को किए एजुकेशन सिस्टम में बदलाव

**आसिफ** ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं।

## नशा मुक्ति पहल के तहत एक साल में पांच सौ से अधिक लोगों ने छोड़ा नशा

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** पंचकूला स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) नशा मुक्ति अभियान में नई उम्मीद बन रहा है। नशा मुक्ति पहल के तहत वर्ष 2025 में 500 से ज्यादा लोग नशा छोड़कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हुए हैं। वर्ष 2026 में जनवरी माह में 50 से ज्यादा रोगियों का उपचार किया गया है। संस्थान में नशे का उपचार कराने आने वाले रोगियों को पंचकर्म के शिरोधारा उपचार के साथ अन्य उपचार पद्धातियों के माध्यम से नशा छुड़वाया जा रहा है।

संस्थान के अगत तंत्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनीता यादव ने बुधवार को बताया कि संस्थान में उपचार के लिए मुख्य रूप से शराब, अफीम, गांजा, भांग, चरस, तंबाकू, कोकीन और हेरोइन आदी के मरीज आ रहे हैं, जिनका आयुर्वेद पद्धति के जरिये इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। नशे के आदी व्यक्ति को स्मृति क्षीणता, अवसाद, उन्माद, भ्रम जैसी मानसिक समस्याएं होने लगती हैं। साथ ही शारीरिक रूप से हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, लीवर डैमेज, कैंसर और एड्स जैसी जानलेवा बीमारियों से भी ग्रसित हो जाता है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में नशा रोगी का उपचार आयुर्वेदिक पद्धतियों के माध्यम से किया जाता है। इनमें प्रमुख रूप से पंचकर्म शिरोधारा पद्धति शामिल है, जिसके जरिये रोगी के मानसिक तनाव और बैचेनी को कम किया जाता है। नशे की लालसा को नियंत्रित करने के साथ अनिद्रा, अवसाद, मस्तिष्क को शांति, स्मरण और एकाग्रता में सुधार होता है।

नस्यकर्म पद्धति नशे की लत मस्तिष्क और नाड़ियों को सबसे अधिक प्रभावित करती है। अभ्यंग पद्धति से औषधीय तेलों से रोगी के पूरे शरीर की मालिश की जाती है। स्वेदन पद्धति के माध्यम से रोगी गर्माहट देकर शरीर का पसीना निकाला जाता है। नशा छुड़वाने में नस्यकर्म पद्धति भी कारगर साबित हो रही है। इस पद्धति के जरिये नशा की लत से पीड़ित व्यक्ति बैचेनी, शारीरिक कमजोरी के साथ मानसिक तनाव को कम किया जाता है।

## हरियाणा के 52 शहरों में बनेंगे पांच सौ नए सेक्टर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने प्रदेश में पांच प्रमुख जोन गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार और पंचकूला के अंतर्गत आने वाले 52 शहरों और कस्बों में 500 से अधिक नए सेक्टर विकसित करने का फैसला किया है। इसके लिए करीब 1.46 लाख एकड़ भूमि अधिग्रहित करने का प्रस्ताव है। एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक चंद्रशेखर खरे ने सभी जोन प्रशासकों और संपदा अधिकारियों को पत्र जारी कर आगामी कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जहां संबंधित क्षेत्रों की राजस्व जानकारी, खसरा संख्या और भूमि का विस्तृत विवरण अपलोड किया जाएगा। गुरुग्राम जोन में गुरुग्राम, रेवाड़ी, धारूहेड़ा, सोहना, पटौदी, फर्रूखनगर और गोलपहली सहित सात शहर-कस्बों को योजना में शामिल किया गया है। फरीदाबाद जोन के तहत फरीदाबाद, नूंह, तावडू और होडल में नए सेक्टर विकसित होंगे। रोहतक, सांपला, कलानौर, सोनीपत, पानीपत, इसराना, खरखौदा, गन्नौर, गोहाना, झज्जर, बहादुरगढ़, आरोग्यधाम बाढ़सा और बेरी—में सेक्टर बसाने की योजना है। हिसार जोन में हिसार, हांसी, अग्रोहा, नारनौंद, उकलाना, बरवाला, जींद, नरवाना, उचाना, फतेहाबाद, टोहाना और भूना सहित 13 शहर-कस्बे शामिल किए गए हैं। वहीं पंचकूला जोन में पिंजौर-कालका, पंचकूला एक्सटेंशन (अलीपुर), रायपुररानी, यमुनानगर-जगाधरी, शाहाबाद, कैथल, करनाल, असंध, इंद्री, नीलोखेड़ी, कुरुक्षेत्र, पिहोवा और लाड़वा जैसे 14 शहर-कस्बों में नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे।

# 2014 से 2026 तक भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल

**अनंत ज्ञान**

◆ **भाजपा ने जारी किया इकोनॉमी बैरोमीटर**

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा ने वर्ष 2014 और 2026 के बीच देश की आर्थिक स्थिति की तुलना करते हुए इंडिया इकोनॉमी बैरोमीटर नाम से एक तथ्य पत्र जारी किया है।

इस दस्तावेज में 25 प्रमुख आर्थिक संकेतकों के आधार पर यह दावा किया गया है कि पिछले एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय विस्तार दर्ज किया है। पार्टी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार नाममात्र जीडीपी लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास पहुंच गई है, जबकि विश्व जीडीपी रैंकिंग में भारत 10वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंचा बताया गया है। प्रति व्यक्ति आय, विदेशी मुद्रा भंडार और निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख किया गया है। तथ्य पत्र में यह भी दर्शाया गया है कि शेयर बाजार सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में कई गुना बढ़ोतरी हुई है तथा बाजार पूंजीकरण 1.6 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। वार्षिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 30-35 अरब डॉलर से बढ़कर 75-85 अरब डॉलर तक पहुंचने का दावा किया गया है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में यूपीआई लेनदेन शून्य से बढ़कर 15 से 18 अरब प्रति माह तक पहुंचने और जीएसटी संग्रह 1.7 से 2 लाख करोड़ रुपए मासिक के स्तर तक पहुंचने का उल्लेख किया गया है। बैंक एनपीए अनुपात में गिरावट और मुद्रास्फीति दर में कमी को भी प्रमुख उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया गया है।

इसके अलावा बुनियादी ढांचे के विस्तार को भी प्रमुखता दी गई है। दस्तावेज के अनुसार हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 160 से अधिक हो गई है, राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 91 हजार किलोमीटर से बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर तक पहुंची है तथा रेलवे और केंद्रीय पूंजीगत व्यय में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। स्टार्टअप की संख्या 500 से कम से बढ़कर दो लाख से अधिक बताई गई है, जबकि जनधन खातों की संख्या 10 करोड़ से बढ़कर 55 करोड़ तक पहुंचने का दावा किया गया है।

## प्राचीन कला केंद्र की 316वीं मासिक बैठक में भरतनाट्यम नृत्य की धूम

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** प्राचीन कला केंद्र द्वारा आयोजित की जाने वाली मासिक बैठकों की श्रृंखला की 316वीं कड़ी में केंद्र के 35 स्थित एमएल कौसर सभागार में प्रतिभावान भरतनाट्यम नर्तकी शिल्पा ने शहर के संगीत प्रेमियों को एक अद्भुत संगीतमय आनंद प्रदान किया।

शिल्पा एक युवा व प्रतिभावान कलाकार के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं, संगीत नाटक अकादमी में बतौर प्रोग्राम ऑफिसर कार्यरत शिल्पा ने अल्पायु से ही नृत्य सीखना शुरू किया और इन्होंने गुरु मुनिस्वामी एवं गुरु शुभारानी भोलार से नृत्य की शिक्षा प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत राग: नट्टई 7 ताल: आदि में निबद्ध गणेश कौथ्वम से की, जिसमें हाथी के सिर वाले भगवान, श्री गणेश की मौजूदगी का आह्वान किया गया। इस प्रस्तुति में बाधाओं को दूर करने वाले और शुभ शुरुआत के संदेशवाहक, भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र के रूप में, गणेश सर्वोच्च विघ्नहर्ता के रूप में खड़े हैं। इस कौथ्वम में, शिल्पा भगवान के राजसी रूप को दिखाती हैं, जिनकी मौजूदगी ही जगह को पवित्र कर देती है। लयबद्ध अक्षरों और सुंदर भावों के द्वारा वह उनके दिव्य गुणों के बारे में बताती हैं और सभी अंदरूनी और बाहरी रुकावटों को दूर करने के लिए उनका आशीर्वाद मांगती है।

इसके उपरांत तिश्र अलारिप्पु पेश किया गया, जो कि ताल: तिश्र से सजा भरतनाट्यम के एक पारंपरिक क्रम को दिखाता है। शुद्ध नृत्त की इस प्रस्तुति में कोई कहानी नहीं है। इस में पारंपरिक नृत्य की ताल, लय आधारित एक केंद्रीय प्रस्तुति है। इस प्रस्तुति में शिल्पा आंखों व गर्दन की हल्की गति से शुरू करके, कंधों और पैरों की चालों का सुन्दर प्रस्तुतिकरण ईश्वर, गुरु और दर्शकों के समक्ष खुद को ताल लय से पेश करके खूब तालियां बटोरी।

**निर्देश** सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य और महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं पर जोर

# शहरी क्षेत्रों में स्कूल खोलने के लिए किया जाएगा सर्वे

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ती हुई आबादी के मध्येनजर बच्चों को शिक्षा मुहैया करवाने के लिए स्कूल खोलने के लिए सर्वे किया जाए। मुख्यमंत्री सैनी बुधवार को राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सांसद धर्मबीर सिंह, नवीन जिन्दल सहित कई विधायक मौजूद रहे। बैठक से सभी जिला के अधिकारी भी ऑनलाइन जुड़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा गत वर्ष स्कूल छोड़ चुके 34 हजार बच्चों में से 18796 बच्चों को 6 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उनमें से 15386 बच्चों को मुख्यधारा में लाया गया। इसके अलावा फरीदाबाद के सेक्टर 37 में स्कूल भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए हर जिले में मॉडल संस्कृति स्कूल खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर ग्रहणी योजना का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रदेश को टीबी मुक्त और एनीमिया मुक्त करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अलावा प्रदेश में नेचुरोपैथी सुविधाएं बढाई जाए ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में 98726 मकान बनाने के लक्ष्य अनुसार 652 करोड़ रुपए की राशि से 76275 मकान स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 41491 पूरे हो चुके हैं तथा शेष निर्माणाधीन हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना में 67649 मकान बनाए जाएंगे। इसमें से 703 करोड़ रुपये की लागत से 33690 मकान बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल विभाग द्वारा 257 खेल स्टेडियम के नवीनीकरण पर 314 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1025 व्यायामशालाएं एवं इंडोर जिम बनाए गए हैं।

### विकास योजनाओं का लाभ देना सरकार का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति तक विकास का लाभ पंहुचा रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित 'समर्पण दिवस' कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता। हरियाणा में भी 'अंत्योदय दर्शन' पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए भोजन, कपड़ा, आवास, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गरीब कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए है।

# डबल सुपर ओवर में जीता साउथ अफ्रीका

## अफगानिस्तान की टीम को 6 बॉल पर चाहिए थे 24 रन, 19 रन ही बना सकी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 13वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में हराकर 'ग्रुप ऑफ डेथ' से बाहर होने से खुद को बचा लिया। दोनों टीमों ने निर्धारित 20 ओवर में 187-187 रन बनाए, जिसके बाद मैच सुपर ओवर में गया और फिर दूसरा सुपर ओवर खेला गया।

**◆ रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर खुद को 'ग्रुप ऑफ डेथ' से बाहर होने से बचाया**

अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी और एक विकेट शेष था। कागिसो रबाडा ने दबाव में दो नो-बॉल फेंकी, जिससे मुकाबला बराबरी पर पहुंच गया। रन लेने में हुई एक गलती के कारण मैच टाई हो गया और सुपर ओवर की नौबत आई। मैच टाई होने के बाद फैसला सुपर ओवर में चला गया। पहले सुपर ओवर में भी मैच 17 रन पर टाई हो गया। इसके बाद दूसरा सुपर ओवर खेला गया। दक्षिण अफ्रीका ने इसमें 23 रन बनाए। अफगानिस्तान को जीत के लिए 24 रन चाहिए थे, लेकिन टीम 19 रन ही बना पाई। (अनंत ज्ञान)



### पहला सुपर ओवर

**पहले** सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 17-17 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 रन बनाए। जवाब में ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मैच को दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया।

### दूसरा सुपर ओवर

**दूसरे** सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत 23 रन बनाए। अफगानिस्तान को 24 रन का लक्ष्य मिला। केशव महाराज की गेंदबाजी में मोहम्मद नबी आउट हुए, लेकिन गुरबाज ने लगातार तीन छक्के जड़कर उम्मीद जगाई। आखिरी गेंद पर छह रन की जरूरत थी, लेकिन गुरबाज़ पॉइंट पर कैच आउट हो गए और अफगानिस्तान की उम्मीदें टूट गईं।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी

**टॉस** जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी अफगान टीम ने शुरुआत में ऐडन मार्करम का विकेट झटका। इसके बाद क्विंटन डी कॉक (59 रन, 41 गेंद) और रयान रिकेल्टन (61 रन, 28 गेंद) ने शानदार साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। डी कॉक टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए (737 रन)। राशिद खान ने दोनों सेट बल्लेबाजों को आउट कर मैच में वापसी कराई। अंत में डेविड मिलर (नाबाद 20) और मार्को यानसन (16 रन, 7 गेंद) की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 187/6 का स्कोर खड़ा किया। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 3 विकेट लिए।

### अफगानिस्तान की पारी

**रहमानुल्लाह** गुरबाज (84 रन, 42 गेंद) और इब्राहिम जादरान ने तेज शुरुआत दी। हालांकि बीच के ओवरों में लुंगी एनगिडी और रबाडा ने विकेट लेकर दबाव बनाया। कप्तान राशिद खान ने 20 रन की तेज पारी खेली, लेकिन आखिरी ओवर के रोमांच ने मुकाबले को टाई करा दिया। अंततः डबल सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने बाजी मार ली और अफगानिस्तान को दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

# अभिषेक शर्मा की तबीयत बिगड़ने से टेंशन में इंडिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन भारत को वीरवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है, लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा, क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।



**◆ आज नामीबिया, तो 15 को पाकिस्तान से होगा मुकाबला**

अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है, जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है। भारत अगर टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करना चाहेगा ताकि उसके बल्लेबाजों को पर्याप्त अवसर मिल सके। नामीबिया का गेंदबाजी आक्रमण खास नहीं है और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रही कोई भी टीम उसको छठी का दूध याद दिला सकती है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के पहले मुकाबले से बाहर हुए मिचेल मार्श

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान मिचेल मार्श ग्रोइन (जांघ के ऊपरी हिस्से) में चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से कुछ घंटे पहले यह जानकारी बयान जारी कर दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार मार्श को इस सप्ताह ट्रेनिंग सत्र के दौरान ग्रोइन पर सीधा प्रहार लगा था, जिसके बाद उन्हें लगातार दर्द और असहजता महसूस हो रही है। बयान में कहा गया है कि स्कैन रिपोर्ट में आंतरिक टेस्टिकुलर ब्लीडिंग (अंडकोष में अंदरूनी रक्तस्राव) की पुष्टि हुई है। फिलहाल उनकी गतिविधियां सीमित हैं और उन्हें आराम व पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) की आवश्यकता होगी। उनकी मैदान पर वापसी पूरी तरह लक्षणों में सुधार और मेडिकल सलाह पर निर्भर करेगी। इस बीच चयनकर्ताओं ने स्टैंडबाय में शामिल अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को कवर के तौर पर श्रीलंका रवाना होने के लिए बुलाया है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे टीम के साथ जुड़ सकें और परिस्थितियों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के चेहरे की हुई सर्जरी

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की चेहरे की सफल सर्जरी हो गई है। स्टोक्स को क्रिकेट बॉल गाल पर लगने से उनके चेहरे पर काफी चोट आई थी। 34 साल के स्टोक्स ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए मजाकिया अंदाज में लिखा, हो सकता है ऐसा न लगे...लेकिन सर्जरी सफल रही। पिछले हफ्ते, उन्होंने अपनी चोट की जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, आपको गेंद की हालत देखनी चाहिए। क्रिकइंफो के अनुसार, जब स्टोक्स को चोट लगी, तब वे बैटिंग या बॉलिंग नहीं कर रहे थे, बल्कि नेट्स सेशन के दौरान साइड में खड़े थे। ऑलराउंडर स्टोक्स पिछले महीने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के दौरान एडक्टर इंजरी के कारण मैदान छोड़ने के बाद से क्रिकेट से बाहर हैं। स्टोक्स ने 2023 वर्ल्ड कप के बाद से इंग्लैंड के लिए कोई भी व्हाइट-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है। मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप, जो भारत और श्रीलंका में चल रहा है, उसके लिए भी उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### आईएसएल 2025-26 के लिए पंजाब एफसी की 27 सदस्यीय टीम घोषित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 सीजन के लिए अपनी 27 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह क्लब का भारत की शीर्ष फुटबॉल लीग में तीसरा सीजन होगा। 'शेर' अपना अभियान 21 फरवरी को जमशेदपुर में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ शुरू करेंगे, जबकि पहला घरेलू मुकाबला 9 मार्च को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ खेला जाएगा। मुख्य कोच पानायोटिस डिलम्पेरिस ने युवा और अनुभव के संतुलन वाली टीम का चयन किया है। उन्होंने पिछले आईएसएल सत्र, डूरंड कप और एआईएफएफ सुपर कप में खेलने वाली कोर टीम को बरकरार रखा है। विदेशी खिलाड़ियों में दानी रामिरेज़, समीर जेल्जकोविच, न्सुंगुसी जूनियर एफिओंग, बेडे अमराची ओसुजी और पाब्लो रेनान डॉस सैंटोस शामिल हैं। क्लब की अकादमी से सात खिलाड़ियों को टीम में जगह दी गई है। मोहम्मद सुहैल एफ, प्रमवीर सिंह, मैंगलेंथांग किपगेन, विशाल यादव और सिंगमयुम शामी पहले ही सीनियर टीम में पदार्पण कर चुके हैं, जबकि आयुष देशवाल और थौंगाम्बा सिंह उशाम इस सीजन टीम से जुड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

### कनाडाई पोल वॉल्टर अलीशा न्यूमैन

**कनाडाई** पोल वॉल्टर अलीशा न्यूमैन ने पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। 1994 में जन्मी, यह राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और तीन बार की ओलंपियन खेल के साथ-साथ ओन्लीफैंस के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने के लिए भी जानी जाती हैं।



# बांगड़ ने कहा-बेखौफ होकर खेलना जारी रखे टीम इंडिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि भारत को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है और उसे अपना बेखौफ रवैया जारी रखना चाहिए जिसके कारण उसने काफी सफलता हासिल की हैं। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए अपने पहले मैच में भारत 13वें ओवर में 77 रन पर छह विकेट खो बैठा था, लेकिन फिर भी उसने अमेरिका पर 29 रन से जीत हासिल की।



संजय बांगड़ ने जिओ हॉटस्टार के एक कार्यक्रम में कहा,'मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाजों को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ जो हुआ उसका बहुत अधिक विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि टी20 क्रिकेट में आजकल जिस तरह से भारतीय बल्लेबाज खेल रहे हैं उसमें निश्चित तौर पर जोखिम भरा हुआ है।'

उन्होंने कहा, 'किसी दिन जब दो-तीन विकेट गिर जाते हैं और आप फिर भी आक्रामक खेलना चाहते हैं, तो एक साथ कई विकेट गिर सकते हैं। अगर इससे कुछ सीख मिलती है तो वह यह है कि शायद थोड़ा धीमा खेलें, लेकिन अपने दृष्टिकोण को लेकर ज्यादा संशय न रखें, क्योंकि बेखौफ होकर खेलने के कारण ही आपको इतनी सफलता मिली है।' बांगड़ ने कहा कि अपनी क्षमताओं पर भरोसा बनाए रखें और उसी तरह खेलते रहें जिस तरह से भारतीय बल्लेबाजी इकाई ने पिछले 18 महीनों में टी20 क्रिकेट खेला है।' (अनंत ज्ञान)

# भारत में न खेलने का फैसला खिलाड़ियों और बीसीबी ने लिया था : आसिफ नजरुल

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने अब यू-टर्न लेते हुए कहा कि भारत में टी-20 विश्व कप के मैच नहीं खेलने का फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों ने लिया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि यह फैसला सरकार की सुरक्षा चिंताओं से प्रेरित था। बांग्लादेश ने भारत में होने वाले अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था जिसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नामंजूर कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड ने ली। आईसीसी में हालांकि बांग्लादेश को दंडित न करने का निर्णय लिया है। बांग्लादेश की टीम को बाहर करने से पहले आईसीसी के साथ असफल बातचीत के दौरान नजरुल ने मुख्य भूमिका निभाई थी और उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण टीम को न भेजना बांग्लादेश सरकार का विशेषाधिकार है। 'क्रिकबज' से नजरुल के हवाले से कहा, 'विश्व कप में नहीं खेलने पर अफसोस का कोई सवाल ही नहीं है। यह फैसला बीसीबी और खिलाड़ियों ने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, जनता की सुरक्षा और राष्ट्रीय गरिमा की रक्षा के लिए लिया था।' (अनंत ज्ञान)

# जिन लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, आज वही स्वागत करते हैं: दीप्ति जीवनजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स-2025 से पहले दीप्ति जीवनजी ने एक साक्षात्कार में बताया कि कभी ऐसा समय था, जब लोगों ने मेरे माता-पिता को सलाह दी थी कि मुझे कहीं दूर भेज दिया जाए। मेरे हाव-भाव का मजाक उड़ाया गया, भविष्य पर सवाल उठाए गए और मेरी क्षमता को शुरुआत में ही खारिज कर दिया गया, लेकिन आज मैं देश के लिए पदक जीतने की दौड़ में हूं और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।



दीप्ति ने बताया कि किसी ने नहीं सोचा था कि स्कूल के मैदान में दौड़ने वाली यह लड़की एक दिन 400 मीटर स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। कम उम्र में बौद्धिक दिव्यांगता का पता चलने के बाद दीप्ति को समाज की फुसफुसाहटों और तानों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके माता-पिता ने हार नहीं मानी। दीप्ति कहती हैं, 'अगर मेरे माता-पिता लोगों की बात सुन लेते, तो मैं आज यहां नहीं होती। उन्होंने डर नहीं, बल्कि प्यार चुना।' उनकी जिंदगी का टर्निंग प्वाइंट तब आया जब स्कूल के एक शारीरिक प्रशिक्षक ने उनकी रफ्तार को पहचाना। इसके बाद परिवार ने आर्थिक तंगी के बावजूद उन्हें हैदराबाद में पेशेवर प्रशिक्षण दिलाने का फैसला किया। 'जब मैं पहली बार हवाई जहाज में बैठी तो रो पड़ी थी। कभी नहीं सोचा था कि जिंदगी मुझे यहां तक ले आएगी।' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक और सम्मान मिलने के साथ समाज का नजरिया भी बदला। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करना उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एक मजबूत संदेश था। वह कहती हैं, 'जिन लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, आज वही मेरा स्वागत करते हैं। तानों का जवाब शब्दों से नहीं, मेहनत से देना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

# सिलिच एटीपी टूर पर 600 जीत हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी

**एजेंसी, डलास**

पूर्व यूएस ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने एटीपी टूर पर अपने करियर की 600वीं जीत दर्ज कर एक खास उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही वह सक्रिय खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (1,168 जीत) के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। 37 वर्षीय सिलिच ने मंगलवार को डलास ओपन में अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन को 7-5, 7-6(4) से हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। इस जीत के साथ उन्होंने अपने हमवतन और दिग्गज खिलाड़ी गोरान इवानिसेविच (599 जीत) के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया।



लगातार चोटों से जूझते रहे सिलिच ने इस उपलब्धि को अपनी प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ साल बेहद मुश्किल रहे। कई चुनौतियों से जूझना पड़ा। इस स्तर पर वापसी करना और लर्नर जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी के खिलाफ अच्छा खेलना बेहद सुखद है। 600 जीत का आंकड़ा मेरे टेनिस के प्रति समर्पण को दर्शाता है।' साल 2014 में फ्लशिंग मीडोज में अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सिलिच ने 2023 में दाहिने घुटने के लेटरल मेनिस्कस की चोट के बाद सर्जरी कराई थी। रिकवरी में आई दिक्कतों के चलते 2024 में उन्हें एक और सर्जरी से गुजरना पड़ा। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर तीन ने शानदार वापसी करते हुए पिछले साल विंबलडन के चौथे दौर और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर तक जगह बनाई। डलास ओपन में सिलिच का अगला मैच एक और अमेरिकी खिलाड़ी से होगा, जहां उनका सामना ट्रेवर स्वाज्दा या ईथन क्विन में से किसी एक से हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से दी मात

**एजेंसी, कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत हासिल कर ली है। टीम ने 14वें मैच में आयरलैंड को 67 रनों से हराया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए ग्रुप-बी के इस मैच में कंगारुओं ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कंगारुओं ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाबी पारी में आयरलैंड ने 16.5 ओवर में 9 विकेट पर 115 रन ही बना सकी। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने 4-4 विकेट झटके। एक विकेट मैथ्यू कुहनेमन को मिला। कप्तान पॉल स्टर्लिंग पहली बॉल पर रिटायर हर्ट हो गए हैं। वे बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। जॉर्ज डॉकरेल ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। लोरकन टकर ने 24 रन का योगदान दिया। शेष बैटर्स खास प्रदर्शन नहीं कर सके। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्कस स्टोयनिस ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। जोश इंग्लिस और मैट रैनशॉ ने 37-37 रन बनाए। आयरलैंड की ओर से मार्क अडायर ने 2 विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज, जॉर्ज डॉकरेल और हैरी टेक्टर ने एक-एक विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

**◆ 183 रन के लक्ष्य का पीछा करती आयरलैंड की टीम 115 पर ढेर**

## एशियन चैंपियनशिप 2026 में पुरुष मुकाबले

# अनीश ने 25 मी. रैपिड फायर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय निशानेबाज अनीश भानवाला ने एशियन चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। बुधवार को खेले गए फाइनल में 23 वर्षीय अनीश ने 23 हिट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कजाखस्तान के निकिता चिर्यूकिन ने 28 हिट्स के साथ रजत पदक जीता, जबकि जापान के योशियोका दाई ने 31 हिट्स के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल के निर्णायक चरण से पहले तीनों पदक विजेता 21-21 हिट्स के साथ बराबरी पर थे। पेनल्टीमेट सीरीज में चिर्यूकिन ने पांच में से चार निशाने साधकर दबाव बनाया। इसके जवाब में दाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परफेक्ट सीरीज लगाई और बढ़त हासिल कर ली। 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अनीश इस चरण में केवल दो हिट्स ही कर सके और पदक दौड़ में तीसरे स्थान पर रहे। अंतिम सीरीज में क्वालीफिकेशन टॉपर चिर्यूकिन ने तीन हिट्स लगाए। दाई को स्वर्ण पक्का करने के लिए सिर्फ बराबरी की जरूरत थी लेकिन 40 वर्षीय जापानी निशानेबाज ने लगातार दूसरी परफेक्ट सीरीज लगाकर अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। फाइनल में पहुंचे अन्य भारतीय निशानेबाज आदर्श सिंह ने 11 हिट्स के साथ छठा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



**◆ फाइनल में 23 हिट्स के साथ तीसरा स्थान पाया**

# प्रीमियर लीग : लीड्स यूनाइटेड ने चेल्सी को 2-2 की बराबरी पर रोका

**एजेंसी, लंदन**

प्रीमियर लीग में लगातार पांचवीं जीत की ओर बढ़ रही चेल्सी को लीड्स यूनाइटेड ने जोरदार वापसी करते हुए 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में चेल्सी ने 2-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन लीड्स ने छह मिनट के भीतर दो गोल दागकर मैच ड्रॉ करा लिया। इस ड्रॉ के साथ ही चेल्सी ने इस सीजन में जीत की स्थिति से 17 अंक गंवा दिए हैं, जिनमें से 15 अंक घरेलू मैदान पर हाथ से निकले हैं।



कोच लियाम रोसेनियर, जो एंजो मारेस्का की जगह लेने के बाद से टीम को लगातार जीत दिला रहे थे, इस परिणाम से निराश दिखे। चेल्सी ने 24वें मिनट में बढ़त बनाई जब जोआओ पेड्रो ने कोल पामर के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए गोल किया। यह रोसेनियर के कार्यकाल में उनका छठा गोल था। 58वें मिनट में पामर ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। यह पेनल्टी जोआओ पेड्रो को लीड्स के डिफेंडर जाका बिजोल द्वारा धक्का दिए जाने के बाद मिली। हालांकि, 67वें मिनट में लुकास नेमेचा ने पेनल्टी को गोल में बदलकर लीड्स को मुकाबले में वापस ला दिया। इसके छह मिनट बाद, 73वें मिनट में चेल्सी की डिफेंसिव चूक का फायदा उठाते हुए सब्स्टीट्यूट नोआ ओकाफोर ने खाली पोस्ट में गेंद डालकर स्कोर 2-2 कर दिया। अंतिम मिनटों में चेल्सी ने लगातार आक्रमण किए, लेकिन इंजरी टाइम में कोल पामर दो गज की दूरी से गोल करने से चूक गए। इसके चलते चेल्सी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर बनी हुई है, जबकि मैनचेस्टर यूनाइटेड उससे एक अंक आगे है। (अनंत ज्ञान)

## आइस हॉकी

## लाहौल-स्पीति की विधायक ने काजा में किया आइस हॉकी स्पीति कप टूर्नामेंट का समापन

# प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रयासरत: अनुराधा

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, कुल्लू/काजा।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बुधवार को काजा में आयोजित 5 दिवसीय आइस हॉकी स्पीति कप प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि काजा में आइस स्केटिंग गतिविधियां पिछले 6 सालों से आयोजित की जा रही हैं और पिछले दो वर्षों से यहां पर आइस हॉकी स्पीति कप प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन से युवाओं का रुझान इस खेल के प्रति बढ़ेगा तथा जिले के युवाओं को विभिन्न आइस स्केटिंग खेलों में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। खेल आयोजनों से क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ पर्यटकों का भी स्वस्थ मनोरंजन होता है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों से स्पीति में आने वाले पर्यटकों की आमद भी बढ़ती है और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है तथा जनजातीय जिला लाहौल स्पीति सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी खेल मैदान और स्टेडियमों के निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा रही है।

विधायक ने कहा कि आइस हॉकी एसोसिएशन स्पीति द्वारा आइस हॉकी से संबंधित विभिन्न उपकरणों के लिए 10 लाख रुपए की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि अब तक 7 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है और उन्होंने शेष 3 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। अनुराधा राणा ने कहा कि आने वाले समय में 8.50 करोड़ रुपए की राशि व्यय कर काज़ा में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि यहां के युवाओं को खेलने में सुविधा मिल सके। अंत में विधायक ने प्रतियोगिता के विजेताओं व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।



विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करतीं विधायक अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

### स्पर्धा में स्पीति घाटी के चारों जोनों ने लिया भाग

**प्रतियोगिता** में स्पीति घाटी के चारों जोनों से महिला व पुरुष खिलाड़ियों के अलावा अंडर 18 ब्वॉयज एंड गर्ल्स खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त आइस हॉकी स्पीति कब प्रतियोगिता में जिला शिमला, किन्नौर और लाहौल स्पीति की विभिन्न टीमों ने भी भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता में लगभग 270 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इसमें जो बच्चे एवं युवा चयनित होंगे उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका भी मिलेगा।